RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 10 अंक 26
नई दिल्ली, मंगलवार, 30 नवंबर, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



मैं सिनेमा का हिस्सा बनना चाहती हूं
विविध-12

# सत्र के पहले दिन 12 विपक्षी सांसद निलंबित

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**संसद के** शीतकालीन सत्र के पहले दिन सोमवार को सरकार की ओर से लाए गए प्रस्ताव के जरिए विपक्ष के 12 सांसदों को राज्यसभा से निलंबित कर दिया गया। मानसून सत्र के दौरान उनके कदाचार और अमर्यादित व्यवहार के लिए सत्र के शेष भाग के लिए निलंबन होगा। विपक्षी दलों के नेताओं ने एक साथ 12 सदस्यों के निलंबन को अनुचित और अलोकतांत्रिक बताते हुए कड़ी निंदा की और कहा कि राज्य सभा की प्रक्रिया के सभी नियमों का उल्लंघन करते हुए यह कदम उठाया गया है।

निलंबित सदस्यों ने आरोप लगाया कि संसद के सदस्यों के निलंबन पर नियम कहता है कि एक सदस्य को सत्र के शेष दिनों से अधिक समय के लिए निलंबित नहीं किया जा सकता है। कुछ सदस्यों ने निलंबन नियम के नियम 256 के अंश को सोशल मीडिया पर भी पोस्ट किया। निलंबित सदस्यों में कांग्रेस के छह, टीएमसी और शिवसेना के दो-दो और सीपीएम और सीपीआई के एक-एक सदस्य हैं। कांग्रेस के छह निलंबित सदस्यों में फूलो देवी नेताम, छाया वर्मा, रिपुन बोरा, राजमणि पटेल, सैयद नासिर हुसैन और अखिलेश प्रसाद सिंह शामिल हैं, जबकि शिवसेना की प्रियंका चतुर्वेदी और अनिल देसाई हैं। इसके अलावा टीएमसी की डोला सेन और शांता

- मानसून सत्र में हंगामा करने के लिए हुई कार्रवाई, विपक्ष का भारी हंगामा
- शेष सत्र के लिए निलंबित रहेंगे कांग्रेस के छह, टीएमसी व शिवसेना के दो-दो और सीपीएम व सीपीआई के एक-एक सदस्य

छेत्री, सीपीएम से एलाराम करीम और सीपीआई से बिनॉय विश्वम बाकी सत्र के लिए निलंबित अन्य सदस्य हैं। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह ने सदस्यों के निलंबन की घोषणा की और सदन को मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दिया। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने प्रस्ताव पेश किया और विपक्ष के विरोध के बावजूद ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। ये 12 सदस्य शेष वर्तमान सत्र के लिए निलंबित रहेंगे। शिवसेना से निलंबित सदस्य प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि डरी हुई सरकार संसद की नियम पुस्तिका को तोड़-मरोड़ कर विपक्ष को चुप करा रही है।



सोमवार को लोकसभा में बोलते कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर

मानसून सत्र के दौरान जब विपक्षी सदस्य तीन कृषि विधेयकों का विरोध कर रहे थे, उस समय सदन में भारी हंगामा हुआ था। मॉनसून सत्र के अंतिम दिन अराजक दृश्य देखा गया था और मार्शलों को बुलाया गया था, क्योंकि विपक्षी सदस्यों ने विभिन्न मुद्दों पर विरोध किया था। सरकार ने विपक्ष पर न केवल सदन के वेल में अनियंत्रित दृश्य पैदा करने का आरोप लगाया था, बल्कि उनमें से कुछ पर सदन में एक महिला मार्शल के साथ मारपीट करने का भी आरोप लगाया था। विपक्ष ने आरोप लगाया था कि अतिरिक्त लोगों को बुलाया गया और कुछ नेताओं ने हमला किया। बीते 11 अगस्त को सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित होने के तुरंत बाद, उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने तथाकथित अनियंत्रित नेताओं के खिलाफ कई विकल्पों पर विचार किया था। सात मंत्रियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें एक ज्ञापन सौंपा था, जिसमें इन विपक्षी सदस्यों के खिलाफ सदन में अभूतपूर्व, चरम और हिंसक कृत्यों के लिए कार्रवाई की मांग की गई थी। कार्रवाई की मांग करने वाले मंत्रियों में पीयूष गोयल, प्रह्लाद जोशी, मुख्तार अब्बास नकवी, धर्मेंद्र प्रधान, भूपेंद्र यादव, अर्जुन राम मेघवाल और वी मुरलीधरन थे। बैठक के दौरान राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश भी मौजूद थे।

## तीन कृषि कानूनों की वापसी वाला विधेयक संसद से पारित

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**संसद** के शीतकालीन सत्र के पहले दिन सोमवार को विपक्ष के शोरगुल के बीच तीन विवादास्पद कृषि कानूनों को खत्म करने संबंधी एक विधेयक बिना चर्चा के दोनों सदनों में पारित हो गया। विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण आज लोकसभा को दो बार एवं राज्यसभा को चार बार के स्थगन के बाद पूरे दिन के लिए स्थगित कर दिया गया। कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कृषि विधि निरसन विधेयक 2021 को दोनों सदनों में पेश किया। उन्होंने राज्यसभा में कहा, सरकार और विपक्षी दल दोनों ही इन कानूनों की वापसी चाहते हैं इसलिए कृषि कानून निरसन विधयक पर कोई चर्चा करने की जरूरत नहीं है। लोकसभा में इस विधेयक को बिना चर्चा के पारित कराए जाने का विरोध करते हुए कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि आज सदन में नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। इस विधेयक को चर्चा के बाद पारित कराने की बात कही गई लेकिन इस पर सरकार चर्चा क्यों नहीं करना चाहती है? जब विपक्षी सदस्यों ने निरसन विधेयक पर चर्चा कराए जाने की मांग की तो लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि सदन में व्यवस्था नहीं है और इस हालात में चर्चा कैसे कराई जा सकती है। उन्होंने कहा, आप (विपक्षी सदस्य) व्यवस्था बनाएं तब चर्चा कराई जा सकती है। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने निरस्त किए जा रहे तीनों कानूनों को काला कानून करार देते हुए कहा, एक साल तीन महीने के बाद आपको (सरकार) ज्ञान प्राप्त हुआ और आपने कानूनों को वापस लेने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि इस किसान आंदोलन से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सभी लोग जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि जब इस विधेयक का प्रस्ताव आया था विभिन्न गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ), किसान संगठनों ने भी इसका विरोध किया गया था। खड़गे ने कहा, इसे वापस लेने की मांग को लेकर आंदोलन चल रहा था और सारे देश में इन कानूनों के खिलाफ माहौल बन गया तथा उपचुनावों में इसका प्रभाव दिखा। अब पांच राज्यों में चुनाव हैं। उपचुनाव में ऐसे परिणाम हैं तो पांच राज्यों में परिणाम क्या होंगे। 700 किसान मर चुके हैं। (शेष पेज 9)

## ओमीक्रोन का वैश्विक स्तर पर बढ़ा खतरा

एपी। ब्रसेल्स

**दुनिया** भर के देशों ने सोमवार को यात्रा पाबंदियों और अन्य प्रतिबंधों के साथ कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन को दूर रखने का प्रयास किया लेकिन अब भी यह स्पष्ट नहीं है कि कोविड-19 महामारी के लिए इसके क्या मायने हैं। जापान ने घोषणा की कि वह सभी विदेशी आगंतुकों के प्रवेश को निलंबित करेगा। वहीं कुछ दिनों पहले दक्षिण अफ्रीका में अनुसंधानकर्ताओं द्वारा पहचाने गए इस नए स्वरूप के नए मामले हांगकांग, ऑस्ट्रेलिया और पुर्तगाल में सामने आए हैं।

पुर्तगाली अधिकारी इस बात की जांच कर रहे हैं कि क्या वहां सामने आए कुछ मामले दक्षिणी अफ्रीका के बाहर स्थानीय प्रसार के पहले मामले हैं। इस नए स्वरूप के मामले पूरी दुनिया में सामने आने के बाद यह पता चलता है कि इसे वैश्वीकृत दुनिया में एक जगह सीमित करना लगभग असंभव है। फिर भी, कई देश ऐसा प्रयास कर रहे हैं। वैसे, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा है कि सीमाओं को बंद होने का अक्सर सीमित प्रभाव होता है, लेकिन यह जीवन और आजीविका पर कहर बरपा सकता है। कुछ लोगों की दलील है कि इस तरह के प्रतिबंध अभी भी नए स्वरूप का विश्लेषण करने के लिए समय प्रदान कर सकते हैं। इस नए स्वरूप के बारे में



- कोरोना के नए स्वरूप को रोकने के लिए प्रयासरत हैं दुनिया के विभिन्न देश

जानकारी बहुत कम है, जिसमें यह शामिल है कि क्या यह अधिक संक्रामक है, क्या इससे गंभीर बीमारी होने की अधिक आशंका है या यह टीकों की सुरक्षा कवच को बेअसर करने में अधिक सक्षम है।

कोविड-19 के खिलाफ प्रारंभिक वैश्विक प्रतिक्रिया को धीमी और बेतरतीब बताकर आलोचना की गई थी, नए स्वरूप पर प्रतिक्रिया जल्दी आई है। यूरोपीय संघ आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वोन डेर लेएन ने दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा की प्रशंसा करते हुए कहा, इस बार दुनिया ने दिखाया कि यह सीख रहा है। दक्षिण अफ्रीका का विश्लेषणात्मक कार्य और पारदर्शिता और इसके परिणामों को साझा करना एक तेज वैश्विक प्रतिक्रिया के लिए जरूरी था। (शेष पेज 9)

## डॉ. मित्रा को राज्यसभा में श्रद्धांजलि

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**राज्यसभा** ने सोमवार को पूर्व सांसद और द पायनियर के संपादक डॉ. चंदन मित्रा को श्रद्धांजलि दी। डॉ. मित्रा का इसी साल 1 सितंबर को 66 साल की उम्र में निधन हो गया था। डॉ. मित्रा के योगदान की सराहना करते हुए अध्यक्ष एम वेंकैया नायडू ने कहा कि उन्होंने जलवायु परिवर्तन, शहरी और ग्रामीण विकास, विरासत और शिक्षा से संबंधित मुद्दों पर विशेष ध्यान दिया। सदन की कार्यवाही शुरू होने के तुरंत बाद दिवंगत सांसद और प्रख्यात पत्रकार को श्रद्धांजलि देते हुए सभापति एम वेंकैया नायडू ने कहा कि सामाजिक मुद्दों और संस्कृति में गहरी रुचि ने डॉ. मित्रा को अपने आसपास की दुनिया के बारे में उदार और व्यापक दृष्टिकोण विकसित करने में सक्षम बनाया, जो पत्रकारिता में आवश्यक एक सर्वोत्कृष्ट गुण है।

डॉ. मित्रा ने अगस्त, 2003 से अगस्त, 2009 तक राज्य सभा के मनोनीत सदस्य और जून, 2010 से जून, 2016 तक मध्य प्रदेश राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले सदस्य के रूप में कार्य किया। उन्होंने वाणिज्य पर संसदीय स्थायी समिति से



डॉ. चंदन मित्रा की फाइल फोटो

**देश ने एक ऐसे अनुभवी पत्रकार और सक्षम सांसद को खो दिया जिसने जलवायु परिवर्तन, शहरी और ग्रामीण विकास, विरासत और शिक्षा जैसे मुद्दों पर विशेष ध्यान दिया : एम वेंकैया नायडू**

संबंधित विभाग के अध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया। नायडू ने कहा कि डॉ. मित्रा के निधन से देश ने एक अनुभवी पत्रकार और एक सक्षम सांसद खो दिया है। डॉ. मित्रा की पृष्ठभूमि पर नजर डालते हुए नायडू ने कहा कि उनका जन्म दिसंबर, 1954 में पश्चिम बंगाल के हावड़ा में हुआ था। डॉ. मित्रा की शिक्षा दिल्ली विश्वविद्यालय के सेंट स्टीफंस कॉलेज और ऑक्सफोर्ड विवि, यूके से हुई। (शेष पेज 9)

## थरूर की महिला सांसदों के साथ सेल्फी पर विवाद

भाषा। नई दिल्ली

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने सोमवार को छह महिला सांसदों के साथ अपनी एक सेल्फी साझा की और कहा कि कौन कहता है कि लोकसभा काम करने के लिए आकर्षक जगह नहीं है। इसको लेकर विवाद खड़ा हो गया और कुछ लोगों ने उन पर लैंगिक भेदभाव की भावना रखने का आरोप लगाया। बाद में थरूर ने कुछ लोगों को ठेस पहुंचाने के लिए माफी मांगी और कहा कि महिला सांसदों के कहने पर ही यह सेल्फी ली गई और ट्विटर पर पोस्ट की गई तथा यह सब अच्छे मिजाज के साथ किया गया। थरूर ने सुप्रिया सुले, परनीत कौर, थमीजाची थंगापंडियन, मिमी चक्रवर्ती, नुसरत जहां रूही और ज्योतिमणि के साथ सेल्फी साझा करते हुए ट्वीट किया, कौन कहता है कि लोकसभा काम करने के लिए आकर्षक स्थान नहीं है? आज सुबह अपनी छह साथी सांसदों के साथ।

कई इंटरनेट यूजर ने उन पर लैंगिक भेदभाव और आपत्तिजनक व्यवहार करने का आरोप लगाया।



संसद भवन परिसर में छह महिला सांसदों के साथ कांग्रेस सांसद शशि थरूर

राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने ट्वीट किया, आप इन्हें आकर्षण की वस्तु के तौर पर पेश करके संसद एवं राजनीतिक में इन महिला सांसदों के योगदान को कमतर कर रहे हैं। संसद में महिलाओं को वस्तु की तरह पेश करना बंद करिए। वकील करुणा नंदी और कुछ अन्य लोगों ने भी थरूर की आलोचना की। इसके बाद थरूर ने कहा, यह सेल्फी महिला सांसदों की पहल थी जो अच्छे मिजाज में ली गई थी और इन महिला सांसदों ने इसी भावना के साथ इस तस्वीर को ट्वीट करने के लिए कहा था। तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा और कुछ लोगों ने थरूर का बचाव भी किया।

## राजधानी में एहतियाती उपाय सख्ती से लागू करने के निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**दुनियाभर** में बढ़ते कोरोना के नए वैरिएंट ओमीक्रोन के खतरे के मद्देनजर राजधानी दिल्ली पूरी सतर्क हो गई है। उपराज्यपाल अनिल बैजल ने सोमवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया समेत अन्य संबंधित मंत्रियों और अधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें महामारी की वर्तमान स्थिति और प्रवृत्ति, टेस्ट और रोकथाम के उपाय, स्वास्थ्य प्रणाली की तैयारी, कोविड उपयुक्त व्यवहार और टीकाकरण की स्थिति आदि की समीक्षा की गई। विशेषज्ञों और डीडीएमए के सदस्यों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया कि कोविड उपयुक्त व्यवहार और संवर्धित टीकाकरण के सख्त प्रवर्तन के साथ-साथ परीक्षण, ट्रैक, ट्रीट और आइसोलेशन रणनीति को नए सिरे से और सख्ती से पालन किया जाए। मास्क पहनने की महत्ता को भी दोहराया गया। कोविड नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ



सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए व्यापक अभियान चलाने का फैसला भी लिया गया। स्वास्थ्य विभाग को किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे की तैयारियों की समीक्षा करने और बिस्तरों, दवाओं, ऑक्सीजन आदि की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। चूंकि, ओमीक्रोन की स्थिति अभी भी उभर रही है, इसलिए मुख्य सचिव को नागरिक उड्डयन मंत्रालय और अन्य संबंधित विभागों के बीच निरंतर संपर्क और समन्वय के लिए एक तंत्र स्थापित करने के लिए कहा। उच्च जोखिम वाले देशों के यात्रियों का 100 प्रतिशत आरटी-पीसीआर टेस्ट करने का निर्णय भी लिया गया।

### बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,260 ↑ 153 | |
| निफ्टी | 17,054 ↑ 27 | |
| सोना | 47,242 ↑ 242 | /10g |
| चांदी | 62,248 ↑ 543 | /kg |

### क्विक न्यूज

**भारतीय मूल के पराग अग्रवाल होंगे ट्विटर के नए सीईओ**

**सान फ्रांसिस्को।** ट्विटर के सह-संस्थापक जैक डॉर्सी कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) का पद छोड़ देंगे और ट्विटर के भारतीय मूल के अधिकारी पराग अग्रवाल उनकी जगह लेंगे। प्रमुख सोशल मीडिया कंपनी ने यह घोषणा की है। अग्रवाल इस समय ट्विटर के मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी (सीटीओ) है। डॉर्सी 2022 में अपना कार्यकाल पूरा होने तक निदेशक मंडल में बने रहेंगे। अग्रवाल ने ट्विटर लिखा कि वह अपनी नियुक्ति को लेकर काफी सम्मानित महसूस कर रहे है एवं खुश है और उन्होने डॉर्सी के निरंतर मार्गदर्शन एवं दोस्ती के लिए उनका आभार व्यक्त किया। आईआईटी-बंबई और स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के पूर्व छात्र अग्रवाल 2011 से ट्विटर में काम कर रहे है और 2017 से कंपनी के सीटीओ है।

## शरणार्थियों के लिए खाद्य सुरक्षा पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से पूछा सवाल

भाषा। नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय सोमवार को देश में रहने वाले अफगान, रोहिंग्या और अन्य देशों के शरणार्थियों एवं शरण चाहने वालों के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने संबंधी याचिका पर सुनवाई के लिए सहमत हो गया। न्यायमूर्ति डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति ए.एस. बोपन्ना की पीठ ने वकील फैजल अब्दाली द्वारा दायर एक याचिका पर केंद्र को नोटिस जारी किया। याचिकाकर्ता ने दलील दी कि भोजन का अधिकार अनुच्छेद 21 के तहत आता है और शरणार्थियों और शरण चाहने वालों को खाद्य सुरक्षा दी जानी चाहिए। अब्दाली ने कहा कि उनकी जानकारी के अनुसार महामारी के दौरान ऐसे शरणार्थियों को खाद्यान्न उपलब्ध कराने की कोई योजना नहीं है। पीठ ने अब्दाली की याचिका पर नोटिस तो जारी किया, लेकिन कहा कि उन्हें व्यक्तिगत तौर पर पेश नहीं होना था, क्योंकि उनके लिए एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड मौजूद है। उसके बाद एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड अमीय शुक्ला ने बहस शुरू की और कहा कि शरणार्थी भी खाद्यान्न के अधिकार के हकदार हैं, लेकिन फिलहाल उनके लिए ऐसी कोई योजना नहीं है। याचिका में कहा गया है कि कोविड-19 संकट के कारण आर्थिक मंदी ने शरणार्थियों और शरण चाहने वालों के बीच खाद्य असुरक्षा पैदा कर दी है और उनकी समस्या को कम करने के लिए उचित कदम उठाने में राज्य सरकारों की विफलताओं का उन पर गंभीर परिणाम होगा। अब्दाली ने अपनी याचिका में कहा है कि 31 जनवरी की यूएनएचसीआर फैक्टशीट के अनुसार, भारत में रहने वाले 2,10,201 शरणार्थी और शरण चाहने वाले शामिल हैं, जो दिल्ली, हरियाणा, केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर, तेलंगाना, मणिपुर और मिजोरम सहित देश के विभिन्न हिस्सों में हैं।

## क्या सेंट्रल विस्टा के निर्माण से बढ़ रहा प्रदूषण?

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**दिल्ली-एनसीआर** में प्रदूषण को लेकर एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट ने तल्ख तेवर दिखाते हुए केंद्र सरकार के सेंट्रल विस्टा परियोजना पर काम जारी रहने और उससे होने वाले प्रदूषण पर सवाल उठाया है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र से उसके सेंट्रल विस्टा परियोजना सहित निर्माण गतिविधियों से संबंधित मुद्दों पर प्रतिक्रिया देने का निर्देश दिया है। इसके अलावा दिल्ली और एनसीआर पर प्रदूषण पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए संबधित राज्य सरकारों और वायु गुणवत्ता प्रबंधन पर आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन पर अपना जवाब दाखिल करने के लिए भी कहा है।

मुख्य न्यायाधीश एनवी रमाना की अध्यक्षता वाली एक विशेष पीठ ने कहा कि यह देखते हुए कि एनसीआर और आसपास के क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के अच्छे

- सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से रिपोर्ट पेश करने को कहा

इरादे और निर्देश के बावजूद इसके परिणाम शून्य हैं। उन्होंने कहा कि पैनल के निर्देशों का तत्काल अनुपालन राज्यों द्वारा आवश्यक था और 1000 रुपये का जुर्माना लगाने या उल्लंघन करने वालों को एक दिन की जेल का आदेश जैसे दंडात्मक उपाय काम नहीं करेंगे। इस पीठ में न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति सूर्यकांत भी शामिल हैं। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह ने कहा कि सेंट्रल विस्टा जैसी बड़ी परियोजना की निर्माण गतिविधियां जोरों पर चल रही हैं और इस तरह की परियोजना नागरिकों के जीवन से अधिक महत्वपूर्ण नहीं हो सकती है। प्रस्तुतियां पर ध्यान देते



हुए पीठ ने अपने आदेश में कहा कि विकास सिंह ने दिल्ली में निर्माण गतिविधियों के संबंध में कुछ मुद्दों को उठाया है, हम सॉलिसिटर जनरल को एक हलफनामा दायर करने या केंद्र सरकार के क्षेत्र में आने वाले क्षेत्रों के बारे में निर्देश प्राप्त करने का निर्देश देते हैं। पीठ ने पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के हलफनामे पर गौर किया और प्रदूषण पर आयोग द्वारा सुझाए गए दीर्घकालिक और अल्पकालिक उपायों का हवाला दिया और दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान को बुधवार शाम तक निर्देशों के अनुपालन के संबंध में हलफनामा दाखिल करने के लिए कहा है। शीर्ष अदालत ने केंद्र, नई दिल्ली नगर परिषद के अध्यक्ष और अन्य को भी प्रदूषण पर आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन का संकेत देते हुए इसी तरह का हलफनामा दाखिल करने को कहा है।

पीठ ने कहा कि हम राज्य सरकारों को हलफनामे (केंद्र के) में दिए गए बयानों का जवाब देने का अवसर देना चाहते हैं, ताकि यह पता चले कि किन निर्देशों का पालन किया गया और किन निर्देशों का पालन नहीं किया गया है। अगर इसका पालन नहीं किया जाता है, तो हम उन्हें निर्देश देते हैं कि वे इसका तुरंत पालन करें और बुधवार शाम से पहले एक हलफनामा दाखिल करें ताकि हम गुरुवार को इस पर सुनवाई कर सकें। शुरुआत में एडवोकेट सिंह ने कहा कि बड़ी परियोजनाएं वायु प्रदूषण में मुख्य योगदानकर्ता हैं। सेंट्रल विस्टा इस देश के नागरिकों के जीवन से ज्यादा महत्वपूर्ण नहीं हो सकता। यह प्रोजेक्ट बदस्तूर जारी है। आज भी मैंने इसे चेक किया। जब इस अदालत ने प्रतिबंध लगाया है तो यह कैसे चल रहा है। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि वह स्थिति को सही ठहराएंगे। जैसा कि याचिकाकर्ता के वरिष्ठ वकील सेंट्रल विस्टा परियोजना में कथित निर्माण पर दबाव डालते रहे, पीठ ने कहा कि केंद्र को अवगत कराने के लिए कहा गया है।

# ग्रीन बेल्ट कब्जाने वाले 13 बिल्डरों व स्कूल पर सवा करोड़ रुपये का जुर्माना

● जमीन जल्द खाली न करने पर कानूनी कार्रवाई की भी चेतावनी



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट में स्थित ग्रीन बेल्ट पर अवैध कब्जा करने वाले 13 बिल्डर प्रोजेक्टों और एक स्कूल के खिलाफ ने बड़ी कार्रवाई की है।

प्राधिकरण ने इन बिल्डरों पर करीब 1.27 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। यह रकम प्राधिकरण के खाते में एक सप्ताह में जमा न करने पर आरसी रिकवरी सर्टिफिकेट जारी करने को कहा है। साथ ही प्राधिकरण ने अवैध कब्जा शीघ्र न हटाने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने अधिकांश सोसाइटियों के आसपास रोड की तरफ ग्रीन बेल्ट छोड़ रखी है। इससे हरियाली भी बरकरार रहती है और सोसाइटी की सुंदरता भी बढ़ जाती है।

बिल्डर इन ग्रीन बेल्ट का रखरखाव करने के बजाय अवैध रूप से कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ नरेंद्र भूषण के निर्देश पर उद्यान विभाग ने सभी ग्रीन बेल्ट का मुआयना किया जिसमें पता चला कि 13 बिल्डरों और एक स्कूल ने ग्रीन बेल्ट की तरफ रास्ता खोलकर कब्जाने की कोशिश की है। सभी बिल्डर प्रोजेक्ट ग्रेटर नोएडा वेस्ट में स्थित हैं।

13 बिल्डरों ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट में एनएच-24 की लिंक रोड के किनारे बनी ग्रीन बेल्ट को बिल्डरों ने कब्जाने की कोशिश की है और ब्लूम इंटरनेशनल स्कूल ने टेकजोन सेवन की ग्रीन बेल्ट में रास्ता खोलकर कब्जाने की कोशिश की है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ नरेंद्र भूषण ने इन बिल्डरों और स्कूल से सख्ती से निपटने के निर्देश दिए है। जिसके चलते उद्यान विभाग ने इन सभी पर जुर्माना लगा दिया है। इन सभी पर करीब 1.27 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है। जुर्माने की रकम एक सप्ताह में न जमा करने पर आरसी (रिकवरी सर्टिफिकेट) जारी करने की चेतावनी दी गई है। साथ ही ग्रीन बेल्ट से अवैध कब्जा शीघ्र न हटाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ नरेंद्र भूषण ने साफ कहा है कि ग्रीन बेल्ट कब्जाने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

| बिल्डर का नाम | जुर्माने |
|---|---|
| 1. सैम इंडिया ओलंपिया | 4.01 लाख |
| 2. ड्रीम विले आर्केड | 133 लाख |
| 3. गैलेक्सी प्लाजा | 1.33 लाख |
| 4. साया | 3.17 लाख |
| 5. आरजा स्क्वायर फर्स्ट | 1.74 लाख |
| 6. आरजा स्क्वायर फर्स्ट | 3.17 लाख |
| 7. आरजा स्क्वायर सेकेंड | 1.90 लाख |
| 8. ईएम बार्क | 1.90 लाख |
| 9. गौड़ सिटी | 23.41 लाख |
| 10. एनएक्स वन | 33.45 लाख |
| 11. निओ टाउन | 17.06 लाख |
| 12. निराला एस्टेट | 10.03 लाख |
| 13. निराला एस्टेट | 17.39 लाख |
| 14. ब्लूम इंटरनेशनल स्कूल | 7.35 लाख |

# ग्रेटर नोएडा में दिल्ली के कनॉट प्लेस की तर्ज पर बनेगा सबसे बड़ा गोल चक्कर

● चारों तरफ विकसित होगा बड़ा बाजार, डिजाइन तैयार



"शहर के सबसे बड़े गोल चक्कर के चारों ओर कनॉट प्लेस की तर्ज पर बाजार विकसित किया जाएगा। इसके लिए डिजाइन तैयार हो गई है। इसकी योजना निकालने के लिए तैयारी चल रही है।"



-नरेंद्र भूषण, सीईओ

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

शहर के सबसे बड़े गोल चक्कर के चारों ओर कनॉट प्लेस की तर्ज पर बाजार विकसित किया जाएगा।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने इसकी डिजाइन तैयार करवा ली है। इस बाजार को विकसित करने के लिए जल्द ही काम शुरू होगा। प्राधिकरण इसके लिए योजना निकालेगा। इसकी तैयारी चल रही है। ग्रेटर नोएडा का सबसे बड़ा गोल चक्कर चाई-फाई सेक्टर के पास है।

इस गोल चक्कर के चारों ओर व्यवसायिक जमीन पहले से आरक्षित है। इसके आसपास का इलाका बहुत ही खुला हुआ है। इस गोल चक्कर के चारों ओर कनॉट प्लेस की तर्ज पर बाजार विकसित किया जाएगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का प्रयास है कि यह बाजार इस शहर का माइलस्टोन साबित हो। इसके लिए तैयारी चल रही है। इस बाजार के विकसित होने से शहर के लोगों को बहुत ही आसानी होगी। एक ही क्षेत्र में हर तरह का सामान मिल सकेगा। घूमने फिरने की जगह मिल सकेगी

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने शारदा विश्वविद्यालय के सहयोग से आयोजित कराए गए हैकाथन में इस कनॉट प्लेस की डिजाइन तैयार करवाई गई थी। इस गोल चक्कर के चारों ओर बाजार विकसित करने के लिए डिजाइन तैयार है।

इसी डिजाइन के आधार पर इस को विकसित किया जाएगा। डिजाइन बनाने वाले बच्चों को प्राधिकरण ने सम्मानित भी किया था। जेवर एयरपोर्ट पर काम शुरू होने के साथ ही ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के इस इलाके को सबसे अधिक फायदा मिलेगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र में बसावट अभी अन्य जगहों की तुलना में कम है। जेवर एयरपोर्ट के साथ ही यहां पर हलचल तेज हो गई है। दरअसल यह इलाका ग्रेटर नोएडा जेवर एयरपोर्ट से काफी नजदीक है।

इस गोल चक्कर के आसपास दर्जनों सोसाइटी हैं। इन सोसायटी में लोग रह रहे हैं। अब यह इलाका और तेजी के साथ विकसित होगा। चाई. फ ई गोल से करीब 1 किलोमीटर की दूरी में यमुना एक्सप्रेसवे है। करीब डेढ़ किलोमीटर की दूरी पर गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय है।

यहां से 2 किलोमीटर चलकर आप नोएडा ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर पहुंच सकते हैं। ग्रेटर नोएडा शहर के लिए कई विकल्प हैं। इस इलाके में आसानी से पहुंचा जा सकता है।

ग्रेटर नोएडा में बीटा-2 स्थित मॉल का नाम ओमेक्स कनॉट प्लेस है। इसलिए पहले सबसे बड़ी गोल चक्कर के पास विकसित होने वाले इस बाजार का नाम कनॉट प्लेस के नाम पर रखने की तैयारी थी। लेकिन, अब इसका नाम बदल सकता है।

# गांवों में 8 घंटे तक रही बिजली गुल, बाजार में अंधेरा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



प्रदर्शन करते लोग।

सेक्टर-22 चौड़ा गांव और आसपास के गोवों में लोगों को लाइट ना होने के कारण परेशानी झेलनी पड़ा। वहीं नोएडा जैसे हाईटेक शहर में काफी दिनों से लाइट कटौती हो रही है।

ऊर्जा निगम से सोशल मीडिया पर लगातार बिजली की आपूर्ति की मांग की जा रही है। स्थानीय निवासी सर्वेश सिंह का कहना है बीते 15 दिनों से गांव में हर दिन घंटों तक बिजली सेवा को बाधित किया जा रहा है। रविवार के दिन ऑफिस की छुट्टी रहती है लेकिन सोमवार की सुबह से बिजली न होने के कारण आराम हराम हो गया है। चौड़ा गांव में किराए पर रह रहे धीरज कुमार का कहना है कि सुबह 11:00 बजे से वर्क फ्रॉम होम के जरिए ऑफिस का काम करना था लेकिन लाइट ना होने के कारण दफ्तर का काम ठप पड़ा हुआ है। नोएडा जैसे शहर में इस तरीके की लापरवाही हो रही है। बिजली की कटौती होने के कारण ऑफि स का काम करने में दिक्कत हो रही है।

आटा चक्की चलाने वाले विक्रेता नरेश बैरागी का कहना है कि रविवार होने के कारण अधिकतर गेहूं पीसने के लिए आता है लेकिन बिजली सुबह से गई हुई है। जिसके वजह से आटा पीसने वाली मशीन नहीं चल पा रही है।

लाइट न होने के कारण काम ठप पड़ा हुआ है। अधिकारियों को शिकायत करने के बाद भी सुनवाई नहीं हो रही है। गांव निवासी भूतदत्त शर्मा का कहना है कि नोएडा जैसे हाईजैक शहर में बिजली की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है।

## गौतम बुद्ध नगर में डेंगू के तीन नए मामले आए

**नोएडा।** जनपद गौतम बुद्ध नगर में सोमवार को डेंगू के तीन मामले सामने आए। स्वास्थ्य अधिकारी ने यह जानकारी दी।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि बीते 24 घंटे के दौरान एलाइजा जांच में तीन नये मरीजों में डेंगू की पुष्टि हुई। उन्होंने बताया कि डेंगू के छह मरीजों का अब भी अस्पताल में इलाज चल रहा है। जनपद में अब तक 639 मरीज डेंगू से संक्रमित पाए गए हैं।

# ग्रामीणों ने रोका डंपिग ग्राउंड का काम

● लोगों ने विरोध करते हुए दिया धरना

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गांव गालंद में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का विरोध लगातार बढ़ रहा है।

इस प्लांट के निर्माण को लेकर ग्रामीणों में रोष है, बाउंड्री वॉल के निर्माण के कार्यों को फिर रोक दिया गया। गाजियाबाद नगर निगम इस प्लांट का निर्माण कराना चाहता है लेकिन ग्रामीण नहीं चाहते कि इस प्लांट का यहां निर्माण हो। सोमवार को जैसे ही बाउंड्री का निर्माण कराने के लिए नगर निगम की टीम पहुंची तो ग्रामीणों ने टीम का विरोध किया और विरोध स्वरूप धरने पर बैठ गए।

फिलहाल तनाव को देखते हुए हापुड़ जिला प्रशासन ने नगर निगम को यहां बाउंड्री बनाने के लिए मना कर दिया है । बुधवार को भी ग्रामीणों ने नगर निगम की जमीन पर तैयार की गई। बाउंड्री को ध्वस्त कर दिया था।

इस मामले को लेकर ग्रामीण और हापुड़ प्रशासन के बीच तनाव चल रहा है । आपको बता दें कि यह जमीन गाजियाबाद और हापुड़ जिला की सीमा पर स्थित है, इसलिए कानून व्यवस्था को संभालने के लिए हापुड़ प्रशासन को जिम्मेदारी दी गई है। अभी तक इस मामले में नगर निगम के अवर अभियंता योगेश कुमार ने लगभग 300 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

# बिजली विभाग में 82 लाख रुपये की हेराफेरी, सहायक खजांची निलंबित

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतम बुद्ध नगर के रबूपुरा क्षेत्र के बिजली विभाग में उपभोक्ताओं के 82 लाख रुपये के कथित गबन का मामला सामने आया है।

मामले में सहायक खजांची को निलंबित कर दिया गया है। बिजली विभाग के मुख्य अधिशासी अभियंता बीएन सिंह ने बताया कि गौतम बुद्ध नगर के रबूपुरा क्षेत्र के विद्युत निगम में उपभोक्ताओं के 82 लाख रुपये के गबन की शिकायत मिली थी। इस मामले में खजांची सत्येंद्र कुमार को नोटिस भेजा गया, साथ ही विभाग के उच्च अधिकारियों को इसकी जानकारी दी गई थी। खजांची सत्येंद्र कुमार को निलंबित कर दिया गया है। आरोप है कि मार्च तथा अप्रैल 2021 में उपभोक्ताओं से बिजली बिल का भुगतान लेकर उसने उसे निगम के बैंक खाते में जमा नहीं कराया। विभागीय स्तर पर जांच होने पर दो महीने में 82 लाख रुपये के गबन का खुलासा हुआ है। इस मामले में निगम ने पुलिस में भी शिकायत की थी।

# कीमती उपहार देने के नाम पर ठगी, 4 नाइजीरियाई गिरफ्तार

● सोशल मीडिया पर करते थे दोस्ती

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



गौतमबुद्ध नगर जिला पुलिस ने सोशल मीडिया पर महिलाओं से दोस्ती कर उन्हें कीमती उपहार भेजने के नाम पर ऑनलाइन ठगी करने के आरोप में चार नाइजीरियाई नागरिकों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) राजेश एस ने सोमवार को बताया कि नोएडा के सेक्टर-28 में रहने वाले सेना के एक अधिकारी की पत्नी ने शिकायत में कहा है कि एक व्यक्ति ने सोशल मीडिया पर उनसे दोस्ती की और खुद को विदेशी बताया। शिकायत के अनुसार, आरोपी ने पीड़िता को कीमती उपहार भेजने और उसके कस्टम (सीमा शुल्क विभाग) में फंसे होने की बात कह कर लाखों रुपये ठग लिए।

अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच कर रही थाना सेक्टर 20 पुलिस ने सोमवार को प्राप्त सूचना के आधार पर नाइजीरियाई मूल के चार लोगों को गिरफ्तार किया है जिनकी पहचान ब्राहिम लिंकन, सल्वेस्टर, मस्तीन तथा जस्टिन के रूप में हुई है।

उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के पास से 12 मोबाइल फोन, लैपटॉप, तथा साढे तीन लाख रुपए नकद बरामद हुए हैं। अधिकारी ने उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला है कि आरोपी खुद को अमेरिकी, ब्रिटिश आदि बताकर भारतीयों से सोशल मीडिया पर दोस्ती करते और फिर महंगे उपहार देने के नाम पर उनके साथ ठगी करते थे। पुलिस इस संबंध में आगे की कार्रवाई कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार



रिबन काटकर उद्घाटन करते हुए कानून मंत्री बृजेश पाठक।

### गाजियाबाद में खुला फर्टिलिटी क्लीनिक सेंटर

**गाजियाबाद।** पाठक नेहरू नगर स्थित यशोदा अस्पताल में एक कार्यक्रम में अस्पताल ने स्थापित किये गए फर्टिलिटी क्लीनिक फेटल मेडिसिन एंड मेडिकल जेनेटिक का उत्तर प्रदेश का कानून मंत्री बृजेश पाठक ने उद्घाटन किया। इस मौके पर राज्यमंत्री अतुल गर्ग ने गाजियाबाद के अस्पताल में शुरू की गई इस सुविधा के लिए प्रबंधन को बधाई दी। आईवीएफ विशेषज्ञ डॉ गौरी अग्रवाल बताया कि सीड्स ऑफ इनोसेंस 8 भारतीय राज्यों में 14 आईवीएफ और सरोगेसी सेंटर का संचालन करता है। यह 2017 में इन-हाउस जेनेटिक टेस्टिंग लैब वाला देश का पहला आईवीएफ सेंटर भी रहा। उन्होंने कहा कि इस सुविधा का लाभ अब गाजियाबाद के लोगों को भी मिल सकेगा। आईवीएफ सेंटर में पहली और एकमात्र ऐसी मेडिकल फैसिलिटी होगी, जो प्रीमियम ई10 अल्ट्रासाउंड उपकरण जैसी इंटरनेशनल हॉलमार्क मेडिकल टेक्नोलॉजी के साथ-साथ फेटल मेडिसिन (भ्रूण चिकित्सा) के एक समर्पित डिपार्टमेंट से पूर्ण होगी। इस अवसर पर डॉ. दिनेश अरोरा, डॉ. शशि अरोरा, समाजसेवी ललित जायसवाल प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### ग्रीन म्युनिसिपल बॉन्ड से जुड़ी निविदाएं खोली गई

**गाजियाबाद।** नगर निगम के ग्रीन म्युनिसिपल बॉन्ड से जुड़े टीएसटीपी प्रोजेक्ट की निविदाएं खोल दी गई। खास बात यह है कि टीएसटीपी प्रोजेक्ट हेतु आमंत्रित बीड में तीन कंपनियां वी ए वा बैग लिमिटेड चेन्नई, त्रिवेणी इंजीनियर नोएडा तथा एनवायरो कंट्रोल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी सूरत की बिड प्राप्त हुई है दस्तावेजों की जांच कर आगामी कार्यवाही हेतु निविदा भागीदारों को बैठक हेतु सूचित किया जाएगाद्य बैठक में तीनों कंपनियों के प्रतिनिधि के साथ अधिशासी अभियंता जल योगेंद्र यादव सहायक अभियंता जल आश कुमार तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



### दिल्ली क्रिकेट हब ने टीएनएम अकेडमी को हराया

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम स्थित टीएन मेमोरियल मल्टी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में सोमवार को दिल्ली क्रिकेट हब और टीएनएम अकेडमी के बीच मैच खेला गया। दिल्ली क्रिकेट हब ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए टीएनएम अकेडमी ने 37.5 ओवर खेलकर 160 रन पर ऑल आउट हो गई। टीम की ओर से भावी शर्मा ने 74 गेंद में 51 रन की सर्वाधिक पारी खेली। वहीं रक्षम नेगी ने 29 गेंद में 28 रन और ईशान आर्यन ने 50 गेंद में 21 रन बनाए। दिल्ली क्रिकेट हब के गेंदबाज स्वर्णिम, सियांश और मयंक ने 2-2 विकेट की सफलता हासिल की। उसके बाद लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली क्रिकेट हब की टीम ने 38 ओवर में ही 6 विकेट खोकर 161 रन बना लिए। टीम की ओर से ओपनर बल्लेबाज आर्यव मालिक ने 78 गेंद में 67 रन की सर्वाधिक पारी खेली। वहीं मयंक ने 22 गेंद में 31 रन और स्वर्णिम ने 43 गेंद में 19 रन बनाए। टीएनएम के गेंदबाज कार्तिक यादव और शांतनु यादव ने 2-2 विकेट हासिल किए। मैन ऑफ दी मैच का अवार्ड दिल्ली क्रिकेट हब के मयंक को दिया गया।

# नोएडा प्राधिकरण के मुख्य गेट पर किसानों ने बांधी गाय-भैंस

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



नोएडा प्राधिकरण पर किसानों को प्रदर्शन लगातार जारी है। प्रदर्शन को 90 दिन हो गए हैं लेकिन किसानों की किसी भी समस्या का समाधान नहीं हुआ है, जिसके चलते किसानों ने आज नोएडा प्राधिकरण के गेट पर पूर्ण रूप से कब्जा कर लिया है।

किसानों ने नोएडा प्राधिकरण के गेट भैंस बांध दी है। जिसके कारण प्राधिकरण में आने.जाने वाले लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। नोएडा के किसान प्राधिकरण और अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं।

किसानों के प्रदर्शन को 90 दिन हो गए हैं लेकिन किसानों की एक भी समस्या का समाधान नहीं हुआ है। जिसके चलते किसानों में प्राधिकरण और अफसरों के खिलाफ भारी रोष व्याप्त है।

## मासूम बच्चे की गरम पानी से जलकर मौत

**नोएडा।** थाना बादलपुर क्षेत्र के बंबावड़ गांव में आठ माह के एक बच्चे के ऊपर गरम पानी गिर जाने से उसकी मौत हो गई।

पुलिस ने बताया कि गंभीर हालत में शिशु को नोएडा के विनायक अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां इलाज के दौरान सोमवार सुबह उसकी मौत हो गई। पुलिस प्रवक्ता पंकज कुमार ने बताया कि बंबावड़ गांव निवासी हाशिम का आठ महीने का बेटा अविक अपने घर पर खेल रहा था। उन्होंने बताया कि पास में ही हीटर पर पानी गर्म हो रहा था। बच्चे ने खेलते हुए गर्म पानी पर हाथ मार दिया जिससे खौलता पानी उसके ऊपर गिर गया। घटना में बच्चा गंभीर रूप से जल गया। विनायक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां बच्चे की मौत हो गई।


**PUBLIC NOTICE**

Our clientess Ms. Asha Khanna, w/o Late Shri. Yashwant Lal Khanna, aged about 76 years resident of A-39, DTC Colony, Hari Nagar, New Delhi-110054 hereby notifies that his son, Shri Bhupesh Khanna along with his family have left and separated themselves from the family with all their goods and articles since September, 2021. They are residing separately from our clientess since then without any information to our clientess Our clientess have got no contact with them whatsoever with them and the public is hereby informed accordingly. Our clientess or her family will not be responsible for any liabilities, acts and deeds of their said son and his family. Any liability claim/demand action against the aforesaid son or his family shall be their sole responsibility. Any person dealing with them shall be at their own risk and responsibility.

**Mittal & Mittal Co. Advocates**
**614, 6 Floor, R.G. Trade Tower, Netaji Subhash Place, Pitampura, Delhi - 110034**
**E-mail : mittal782004@yahoo.co.in**

**PUBLIC NOTICE**

That I am a citizen of India and have obtained the age of majority That I declare to know to all that I, UMAIR ALAM S/O MOHD SHAFIQUE ALAM R/o 32/493, Block No.-32, Trilokpuri, Delhi 110091 was adopted by a Hindu namely Rakesh Kumar@Gopal Singh S/o Sh. Babu Singh Chauhan vide Adoption deed dated 14.06.2004 and accordingly name changed as Umesh Kumar S/o Rakesh Kumar. Later, said adoption deed was declared not in accordance with law and void ab-inito vide Judgment/Decree dated 22.03.2019 in Suit No.9153/16 and further declared by Civil Court, (East) Delhi that I be known by my previous name 'Umair Alam' instead of 'Umesh Kumar by using of my natural and biological father's name 'Mohd Shafique Alam' and mother's name Ansari R/o Village-Kadwa. P.O. Haldiya Vihar, Distt. Araria (BIHAR) on record.

**गुमशुदा की तलाश**



राबिना खातून

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की (फोटो में दर्शायी गई) जिसका नामः **राबिना खातून** पुत्री **अब्बास मोह.** पता **गली नं. 70सी, महिन्द्र का मकान, गोण्डा रोड, स्वतंत्र नगर, नरेला, दिल्ली,** जो दिनांक **04.11.2021** से लापता/अपहृत है। इस संदर्भ में एफआईआर संख्या **490/21** दिनांक **05.11.2021, धारा 363 आईपीसी** के तहत **थाना नरेला, दिल्ली** में रिपोर्ट दर्ज है। स्थानीय पुलिस ने इस लड़की का पता लगाने के लिए गंभीर प्रयास किए लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिला है।

जिसका हुलिया नीचे दिया गया है:-

**लिंग:** महिला, **आयु:** 13 वर्ष, **कद:** 5'0 फीट, **रंग:** गेहुँआ, **बनावट:** पतली, **चेहरा:** लम्बा, **पहचान चिन्ह:** चेहरा पर चोट का निशान, **पहनावा:** लाल रंग का सूट एण्ड सलवार और पैरों में काले रंग की चप्पल पहने हुई हैं।

अगर किसी को इस गुमशुदा/अपहृत लड़की के बारे में कोई जानकारी मिले तो निम्नलिखित पते पर सूचित करें।

**थाना प्रभारी**
**थाना नरेला, दिल्ली**
**फोन नं.: 011-27280435**
**मो. नं. 7065036323**

वेबसाइट: **http://cbi.nic.in**
ई-मेल: **cic@cbi.gov.in**
टेली. न.: **011-24368638/24368641**
फैक्स नं.: **011-24368639**
**DP/1432/ON/2021**

**सांकेतिक कब्जे की सूचना**

ICICI Bank

**शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर -23, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**

आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड ('सुरक्षित लेनदार', जिसमें इसके उत्तराधिकारी और वारिस शामिल होंगे) और निम्नलिखित उधारकर्ता और सह- उधारकर्ता, ('उधारकर्ता', जिसमें उसकी/ उसके/ उनके संबधित (उत्तराधिकारी, उत्तराधिकारी, उत्तरापेक्षी, वारिस,) शामिल होंगे), के बीच एक ऋण समझौते के अनुसार एक आवास ऋण सुविधा के अनुसार दी गई थी। अधोहस्ताक्षरी ('प्राधिकृत अधिकारी') ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 ('अधिनियम') के अंतर्गत सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 ('नियमावली') के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में अधिनियम की धारा 13 (2) के अन्तर्गत नीचे वर्णित उधारकर्ताओं/ सह उधारकर्ताओं को मांग सूचनाएं निर्गमित की थी जिसमे ऋण समझौते के अनुसार बकाया राशि का भुगतान करने के लिए और जैसा कि विशेष रूप से उक्त संबधित मांग सूचनाओं में उल्लिखित है उक्त सूचना के प्राप्ति की तिथी से 60 दिनों के अंदर सूचना में विर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

उधारकर्ता / सह उधारकर्ता राशि का प्रतिभुगतन करने में विफल रहे है और अपेक्षा की है अतएव एतद द्वारा उधारकर्ता / सह उधारकर्ता तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है की अधोहस्ताक्षर दाता द्वारा उक्त अधिनियम धारा 13 (4) के साथ पठित नियमावली के नियम 8 के तहत प्रदत शक्तियों के प्रयोक में संपति का सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है सम्पतियो के सांकेतिक कब्जे की तारीख सहित विवरण निचे वर्णित हैं.

| क्र. | कर्जदार/ सह-कर्जदार का नाम/ खाता क्र. | सम्पति का विवरण/ सांकेतिक कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | विशाल शर्मा/राजेंद्र शर्मा/अमित मल्होत्रा/LBDEL00001408004 | फ्लैट नंबर 128, ब्लॉक- सी, पीकेटी- 2, सेक्टर 17 रोहिणी, नई दिल्ली/ 26 नवंबर, 2021 | जुलाई 23, 2021 ₹. 5,00,290/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्जदार/ जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: सुरक्षित ब्याज़ (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 और 9 के अंतर्गत है।

**दिनांक: नवंबर 30, 2021**
**स्थान: दिल्ली/ एनसीआर**

**प्रधिकृत अधिकारी**
**प्रतिभूत लेनदार**

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्रीमती श्वेता मिश्रा पत्नी श्री दीप नारायण मिश्रा, वंदना एन्क्लेव, खोरा, तहसील दादरी, जिला गाजियाबाद-यूपी, में स्थित एरिया परिमाप 75 वर्ग गज यानी 62.70 वर्ग मीटर, खसरा नं. 306 में से, पंजीकृत उपहार विलेख दिनांक 17.11.2021 पंजीकरण सं. 13941 के माध्यम से मालिक हैं सभी व्यक्यिों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता हैं कि श्रीमती श्वेता मिश्रा पत्नी श्री दीप नारायण मिश्रा ऋण लेने के लिए हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड से सम्पर्क किया है ऋणी ने हमारे मुवक्किल को सूचित किया है कि बिक्री विलेख दिनांक 31.05.1995 (दस्तावेज सं. 1424) श्रीमती विद्या देवी के पक्ष में कहीं खो गया है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में कोई प्रभार/हित/अधिकार है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रुप में वर्तमान के 14 दिनों के भीतर सूचित करें।

**श्रीमती प्रसून लता, अधिवक्ता के लिए,**
**एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)**
**यूनिट नंबर 7, बेसमेंट, प्लॉट नंबर सी 78,**
**सेक्टर 2, नोएडा, यूपी 201301**
**ईमेल: sgassociatespl@gmail.com**
**फोन : 7011172764, 8130200837**

**PUBLIC NOTICE**

WHEREAS P.P. Jayaprakash was the owner of Residential Flat No. T1-301 B2, admeasuring around 1025 Sq. Ft. of super area, on Third Floor in Type B-2, situated in the Residential Complex known as "Parsvnath Majestic Tower", Plot No. 18 A, Vaibhav Khand, Indirapuram, Uttar Pradesh.
WHEREAS the said P.P. Jayaprakash has died on 25.09.2020.
WHEREAS Mrs. Sudha Jayaprakash, Ms. Kirthy Jayaprakash and Mr. Nikhil Jayaprakash are the only legal heirs of the said Late P.P. Jayaprakash.
WHEREAS Mrs. Sudha Jayaprakash, Ms. Kirthy Jayaprakash and Mr. Nikhil Jayaprakash, legal heirs of the said Late P.P. Jayaprakash intend to apply for the transfer of the said property in their favour being the only legal heirs of the said P.P. Jayaprakash.
If any person is having any objection against the transfer of said property Residential Flat No. T1-301 B2, admeasuring around 1025 Sq. Ft. of super area, on Third Floor in Type B-2, situated in the Residential Complex known as "Parsvnath Majestic Tower", Plot no. 18 A, Vaibhav Khand, Indirapuram, Uttar Pradesh in favour of Mrs. Sudha Jayaprakash, Ms. Kirthy Jayaprakash and Mr. Nikhil Jayaprakash legal heirs of the said Late P.P. Jayaprakash, he/she /they can submit objection in writing to the office of the undersigned, alongwith supporting documents within 07 days from the date of publication of this notice failing which the concerned Authority may sanction the mutation of the property as per the records & may not entertain subsequent claim, thereupon.

**Mr. Subash Bhat (Advocate)**
**Add: Trinity Legal Partners, C-401, The Courtyard, Nirvana Country, Sector 50, Gurgaon, Haryana.**
**subash.bhat@trinitylegalpartners.com**

**PUBLIC NOTICE**

My Client **Sri Maa Sidh Sidhshakti Ji (Rajni Agrawal, Rajni Devi)** w/o Late Pradeep Agrawal (Advocate)R/o **B-208,Sushant Lok-3,Sector-57, Gurgaon 122003 HR** has debarred,disowned her Daughter-in-law **Kumkum (Bhatia) Aggarwal** w/o Late Puru Aggarwal & her daughter (grandchild of my client)**Riddhi Aggarwal** aged 9yrs 8months from her (my client's) all movable & immovable properties,home,life,jewellery,bank accounts,FDs, locker,shares,cash policies & ilk etc. They'll have no right whatsoever in the above mentioned items & things.My Client have also severed all her relations with them due to involvement of my daughter in law in unlawful activities. If anybody deals with them in any manner they do so at their own risk.
Ramesh Chander Anand (Adv),Ch-68, Western Wing,Tis Hazari Court

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्रीमती सुनीता लूथरा पत्नी श्री जे.के.लूथरा, महेंद्र पार्क, डी-ब्लॉक, गांव : असलतपुर, नई दिल्ली, में स्थित प्लॉट नंबर 3 पर निर्मित संपत्ति सं. डी-3, एरिया परिमाप 35 वर्ग गज, खसरा नं. 16/24 का भाग, पंजीकृत सामान्य मुख्तारनामा दिनांक 07.05.2007 पंजीकरण सं. 6129 के माध्यम से पावर ऑफ अटॉर्नी होल्डर हैं सभी व्यक्यिों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता हैं कि श्रीमती हेमलता और श्री अशोक कुमार ने ऋण लेने के लिए फुलर्टन इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड से सम्पर्क किया है यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में कोई प्रभार/हित/अधिकार है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रुप में वर्तमान के 14 दिनों के भीतर सूचित करें,

**श्रीमती प्रसून लता, अधिवक्ता के लिए,**
**एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)**
**यूनिट नंबर 7, बेसमेंट, प्लॉट नंबर सी 78,**
**सेक्टर 2, नोएडा, यूपी 201301**
**ईमेल: sgassociatespl@gmail.com**
**फोन : 7011172764, 8130200837**


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

# प्रदूषण की मार : निर्माण कार्यों पर अगले आदेश तक रोक

## मालवाहक डीजल ट्रक 7 दिसंबर तक नहीं कर पाएंगे राजधानी में प्रवेश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने सोमवार को कहा कि वायु प्रदूषण के उच्च स्तर को देखते हुए दिल्ली में निर्माण और विध्वंस गतिविधियों पर रोक अगले आदेश तक जारी रहेगी। राय ने संबंधित विभागों के अधिकारों के साथ समीक्षा बैठक के बाद कहा कि जरूरी सेवाओं में लगे ट्रकों को छोड़कर अन्य ट्रकों के दिल्ली में प्रवेश करने पर सात दिसंबर तक प्रतिबंध जारी रहेगा, जबकि सीएनजी और इलेक्ट्रिक ट्रकों को राष्ट्रीय राजधानी में प्रवेश करने की अनुमति होगी।

मंत्री ने कहा कि विशेषज्ञों ने कहा है कि कम तापमान और हवा की कम गति के कारण स्थिति स्थिर हो गई है और आने वाले दिनों में दिल्ली की हवा की गुणवत्ता बहुत खराब रहने की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुमान के मुताबिक, बारिश होने पर स्थिति में सुधार हो सकता है।



अधिकारियों के साथ बैठक करते पर्यावरण मंत्री गोपाल राय।

उन्होंने कहा कि स्थिति को देखते हुए हमने दिल्ली में निर्माण और तोड़फोड़ गतिविधियों पर लगी रोक को अगले आदेश तक बढ़ाने का फैसला किया है। गैर-प्रदूषणकारी निर्माण गतिविधियों जैसे प्लंबिंग कार्य, आंतरिक सजावट, बिजली के काम और बढ़ई के काम की इजाजत है। राय ने कहा कि वाहनों से होने वाले प्रदूषण को रोकने के लिए सरकार के %रेड लाइट ऑन, गाड़ी ऑफ% अभियान को 18 दिसंबर तक बढ़ाया जा रहा है।

दिल्ली सरकार ने उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद गुरुवार को निर्माण और विध्वंस गतिविधियों पर फिर से रोक लगा दी थी।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि राष्ट्रीय राजधानी में निर्माण गतिविधियों पर प्रतिबंध से प्रभावित श्रमिकों को पांच-पांच हजार रुपये की वित्तीय सहायता दी जाएगी और उनकी सरकार न्यूनतम मजदूरी के नुकसान की भरपाई भी करेगी।

### पीयूसी जांच अभियान जारी रहेगा

पीयूसी जांच का अभियान परिवहन विभाग और दिल्ली पुलिस मिलकर जारी रखेगी। अभी तक अक्टूबर और नवंबर में 18 लाख पीयूसी सर्टिफिकेट जारी किए गए हैं। इन दो महीनों में 14 हजार वाहन चालकों को बिना पीयूसी सर्टिफिकेट के धरा गया है। जिनके ऊपर 10-10 हजार रुपए का चालान किया गया है। इसके साथ ही यातायात विभाग को जागरूकता अभियान के लिए भी निर्देश दिया गया था।

### एक दर्जन से अधिक कॉलोनियों में विशेष बस सुविधा

**नई दिल्ली।** सरकारी कर्मचारियों के लिए वर्क फ्रॉम होम को खत्म कर दफ्तरों को खोल दिया है। ऐसे में कर्मचारी सोमवार से दफ्तर आ रहे हैं। प्रमुख कॉलोनियों में जहां पर कर्मचारी बड़ी संख्या में रहते हैं, वहां से विशेष बस सुविधा शुरू की गई है। गुलाबी बाग, मयूर विहार फेस-दो, मोतिया खान, शालीमार बाग ब्लॉक ए, तिमारपुर, हरी नगर, सेक्टर-3 द्वारका, निमडी कॉलोनी, अशोक विहार, रोहिणी सेक्टर-11, कड़कड़डूमा, मॉडल टाउन फेस वन, विकास पुरी, पश्चिम विहार और वसंत कुंज से विशेष बस सुविधा शुरू की गई है। जिससे कि वह दफ्तर में आकर काम कर सके और वाहन प्रदूषण को भी इस तरह से कम कर सकें। इन कॉलोनियों से बस सुबह 8 बजे चलेगी जो कि सचिवालय आएगी और शाम को 5 बजे से उनके घर छोड़ेगी।

### गंभीर से बेहद खराब श्रेणी में पहुंचा एक्यूआई

**नई दिल्ली।** सोमवार को हवा चलने से वायु गुणवत्ता में मामूली सुधार हुआ है। वायु गुणवत्ता सूचकांक गंभीर से बेहद खराब श्रेणी में पहुंच गया। गत 24 घंटे का औसत एक्यूएआई 371 दर्ज किया गया। इससे पहले लगातार तीन दिन से वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में बरकरार थी। फरीदाबाद में (276), गाजियाबाद (365), ग्रेटर नोएडा (350), गुरुग्राम (395) और नोएडा (356) में भी वायु गुणवत्ता में मामूली सुधार हुआ है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कहा कि 15 किलोमीटर प्रति घंटे तक की रफ्तार से हवा चलने से दोपहर में प्रदूषण कारक तत्वों के बिखराव में मदद मिली। इस दौरान न्यूनतम तापमान 10.3 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 26.1 डिग्री सेल्सियस रहा। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की वायु गुणवत्ता प्रणाली सफर के अनुसार, मंगलवार को निचली सतह वाली हवाओं के गतिमान होने से प्रदूषण में थोड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

# ईवी चार्जिंग को बढ़ावा देने के लिए गाइड बुक जारी

- इसका मकसद कॉरपोरेट्स को इलेक्ट्रिक व्हीकल आंदोलन का अभिन्न अंग बनाना : शाह

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आप सरकार देश की पहली राज्य सरकार बन गई है जिसने कंपनियों को ऑफिस में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग प्वाइंट बनाने में मदद करने के लिए चरणबद्ध गाइड बुक जारी की है। इसका मकसद दिल्ली सरकार दफ्तर में चार्जिंग प्वाइंट बनवाकर कॉर्पोरेट्स को इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने के लिए प्रोत्साहित करना है। दिल्ली डायलॉग एंड डेवलपमेंट कमीशन ने वर्ल्ड रिसोर्स इंस्टीट्यूट के सहयोग यह पहल की है

डीडीसी के उपाध्यक्ष जस्मिन शाह ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा दिल्ली ईवी नीति की अगस्त 2020 में घोषणा के बाद से कई सवाल पूछे जा रहे थे। पर्यावरण से जुड़ी आपात स्थितियों को देखते हुए बेहद महत्वाकांक्षी निर्णय लिया गया है। ईवी नीति के जरिए वर्ष 2024 तक राजधानी में कुल वाहन पंजीकरणों में 25 फीसदी इलेक्ट्रिक वाहनों का लक्ष्य तय किया गया है। जबकि उस समय नए वाहन पंजीकरण में इलेक्ट्रिक वाहनों की हिस्सेदारी 1.2 फीसदी थी।

दिल्ली सरकार के थिंक टैंक के रूप में डीडीसी ने इलेक्ट्रिक वाहन नीति के निर्माण की प्रक्रिया में काफी करीब से काम किया है। इसके अलावा विभिन्न सहयोगियों के साथ मिलकर काम किया है, ताकि सीएम के दृष्टिकोण को पूरा कर सकें। ईवी नीति की घोषणा के बाद से ही सरकार का प्रयास इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद को लेकर चिंताओं, बाधाओं और चुनौतियों को समझने का रहा है।

# पुलिस कांस्टेबल पर हमले का आरोपी धरा

## प्रॉपर्टी डीलर के कार्यालय पर गोली चलाने का आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने एक कांस्टेबल पर हमला करने और एक प्रॉपर्टी डीलर के कार्यालय पर गोली चलाने के आरोप में नरेला से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पुलिस अधिकारियों ने कहा कि आरोपी के पास से एक पिस्तौल, चार गोलियां और चोरी की एक बाइक बरामद की गई है। गत सप्ताह गुरुवार को जहांगीरपुरी पुलिस थाने के बीट कांस्टेबल ड्यूटी पर तैनात थे, जब दो व्यक्ति उन्हें गालियां देने लगे। अमरदीप ने उन्हें रोका और अपशब्द नहीं बोलने को कहा।



पुलिस ने बताया कि प्रमोद उर्फ मुल्ला नामक एक आरोपी ने पिस्तौल निकाल ली और अमरदीप के सीने पर तान कर ट्रिगर दबाया, लेकिन गोली चली नहीं। इसके बाद आरोपी और उसके साथियों ने कांस्टेबल को पीटना शुरू कर दिया और उसका बटुआ लेकर भाग गए। बाद में उन्होंने एक प्रॉपर्टी डीलर के कार्यालय के बाहर गोली चलाई और भाग निकले।

पुलिस ने अमरदीप की शिकायत के आधार पर एक मामला दर्ज किया है। पुलिस ने गोपनीय सूचना के आधार पर नरेला औद्योगिक क्षेत्र में प्रमोद को पक?ने के लिए जाल बिछाया। पुलिस उपायुक्त (बाहरी उत्तर) ब्रजेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि पुलिस ने भी गोली चलाई, जिसमें प्रमोद घायल हो गया।

पुलिस के अनुसार, इस मुठभे? में एक पुलिसकर्मी भी घायल हो गया। प्रमोद को भी अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने कहा कि प्रमोद स्वरूप नगर का निवासी है और लूटपाट, हत्या के प्रयास तथा अन्य कई वारदात में शामिल रहा है।

# वजीराबाद में सड़क पर मिला अफगान नागरिक का शव

- पोस्टमार्टम के बाद लगेगा मौत के कारणों का सही पता : पुलिस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उत्तरी दिल्ली के वजीराबाद क्षेत्र में एक सड़क पर 28 वर्षीय एक अफगान नागरिक का शव मिला है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना रविवार की है। उन्होंने कहा कि एक राहगीर ने कॉल करके सूचना दी कि अफगान नागरिक जैसा लगने वाला एक व्यक्ति, सड़क संख्या नौ पर बेहोशी की हालत में पड़ा है।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मृतक की पहचान शिराज के रूप में की गई है। उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टया प्रतीत होता है कि गोली लगने से शिराज की मौत हुई होगी, लेकिन पोस्टमॉर्टम के बाद मौत के असली कारण का पता चल पाएगा।

अधिकारी ने कहा कि सब्जी मंडी मुर्दागृह में सोमवार को पोस्टमॉर्टम किया जाएगा। डीसीपी (उत्तर) सागर सिंह कलसी ने कहा कि वजीराबाद पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है और फॉरेंसिक जांच दल को मौके पर बुलाया गया।

# किसानों को बेवजह ही किया बदनाम माफी मांगें केजरीवाल : भाजपा

## प्रदूषण का संकट, सरकार के पास नहीं बचा कोई बहाना : नेता प्रतिपक्ष

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने मांग की है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली समेत पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के किसानों से माफी मांगें।

केजरीवाल ने दिल्ली में प्रदूषण के लिए खासतौर पर पंजाब के किसानों को जिम्मेदार ठहराते हुए पूरे देश में उन्हें खलनायक के रूप में पेश किया था। अब पंजाब, हरियाणा और यूपी में कहीं भी पराली जलाने की घटना नहीं हो रही, लेकिन दिल्ली का प्रदूषण खतरनाक श्रेणी में बना हुआ है। सोमवार को एयर क्वालिटी इंडेक्स 400 से पार रहा। दिल्ली की जनता जहरीली हवा में सांस लेने के लिए मजबूर है। दिल्ली के प्रदूषण की जिम्मेदारी से बचने के लिए अब उनके पास कोई बहाना नहीं है।

बिधूड़ी ने कहा कि मुख्यमंत्री केजरीवाल और उनकी पार्टी के कई और प्रमुख नेताओं ने दिल्ली में प्रदूषण बढ़ने के लिए मुख्य रूप से दो कारण बताए। पराली के बारे में तो उन्होंने अक्टूबर से ही पंजाब, हरियाणा और दूसरे पड़ोसी राज्यों के किसानों को बदनाम करने का अभियान शुरू कर दिया था।

उन्होंने कहा कि यह वैज्ञानिक रूप से भी प्रमाणित हो चुका है कि दिल्ली के प्रदूषण में पराली का बहुत कम हिस्सा होता है लेकिन फिर भी दिल्ली सरकार पराली-पराली का ही शोर मचाती रही। दूसरा कारण दीवाली पर होने वाली आतिशबाजी को बताया गया।

# डेंगू के मामले 8000 के पार, सिर्फ नवंबर में 6,700 मरीज आए

- नगर निकाय की सोमवार को जारी ताजा रिपोर्ट में हुआ खुलासा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली में इस साल डेंगू के कुल मामलों की संख्या बढ़कर 8,200 से अधिक हो गई है, जिनमें से 6,700 से अधिक मामले केवल नवंबर में पाए गए। नगर निकाय की एक रिपोर्ट में सोमवार को यह जानकारी दी गई।

शहर में 17 नवंबर तक डेंगू के 5,277 मामले पाए गए हैं, जो 2015 के बाद दिल्ली में मच्छर जनित बीमारी के सर्वाधिक मामले हैं। इस बीमारी के मामले 22 नवंबर तक बढ़कर 7,128 हो गए। शहर में पिछले करीब एक सप्ताह में डेंगू के करीब 1,148 नए मामले सामने आए, लेकिन इस दौरान किसी की मौत नहीं हुई। नगर निकाय की सोमवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, इस साल 27 नवंबर तक कुल 8,276 मामले पाए गए हैं।

रिपोर्ट के अनुसार शहर में 2016 में डेंगू के 4,431 मामले आए थे, वहीं 2017 में 4,726 मामले, 2018 में 2,798 मामले, 2019 में 2,036 मामले और 2020 में 1,072 मामले पाए गए थे। शहर में 2015 में डेंगू की स्थिति भयावह थी और उस साल 10,600 मामले पाए गए थे।

### संक्रमण के 34 नए केस एक मरीज की मौत

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में पिछले एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 34 नए मामले सामने आए और महामारी से एक मरीज की मौत हो गई। स्वास्थ्य विभाग की ओर से सोमवार को जारी किये गए आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में संक्रमण की दर 0.08 प्रतिशत है। दिल्ली में लगातार दूसरे तीसरे दिन कोविड-19 से किसी मरीज की मौत हुई है। नवंबर में अब तक महामारी से सात लोगों की मौत हो चुकी है। अक्टूबर के महीने में चार और सितंबर में पांच मरीजों की मौत हुई थी। शहर में संक्रमण के अब तक 14,40,900 मामले सामने आ चुके हैं और 25,099 मरीजों की मौत हो चुकी है। वर्तमान में दिल्ली में कोविड के 285 मरीज उपचाराधीन हैं।

# लोधी रोड फ्लाईओवर के पास धंसी सड़क

## यातायात पुलिस ने अवरोधक लगाकर पूरी तरह बंद किया ट्रैफिक



लाला लाजपत राय मार्ग से सटे सीजीओ कॉम्प्लेक्स में सीआरपीएफ भवन के निर्माण कार्य के कारण लाला लाजपत राय मार्ग की धंसी एक लेन।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली यातायात पुलिस ने सोमवार को कहा कि सीआरपीएफ भवन के निर्माण कार्य के कारण लाला लाजपत राय मार्ग का एक हिस्सा धंसने के बाद सीजीओ कॉम्प्लेक्स से लोधी फ्लाईओवर तक जाने वाले मार्ग को अवरुद्ध कर दिया गया है।

यातायात पुलिस ने एक ट्वीट कहा कि लोधी रोड के शमशान घाट के सामने लाला लाजपत राय मार्ग से सटे सीजीओ कॉम्प्लेक्स में सीआरपीएफ भवन के निर्माण कार्य के कारण लाला लाजपत राय मार्ग की एक लेन धंस गई है। इसलिए, सीजीओ कॉम्प्लेक्स से लोधी फ्लाईओवर तक जाने वाले हिस्से को अवरोधक लगाकर पूरी तरह से अवरुद्ध कर दिया गया है।

यातायात पुलिस ने ट्विटर पर यात्रियों को सूचित किया कि मूलचंद अस्पताल की ओर से आने वाले सभी यातायात को सीजीओ कॉम्प्लेक्स से लोधी रोड की ओर मोड़ दिया गया है। भारी ट्रैफिक है। कर्मचारी यातायात को नियंत्रित कर रहे हैं। अब हल्के यात्री वाहनों यानी दो, तीन और चार पहिया वाहनों के लिए एक लेन खोल दी गई है। पुलिस ने कहा कि काम-काजी दिन होने की वजह से भारी यातायात के कारण यातायात प्रवाह धीमा रह सकता है।

# संक्षिप्त समाचार



सिविक सेंट स्थित अरूणा आसफ अली सभागार में कार्यशाला का दीप जलाकर उद्घाटन करते निगम में स्थायी समिति के अध्यक्ष जोगीराम जैन।

### कचरा मुक्त शहर के लिए कार्यशाला

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली नगर निगम ने सोमवार को डॉ. एस.पी.एम सिविक सेंटर स्थित अरूणा आसफ अली सभागार में ओडीएफ+प्रोटोकॉल एवं कचरा मुक्त शहर के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला का उद्घाटन उत्तरी दिल्ली नगर निगम में स्थायी समिति के अध्यक्ष, जोगी राम जैन ने किया। इस अवसर पर पर्यावरण प्रबंधन सेवाएं समिति के अध्यक्ष, सुरजीत ठाकूर, पर्यावरण प्रबंधन सेवाएं समिति की उपाध्यक्षा, मंजू खंडेलवाल, आयुक्त संजय गोयल, प्रमुख अभियंता केपी सिंह, प्रमुख निदेशक (पर्यावरण प्रबंधन सेवाएं), प्रदीप बंसल, सभी क्षेत्रीय उपायुक्त व पर्यावरण प्रबंधन सेवाएं विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। इस कार्यशाला के दौरान अधिकारियों को ओडीएफ+ प्रोटोकॉल के मानकों एंव कचरा मुक्त शहर बनाने के संबंध में विभिन्न कार्यों के बारे में अधिकारियों व कर्मचारियों को विस्तारपूर्वक समझाया गया। इसके साथ ही ओडीएफ+ प्रमाणपत्र प्राप्त करने के संबंध में विभिन्न नियमों के बारे में भी कर्मचारियों को विस्तार से समझाया गया।

### प्रवेश-निषेध स्टीकरों की वैधता 31 दिसंबर बढ़ी

**नई दिल्ली।** प्रतिबंधित समय के दौरान सड़कों पर चलने वाली वाणिज्य माल गाड़ियों के लिए निषिद्ध प्रवेश (नो एंट्री) अनुमति स्टीकर की वैधता को 31 दिसंबर तक के लिए बढ़ा दिया गया है। पुलिस ने एक परिपत्र में कहा है कि यह सिर्फ उन गाड़ियों पर लागू होगा जिन्हें वर्ष 2019 के लिए निषिद्ध प्रवेश अनुमति दी गई थी। दिल्ली पुलिस ने ट्विटर पर बताया कि सक्षम प्राधिकरण ने 31 दिसंबर 2019 तक वैध निषिद्ध प्रवेश अनुमति स्टीकर की वैधता को 31 दिसंबर 2021 तक बढ़ा दिया है। ये स्टीकर प्रतिबंधित समय में वाणिज्य माल गाड़ियों को चलाने के लिए जारी किए गए हैं।



दक्षिण निगम के पश्चिमी जोन के सी-1 जनकपुरी प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य सभा को संबोधित करते महापौर मुकेश सुर्यान।

# निगम विद्यालयों में ज्यादा से ज्यादा बच्चों के दाखिले पर जोर

- छात्रों की ऑनलाइन और ऑफलाइन कक्षाएं नियमित चल रहीं : मेयर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दक्षिणी निगम के पश्चिमी जोन के सी-1 जनकपुरी प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य सभा का आयोजन किया गया। इसी सभा में पश्चिमी जोन के सभी निगम विद्यालयों के प्रधानाचार्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर महापौर मुकेश सुर्यान, शिक्षा समिति की अध्यक्षा नीतिका शर्मा, शिक्षा समिति की उपाध्यक्षा आभा चौहान, निदेशक शिक्षा विभाग प्रदीप कुमार, स्थानीय पार्षद वीना शर्मा व शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारी उपस्थित थे।

सभा को सम्बोधित करते हुए महापौर मुकेश सुर्यान ने कहा कि आज से निगम विद्यालय पुनः खुल गये हैं और सभी प्रधानाचार्यों को विद्यालयों में छात्रों की शिक्षा को निरंतर जारी रखने के लिये विशेष प्रयास करने चाहिए। उन्होंने सभी प्रधानाचार्यों को निर्देश दिए कि दाखिला अभियान को और तेज किया जाये व अभिभावकों को भी इस अभियान से जोड़ा जाये। महापौर ने बताया कि निगम छात्रों के लिये ऑनलाइन क्लास के साथ-साथ विद्यालयों में भी नियमित रूप से कक्षाएं चलायी जा रही है। सुर्यान ने प्रधानाचार्यों को यह भी निर्देश दिये कि विद्यालयों में शिक्षक नियमित रूप से मोबाइल ऐप के द्वारा उपस्थिति दर्ज कराये व विद्यालय में पूर्ण अनुशासन का पालन किया जाये।

# सिसोदिया ने चन्नी से पंजाब के 250 स्कूलों की सूची जारी करने को कहा

## दिल्ली के सरकारी स्कूलों से तुलना करने का बनाया दबाव

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी से सोमवार को उन 250 स्कूलों का नाम बताने को कहा जिनका कायाकल्प राज्य में कांग्रेस के शासनकाल में हुआ है ताकि दोनों राज्य सरकारों की ओर से संचालित स्कूलों में बदलाव व विकास की तुलना की जा सके।

सिसोदिया ने रविवार को दिल्ली के उन 250 स्कूलों के नामों की सूची जारी की थी जिनके बारे में उन्होंने कहा है कि इनका कायाकल्प आम आदमी पार्टी (आप) नीत सरकार में पांच साल में हुआ है। उन्होंने पंजाब सरकार से भी ऐसी ही सूची जारी करने को कहा था।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हमने 250 स्कूलों की सूची जारी की थी ताकि दिल्ली के शिक्षा मॉडल और पंजाब के शिक्षा मॉडल के बीच तुलना की जा सके। 24 घंटे बीत गए हैं लेकिन पंजाब के शिक्षा मंत्री परगट सिंह ने अब तक प्रतिक्रिया नहीं दी है। मैं अब पंजाब के मुख्यमंत्री चन्नी से आग्रह करता हूं कि वह सूची साझा करें ताकि राज्य के लोगों को भी पता चले। सिसोदिया ने आरोप लगाया कि पंजाब में कांग्रेस नीत सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में कोई काम नहीं किया है।

### आप में सबसे ईमानदार, देशभक्त नेता हैं : सीएम

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दावा किया कि उनकी पार्टी में सबसे ईमानदार, समर्पित और देशभक्त नेता हैं। इंडिया फैशन अवार्ड्स के दूसरे सीजन में आप विधायक राघव चड्ढा के स्टाइलिश पॉलिटिशियन ऑफ द ईयर पुरस्कार जीतने के बाद केजरीवाल का यह टिप्पणी की है।

केजरीवाल ने सोमवार को ट्वीट कर कहा कि आम आदमी पार्टी में सबसे ईमानदार, सर्वाधिक समर्पित और सर्वाधिक देशभक्त नेता हैं। अब उनके पास सबसे स्टाइलिश (नेता) भी हैं। बधाई हो राघव चड्ढा।

### स्कूलों को बंद रखने के बजाए सोची समझी योजना जरूरी : विशेषज्ञ

**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन के कारण चिंताओं और अनिश्चितता के बीच स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र के विशेषज्ञों ने फिर से लंबे समय तक बंद रखने के बजाय स्कूलों के लिए सुविचारित योजना बनाने का अनुरोध किया है।

दक्षिण अफ्रीका में मिले कोरोना वायरस के नए स्वरूप बी.1.1.529 को विश्व स्वास्थ्य संगठन ने ओमीक्रोन नाम दिया है और इसे चिंताजनक स्वरूप के रूप में वर्णित किया है। कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के लिए पिछले साल मार्च में देशव्यापी लॉकडाउन से पहले देश भर के स्कूल बंद कर दिए गए थे।

# फेज-1 में आईं 70 मेट्रो ट्रेन को दिया जा रहा नया रूप

## आधुनिक सुविधाओं से लैस होंगे सभी कोच, सजधज कर यमुना बैंक डिपो से पहली ट्रेन रवाना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली मेट्रो रेल निगम फेज-एक में खरीदी गई ट्रेनों को आधुनिक सुविधाओं से लैस करेगा। कुल मिलाकर ऐसी 70 ट्रेनों का नवीनीकरण किया जाना है। अपने शुरूआती प्रयोग में डीएमआरसी ने पहली ट्रेन के मिड-लाइफ रिफर्बिशमेंट (नवीनीकरण) कार्य को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है जिसे वर्ष 2007 में सेवा में लिया गया था। डीएमआरसी के प्रबंध निदेशक डॉ. मंगू सिंह ने सोमवार को यमुना बैंक डिपो से पहली नवीनीकृत ट्रेन को झंडी दिखाकर रवाना किया।



सोमवार को यमुना बैंक डिपो से पहली नवीनीकृत ट्रेन को झंडी दिखाकर रवाना करते डीएमआरसी के प्रबंध निदेशक डॉ. मंगू सिंह।

दिल्ली मेट्रो रेल निगम अनुसार, यह प्रयास उन सभी 70 मेट्रो ट्रेनों के नवीनीकरण के लिए डीएमआरसी द्वारा चलाए गए विशेष अभियान का हिस्सा है जिन्हें वर्ष 2002 और 2007 के बीच खरीदा था और जो अपने कुल 30 वर्ष की आयु में से 14 से 19 वर्ष पूरे कर चुकी हैं। इस मिड-लाइफ रिफर्बिशमेंट के हिस्से के रूप में ट्रेनों को कई नई सुविधाओं से लैस किया जा रहा है ताकि उन्हें बाकी ट्रेनों के बराबर लाया जा सके जिन्हें बाद में डीएमआरसी के फेज-दो और तीन के विस्तार में सेवा में लिया गया था। इस नवीनीकरण अभियान के मुख्य कार्यों में शामिल हैं।

**फर्श को दुरुस्त करना**

फर्श में विभिन्न स्थानों पर दरारें, उभार और असमान सतह जैसी खराबी के दिखाई देने लगे थे। परिणामस्वरूप यात्रियों से असमान सतह, एड़ी के मुड़ जाने के साथ-साथ डिब्बों के अंदर की सुंदरता में कमी संबंधी शिकायतें मिली। यात्री सुरक्षा, आराम के साथ-साथ कोचों के अंदर बेहतर सौंदर्य दिखने के लिए फर्श को अब मॉडर्न फाइबर कम्पोजिट बोर्डों से बदल दिया गया है।

### एलसीडी आधारित डायनामिक रूट मैप

पहले केवल स्टैटिक स्टिकर आधारित रूट मैप ही ट्रेनों में उपलब्ध थे। अब 50 फीसदी स्टेटिक रूट मैप को एलसीडी आधारित डायनेमिक रूट मैप में बदल दिया जाएगा जो ट्रेन में यात्रियों को हर जगह डायनामिक लाइव सूचना देता रहेगा। इसके अलावा इन ट्रेनों में पहली बार सीसीटीवी कवरेज से यात्रियों को बेहतर निगरानी और सुरक्षा मिलेगी। ओवरहेड हाई-टेंशनलाइनों की निगरानी के लिए कैटेनरी कैमरा दिया गया है। ट्रेन ऑपरेटर को प्लेटफॉर्म के पिछले छोर को देखने के लिए वैकल्पिक कोचों में ट्रेनों के दोनों किनारों पर प्लेटफॉर्म कैमरे भी लगाए गए हैं।

# स्वच्छता सैनिकों का सम्मान करना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी

## नगर निगम गुरुग्राम ने सेक्टर-29 के रंगभूमि ओपन एयर थिएटर में सम्मान समारोह का हुआ आयोजन





स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा की स्टेट लेवल टास्क फोर्स के कार्यकारी वाईस चेयरमैन सुभाष चन्द्र ने गुरूग्राम में स्वच्छता सैनिकों एवं सफाई मित्रों का शॉल एवं प्रशंसा-पत्र देकर किया सम्मान

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरूग्राम

**स्वच्छ** भारत मिशन हरियाणा की स्टेट लेवल टास्क फोर्स के कार्यकारी वाईस चेयरमैन सुभाष चन्द्र सोमवार को गुरूग्राम पहुंचे। उन्होंने यहां नगर निगम गुरूग्राम द्वारा सेक्टर-29 स्थित रंगभूमि ओपन एयर थिएटर में आयोजित संकल्प से सिद्धि एवं सम्मान समारोह में 350 स्वच्छता सैनिकों एवं सफाई मित्रों को शॉल एवं प्रशंसा-पत्र देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में उपस्थित स्वच्छता सैनिकों एवं सफाई मित्रों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सुभाष चन्द्र ने कहा कि स्वच्छता सैनिक एवं सफाई मित्रों का सम्मान करना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। पहले सफाई का कार्य करने वालों को सफाई कर्मचारी या कचरे वाला आदि नामों से संबोधित किया जाता था, लेकिन भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी तथा हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल द्वारा इन्हें स्वच्छता सैनिक की उपाधि से नवाजा गया है। जिस प्रकार देश के सैनिक सीमाओं पर तैनात रहकर बाहरी दुश्मनों से हमारी रक्षा करते हैं, उसी प्रकार हमारे स्वच्छता सैनिक भी गंदगी का सफाया करके अनेक प्रकार की बीमारियों से हमारी रक्षा करते हैं। हम सभी को स्वच्छता सैनिकों का सम्मान करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि वर्ष-2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिस तरह से देश को स्वच्छ बनाने के अभियान का जो शंखनाद किया था, आज उसके परिणाम हम सभी के सामने हैं। पहले शहरों की गिनती दूषित शहरों में होती थी, लेकिन अब वहां स्वच्छता का परचम लहरा रहा है। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री की सोच और उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल प्रधानमंत्री की सोच का अनुसरण कर प्रदेश को स्वच्छता में देश का नंबर वन प्रदेश बनाने में जुटे हुए हैं और पिछले परिणामों को देखें तो यह सत्य साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि स्वच्छत सर्वेक्षण-2021 में प्रदेश ने स्वच्छता के क्षेत्र में दूसरा स्थान प्राप्त किया है तथा गुरूग्राम देश में 24वें स्थान पर आया है। उन्होंने स्वच्छता सैनिकों एवं गुरुग्राम के नागरिकों का आह्वान किया कि स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 में सभी के प्रयासों से हम प्रथम स्थान प्राप्त करने में कामयाब होंगे। गुरूग्राम की सीनियर डिप्टी मेयर प्रमिला गजेसिंह कबलाना तथा डिप्टी मेयर सुनीता यादव ने भी अपने संबोधन में गुरूग्राम को स्वच्छता की रैंकिंग में निरंतर सुधार के लिए स्वच्छता सैनिकों का आभार

### स्वच्छता के इस महायज्ञ में प्रत्येक नागरिक की आहुति है जरूरी

व्यक्त किया। नगर निगम गुरूग्राम की अतिरिक्त आयुक्त डा. वैशाली शर्मा ने सभी का स्वागत एवं धन्यवाद किया तथा आशा जताई कि स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 में हम और भी बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

स्वच्छता सलाहकार अनिल मेहता ने नगर निगम गुरूग्राम द्वारा किए जा रहे कार्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में निगम पार्षद कुलदीप बोहरा, अनूप सिंह, अश्विनी शर्मा एवं सीमा पाहुजा, अधीक्षक अभियंता राधेश्याम शर्मा, कार्यकारी अभियंता सुंदर श्योराण, सहायक अभियंता राकेश जून, ब्रांड एम्बेसडर कुलदीप सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# नये ट्रांसफार्मर से हजारों उपभोक्ताओं को मिलेगी राहत

## उपभोक्ताओं ने बिजली निगम में कई बार दर्ज कराई थी शिकायत



**सोहना।** ओल्ड शहर में बिजली के लगने वाले कटों से उपभोक्ताओं को बिजली के लगने वाले कटों से छुटकारा मिलेगा। बिजली निगम ने पुराने शहर में बिजली कट की समस्या को दूर करने के उद्देश्य से 400 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाया है। जिससे एक हजारों बिजली उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा।

पिछले करीब एक साल से पुराना शहर के कायस्थ वाड़ा, कुम्हारवाड़ा, छीपीवाडा, नेहरू बाजार, बड़ा बाजार, हलवाई वाड़ा, पुरानी सब्जीमंडी, मोती प्लाजा आदि मोहल्ले में बिजली के लगने वाले कटों से हजारों उपभोक्ताओं के लिए परेशानी हो रही थी। जिसको लेकर यहां के उपभोक्ता बिजली निगम अधिकारियों के कार्यालय में कई बार लिखित में शिकायत दर्ज कराई है। इसके अलावा उपभोक्ताओं ने विधायक संजय सिंह से भी बिजली के लगने वाले कटों की समस्याओं को दूर करने की मांग की गई थी। विकास कुमार का कहना है कि 200 केवीए का लगा ट्रांसफार्मर पर करीब 1500 बिजली कनेक्शनों का लोड होने के कारण सप्लाई दिन में कई बार बाधित हो रही थी। गर्मी का मौसम तो जैसे-तैसे निकल गया। सर्दी शुरू होने पर भी बिजली के कट कम नहीं हो रहे थे।

### बिजली निगम ने बदला ट्रांसफार्मर

**बिजली** निगम ने उपभोक्ताओं की समस्या को दूर करने के उद्देश्य से 200 केवीए के स्थान पर 400 केवीए का ट्रांसफार्मर लगा दिया है। जिससे हजारों उपभोक्ताओं को बिजली के लगने वाले कटों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

### ऐसा कहते हैं अधिकारी

**बिजली** विभाग के जेई रोहित खान कहते हैं कि विभाग ने बड़ा ट्रांसफार्मर स्थापित कर दिया है। जिससे उपभोक्ताओं को अब बिजली के लगने वाले कटों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

# खाली सीटों पर खुली काउंसिलिंग कर छात्रों को दिए दाखिले

**गुरुग्राम।** राजकीय महाविद्यालय सेक्टर-9 में सोमवार को स्नातकोत्तर की खाली हुई 6 सीटों पर दोबारा दाखिला के लिए खुली काउंसिलिंग आयोजित करके विद्यार्थियों को दाखिले दिए गए।

महाविद्यालय में एमए में 1 सीट सामान्य वर्ग में खाली हुई थी। वहीं आरक्षित वर्ग के लिए एमए इक्नोमिक्स संकाय में 1 सीट, एमए एमएससी गणित संकाय में 2 सीट और एमसीए संकाय में 2 सीट खाली हुई थी। महाविद्यालय में दाखिला के लिए आवेदन करने वाले विद्यार्थियों को इस बारे में जानकारी दी गई थी कि 29 नवंबर को खाली हुई सीटों पर खुली काउंसलिंग के तहत दाखिले दिए हैं। सोमवार को सुबह कई विद्यार्थियों की उपस्थिति दर्ज कराई और उपस्थिति दर्ज कराने वाले विद्यार्थियों को दाखिला प्रक्रिया में शामिल किया गया। जिन विद्यार्थियों के नाम मेरिट सूची में नाम आया है, उनको रात्रि 12 बजे तक फीस जमा कराने का समय दिया गया है। राजकीय महाविद्यालय सेक्टर-9 के दाखिला नोडल अधिकारी ने बताया कि स्नातकोत्तर में एक-दो आरक्षित वर्ग की सीटों को छोड़कर अन्य सभी सीटों पर दाखिले हो चुके थे, लेकिन दिल्ली के महाविद्यालयों या अन्य जगह पर विद्यार्थियों के दाखिले होने के कारण 4 सीटें खाली हो गई थी।

# विधायकी के दो सालों में नालों में पानी तक ना ला पाया मैं, मंत्रीजी

## ग्रीवेंश कमेटी की बैठक में मंत्री के समक्ष क्षेत्रीय विधायक की अधिकारी की शिकायत

**कैलाश मंगला।** होडल



गांव पेंगलतु के निकट सूखा पड़ा नाला।

**क्षेत्र** के रजवाहों व नालों में सिचाई के लिए क्षेत्र के किसानों की पिछले कई सालों से चली आ रही मांग का मुददा क्षेत्रीय विधायक जगदीश नायर ने जिले के लघु सचिवालय में सोमवार को हुई ग्रीवेंश कमेटी की बैठक में जोर-शोर से उठाया है। बैठक में विधायक जगदीश नायर ने मंत्री बनवारी लाल से कहा कि उन्हें विधायक बने दो साल हो गए हैं। अभी तक भी क्षेत्र के रजवाहों व नालों में पानी नहीं पहुंचा है। उन्होंने कहा कि उन्होंने जिले के अधिकारियों से भी कई बार पानी पहुंचाने के लिए कहा, लेकिन कोई भी अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं देता।

बैठक में विधायक नायर ने सहकारिता, अनुसूचित जातियां एवं पिछडा वर्ग कल्याण मंत्री बनवारी लाल के समक्ष जिले के अधिकारियों द्वारा क्षेत्र की समस्याओं की ओर ध्यान ना देने के भी आरोप लगाए हैं। क्षेत्र के किसानों की मांग को देखते हुए मंत्री बनवारी लाल ने विधायक नायर की इस मांग को एक महीने के अंदर पूरा करने का आश्वासन दिया है। पिछले कई वर्षों से होडल में स्थित रजवाहों एवं नालों में सिंचाई के लिए पानी ना पहुंचने के कारण किसानों को फसल की बुवाई के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

फसल बुवाई के लिए उन्हें उचित मात्रा में पानी ना मिलने के कारण उनकी फसल को भी नुकसान हो रहा है। रजवाहों व नालों में से पानी ना मिल पाने के कारण किसानों को फसल बुवाई के लिए भारी पानी खरीदकर भरकम खर्चा ग्रहण करना व दर-दर भटकना पड़ रहा है। रजवाहों व नालों में पानी की मांग को लेकर किसान क्षेत्रीय विधायक जगदीश नायर के पास भी लगातार चक्कर काट रहे थे। क्षेत्र के किसानों की फसल बुवाई के लिए रजवाहों व नालों में पानी पहुंचाने की मांग को देखते हुए विधायक जगदीश नायर ने सोमवार को हुई ग्रीवेंस कमेटी की बैठक में मंत्री बनवारी लाल के समक्ष जोरशोर से उठाया है।

उन्होंने कहा कि रजवाहों व नालों में पानी ना होने के कारण किसानों को बुवाई के काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विधायक नायर ने बताया कि क्षेत्र के किसानों की इस मांग पर मंत्री बनवारी जिला अधिकारियों को आदेश दिए हैं कि वह जल्द किसानों को इस समस्या से निजात दिलाएं।

## संक्षिप्त समाचार

### 30 सूत्रीय मांगों को लेकर धरने पर बैठे कर्मचारी



अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे कर्मचारी।

**होडल।** ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन के आह्वान पर होडल बिजली बोर्ड परिसर में 30 सूत्रीय मांग पत्र की मांग को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन दिया गया। इस धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान लख्मी चंद रावत ने व मंच संचालन पूर्व प्रधान भगवान सिंह ने किया। गौरतलब है कि गत 13 नवंबर 2021 को रोहतक में आयोजित ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन हेड ऑफिस हिसार की राज्य कार्यकारिणी मीटिंग में लिए गए फैसले अनुसार सोमवार को पूरे प्रदेश में एक दिवसीय विरोध धरना प्रदर्शन किया गया है। ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन होडल यूनिट प्रधान नरेंद्र सिंह सौरोत ने बताया कि कर्मचारियों की मांग व समस्याओं के संदर्भ में निगम मैनेजमेंट को 30 सूत्रीय मांग पत्र दिया गया था। जिसमें एनपीएस (न्यू पेंशन स्कीम) को रद्द कर पुरानी पेंशन बहाली, कच्चे कर्मचारियों को विभाग के रोल पर लेने व ठेकेदार को बीच में से निकालने, एक्स ग्रेशिया स्कीम में नाजायज रूप से किए गए संशोधन को रद्द करने, बिजली संशोधन विधेयक 2021 को रद्द करने व निजीकरण पर रोक लगाने आदि मांग शामिल है परंतु निगम मैनेजमेंट ने इन मांगों पर अभी तक कोई संज्ञान नहीं लिया है इसी के विरोध में आज पूरे प्रदेश में सभी उप मंडल अधिकारी कार्यालयों पर एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया गया है। सौरोत ने बताया कि अगर निगम मैनेजमेंट ने जल्दी ही कर्मचारियों की मांगों और समस्याओं का समाधान नहीं किया तो आंदोलन को और तेज करते हुए 3 दिसंबर 2021 को यूनिट स्तर पर कार्यकारी अभियंता कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। सोमवार की इस मीटिंग में नरेश कुमार महलावत, पवन कुमार, पूर्व प्रधान विक्रम सिंह रावत, नरेश रावत, पूरन लाल खत्री, रोशन लाल, महिपाल, वेद प्रकाश, ओम प्रकाश, तसव्वर हुसैन, जितेंद्र डांगी, हरि सिंह के अलावा अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे।

### पति पर शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न का केस दर्ज

**सोहना।** भोंडसी थाना पुलिस ने विवाहिता की शिकायत पर पति के खिलाफ मानसिक व शारीरिक रूप से परेशान करने तथा पिता के घर से नकदी लाने के लिए मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। भोंडसी निवासी ज्योति चौहान ने पुलिस को बताया कि उसकी 10 वर्ष पहले गुरुग्राम सेक्टर-15 पार्ट टू निवासी दीपक चौहान से विवाह हुआ था। विवाह के बाद से उसने दो बच्चों को जन्म दिया, लेकिन उसका पति शादी से पहले ही ड्रग्स लेने का आदी था। यह बात ससुराल पक्ष से सास ऊषा चौहान व ससुर महिन्दर चौहान ने छुपाकर रिश्ता किया। दीपक से ड्रग्स के नशा में मानसिक व शारीरिक रूप से परेशान करने के साथ-साथ उसे तथा उसके दोनों बच्चों को कमरे में कैद करके रखता है। पूरा-पूरा दिन उन्हें कमरे से बाहर नहीं निकलने देता है। उसके साथ आए दिन मारपीट व गालियां देता है। उसे पिता के घर से नशा करने के लिए पैसा लाने का दवाब बनाता है। जिसकी इन हरकतों से वह और उसके बच्चे परेशान हो चुके हैं। विवाहिता ने बताया कि दीपक उसे तथा दोनों बच्चों को जान से मार देने की धमकियां देता है। कभी अपने आपको चोट पहुंचाने की बातें करता है। पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद जांच शुरु कर दी है।

### गाड़ी में से नगदी चोरी कर क्लीनर फरार, चालक गिरफ्तार



नगदी चोरी करने के मामले में पुलिस की गिरफ्त में चालक।

**होडल।** होडल थाना पुलिस ने गाड़ी में से हजारों रुपये की नगदी चुराने के मामले में चालक व क्लीनर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए दोनों आरोपियों को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया है। जांच अधिकारी महेंद्र ने जानकारी में बताया कि गांव इमलाबदा जिला आगरा थाना फतेहपुर सिकरी निवासी भगवान सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि वह आइसी कंटेनर सब्जी भरकर दिल्ली ओखला के लिए गया था। उसने बताया कि मेरे साथ गाड़ी चालक सरसा जिला आगरा यूपी निवासी पुष्पेंद्र व क्लीनर अमित मौजूद रहे। उसने बताया कि ओखला में गाड़ी खाली करके सब्जी की 76 हजार रुपये की नगदी लेकर आगरा की लिए लौट रहा था। उसने बताया कि रात लगभग दो बजे वह नेशनल हाइवे करमन बॉर्डर पर चाय पीने के लिए गाड़ी में से उतर गया और नगदी गाड़ी में ही रखी थी। उसने बताया कि जैसे ही में चाय पीने के लिए बैठा वैसे ही गाड़ी का क्लीनर अमित नगदी लेकर वहां से भाग गया। उसने बताया कि दुकानदारों की मदद से मैंने गाड़ी के चालक पुष्पेंद्र को मौके पर ही दबोच लिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर गाड़ी चालक को गिरफ्तार कर लिया है जबकि क्लीनर की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया है।

### एटीएम मशीन से 12.40 लाख उड़ाने वाले गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** सेक्टर-24 वर्लपूल रेफ्रिजरेटर कंपनी के गेट पर स्थित एटीएम से डिवाइस मशीन की मदद से 12,40,000 रुपये उडाने के मामले में क्राइम ब्रांच सेक्टर-56 की टीम ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी मनोज कुमार और अमित कुमार फतेहपुर बेरी दिल्ली के रहने वाले है। पुलिस प्रवक्ता सुबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना मुजेसर में एटीएम मशीन से पैसे उडाने का मामला दर्ज है। पुलिस कार्रवाई मे 28 नवम्बर को सेक्टर 9-10 के चौक से आरोपी मनोज कुमार और अमित कुमार को गिरफ्तार किया है।

# डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जयंती पर भोजपुरी महाकुंभ पांच दिसबंर को ताऊ देवीलाल स्टेडियम में

## दुष्यंत चौटाला, जेपी दलाल और मनोज तिवारी होंगे शामिल

## गोलू राजा, प्रियंका स्मिता सिंह समेत अनेक भोजपुरी कलाकारों आएंगे



**गुरुग्राम।** प्रवासी एकता मंच की ओर से इस बार डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जयंती समारोह सह भोजपुरी महाकुंभ का आयोजन पांच दिसबंर को राजीव चौक ताऊ देवीलाल स्टेडियम में किया जाएगा। मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला होंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि भाजपा सांसद मनोज तिवारी होंगे।

समारोह का उद्घाटन हरियाणा के कृषि मंत्री जेपी दलाल करेंगे। इस समारोह में गोलू राजा, प्रियंका पांडे, स्मिता सिंह समेत अनेक भोजपुरी गायक व गायिकाओं का भी मचेगा धमाल। प्रवासी एकता मंच के अध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह ने सेक्टर 4 जिमखाना क्लब में विभिन्न पूर्वांचली संगठनों की आयोजित एक बैठक में सत्येन्द्र सिंह ने कहा कि प्रवासी एकता मंच प्रत्येक साल डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जयंती पर भोजपुरी महाकुंभ का आयोजन करता रहा है। इसका एकमात्र मकसद पूर्वांचली एकता व कला-संस्कृति को बनाए रखना है। इस बार के समारोह में उन लोगों को भी सम्मानित किया जाएगा, जिनका गुरुग्राम में पक्का छठ घाट बनाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि कार्यक्रम के आयोजन में विभिन्न पूर्वांचली संगठनों के अलावा गुरुग्राम के विभिन्न छठ पूजा समितियों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहता है। बैठक में सत्येन्द्र सिंह के अलावा संदीप सिंह, अनुज सिंह, मनोज कुमार झा, भगवान झा, मनीष कुमार सिंह, दिलीप सिंह, उपेन्द्र सिंह, विजय तिवारी, मुकेश कुमार जायसवाल, राम कुमार सिंह, वेदानंद तिवारी आदि मौजूद रहे।

# सामाजिक संस्था के निदेशक को मिली जान से मारने की धमकी

**सोहना।** पशु तस्करों के खिलाफ नैन फाउंडेशन के निदेशक को फोन पर जान से मारने की धमकी मिली। पुलिस नामजद आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

भोंडसी पुलिस चौकी अंतर्गत देवनगर-2 रिठौज निवासी सतप्रकाश ने पशु तस्कर के खिलाफ जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज कराया है। सतप्रकाश ने पुलिस को बताया कि उसने पशु तस्कर साहिल कुरैशी के खिलाफ इसी वर्ष दिल्ली वसंत कुंज थाना में 113 नंबर मामला दर्ज कराया था। साहिल कुरैशी व उसके साथियों ने दिल्ली लोधी रोड से पशु चोरी किए थे। उसकी नैन फाउंडेशन के नाम से सामाजिक संस्था है। जिसका कार्य पशु चोरी करने वालों के खिलाफ पुलिस की मदद करके पकड़वाने का है। साहिल कुरैशी के खिलाफ उसने सुप्रीम कोर्ट में भी याचिका दायर की हुई है।

# किसान आंदोलन की लंबित मांगों को भी पूरा करे सरकार

**गुरुग्राम।** संयुक्त किसान मोर्चा गुरुग्राम के अध्यक्ष संतोख सिंह ने कहा कि किसान आंदोलन ऐतिहासिक जीत की ओर बढ़ रहा है। सरकार को किसान आंदोलन की मांगों के सामने झुकना पड़ा। उन्होंने कहा कि कृषि मंत्री की घोषणा पराली जलाना अब अपराध नहीं है, किसान आंदोलन ने ऐतिहासिक जीत की ओर एक कदम और बढ़ाया है।

उन्होंने कहा कि किसान संगठनों की मांग थी कि पराली जलाने को अपराध की श्रेणी से बाहर रखा जाए,किसानों की यह मांग केंद्र सरकार ने मांग ली है। उन्होंने सरकार से माँग की है कि किसान आंदोलन की लंबित माँगो को भी सरकार शीघ्र पूर्ण करें ताकि किसान अपने घर लौट सके। लंबित मांगों में एमएसपी की गारंटी का कानून बनाओ, किसान आंदोलन में शहीद हुए लगभग 700 किसानों के परिवारों के मुआवजे और पुनर्वास की व्यवस्था हो, किसान आंदोलन के दौरान किसानों पर दर्ज हुए झूठे मुकदमे वापस लो, विद्युत अधिनियम संशोधन विधेयक, 2020/2021 का ड्राफ्ट वापस लिया जाए, लखीमपुर खीरी हत्याकांड के सूत्रधार और सेक्शन 120 बी के अभियुक्त अजय मिश्रा टेनी को बर्खास्त करके गिरफ्तार किया जाए।

सोमवार को धरने में शामिल होने वालों में बलवान सिंह दहिया, योगेश्वर दहिया, पंजाब सिंह, फूल कुमार, तेजपाल यादव, रमेश दलाल, हरि सिंह चौहान, मनीष मक्कड, उम्मेद सिंह लावा, ईश्वर सिंह, राजवीर, जगमाल मालिक, मनोज झाड़सा, योगेश कुमार, आकाशदीप, रणजेय सिंह, रिटायर्ड कमांडेंट सत्यवीर सिंह, तथा अन्य व्यक्ति शामिल रहे।

# आईएपीएचडी की नेशनल कांफ्रेंस में एसजीटी के छात्रों ने जीते नौ अवार्ड

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



**एसजीटी** विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ डेंटल साइंसेज के पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री डिपार्टमेंट के विद्यार्थियों ने इंडियन एसोसिएशन ऑफ पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री (आईएपीएचडी) द्वारा आयोजित 25वीं आईएपीएचडी नेशनल कॉन्फ्रेंस (वर्चुअल) में भाग लेकर 9 अवार्ड जीतकर यूनिवर्सिटी को गौरवान्वित किया है।

फैकल्टी ऑफ डेंटल साइंसेज के डीन डॉ अनिल गुप्ता ने बताया कि इस कॉन्फ्रेंस का आयोजन 19 से 21 नवबंर तक 18 नवंबर को थीम के साथ एक प्री-कांफ्रेंस के साथ किया गया था। जिसका शीर्षक भारत में दंत सार्वजनिक स्वास्थ्य दक्षताओं को फिर से परिभाषित करना% रहा। कॉन्फ्रेंस के दौरान हुई वैज्ञानिक प्रतियोगिता में जनरल पोस्टर बनाना, लघु फिल्म निर्माण करना, टेबल क्लिनिक और पुतला चैलेंज की अलग अलग कैटेगरीज में विद्यार्थियों ने कई पुरस्कार जीते।

इस कॉन्फ्रेंस में फैकल्टी ऑफ डेंटल साइंसेज के पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री डिपार्टमेंट के हेड डॉ. शौर्य टंडन ने कांफ्रेंस में वैज्ञानिक सह-अध्यक्ष के रूप में मिली जिम्मेदारी को बखूबी निभाया। कॉन्फ्रेंस के दौरान रीडर डॉ मीनाक्षी चोपड़ा, सीनियर लेक्चरर डॉ. चारु खुराना और सीनियर लेक्चरर डॉ. अभिनव भार्गव ने विभिन्न साइंटिफिक सेशन्स की अध्यक्षता की।

प्रीकॉन्फ्रेंस के लिए अंतिम वर्ष के छात्रों और इंटर्न सहित 22 बीडीएस अंडर ग्रजुएट ने इस सेशन में भाग लिया। पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग के विद्यार्थियों ने ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट दोनों श्रेणियों में कई पुरस्कार जीते। पोस्ट ग्रेजुएट के तीसरे साल की छात्रा डॉ प्रेरणा ने सर्वश्रेष्ठ वैज्ञानिक पेपर प्रस्तुति का पुरस्कार जीता। पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री डिपार्टमेंट के अंडर ग्रेजुएट विद्यार्थियों में इलाक्षी, उदिता, अंशुला और अंशु को सर्वश्रेष्ठ जनरल पोस्टर बनाने के लिए व गीतिका, लोकेश, दीपांशी, निकिता, स्वाति और स्नेहा को शॉर्ट मूवी बनाने के लिए और नेहा गोयल, अतिभा मखीजा को टेबल क्लिनिक और अवि, इलाक्षी, लक्ष्य, विधि, बॉबी, तेजस और कोमल को मॉडल चैलेंज के लिए के लिए पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। डॉ. टंडन ने विभाग के सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को पुरस्कार जीतने पर बधाई दी।

# बजाज फिनसर्व ने लाइफ इंश्योरेंस में धोखाधड़ी से जागरूकता को 'सावधान रहें, सेफ रहें' कैंपेन के दूसरे चरण की शुरुआत की

**पायनियर समाचार सेवा।** पुणे



**भारत** के सबसे बड़े व्यवसायिक समूहों में से एक, बजाज फिनसर्व, ने आज लाइफ इंश्योरेंस में धोखाधड़ी पर केंद्रित अपने जन-जागरूकता अभियान, 'सावधान रहें, सेफ रहें' के दूसरे चरण की शुरुआत की। इस अभियान का उद्देश्य अपने ग्राहकों तथा आम जनता को इस तरह की धोखाधड़ी से सुरक्षित रहने के तरीकों के बारे में जानकारी प्रदान करना है। कंपनी के सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इस अभियान का संचालन किया जाएगा।

बजाज फिनसर्व अपनी इस जागरूकता पहल के माध्यम से लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी खरीदने वाले ग्राहकों को एक महत्त्वपूर्ण संदेश देना चाहता है कि, पॉलिसी खरीदने से पहले इससे संबंधित सभी दस्तावेजों की सावधानीपूर्वक जांच करना और सिर्फ बीमा कंपनी की वेबसाइट पर जाकर विवरणों को सत्यापित करना बेहद जरूरी है। कभी-कभी धोखेबाज भोले-भाले ग्राहकों को कम प्रीमियम वाले ऑफर का लालच दे सकते हैं और फर्जी दस्तावेजों के साथ पॉलिसी बेच सकते हैं। इस कैंपेन के जरिए ऐसी तमाम जानकारी को लोगों के सामने उजागर किया गया है, जिन्हें पॉलिसीधारकों को पॉलिसी की असलियत की जांच के लिए जानना बेहद जरूरी है।

'गुप्ता जी' के बेहद प्यारे किरदार के साथ इस कैंपेन का जिंगल, 'ना जी ना जी' भी बड़ा मनमोहक है, जो बिल्कुल अनोखे अंदाज में जागरूकता के इन संदेशों को लोगों तक पहुंचाता है। इस कैंपेन के माध्यम से ग्राहकों को अपना मोबाइल नंबर,ओटीपी,पते का प्रमाण, बीमा पॉलिसी विवरण जैसी गोपनीय जानकारी साझा करने नहीं करने और सतर्क रहने का संदेश दिया गया है। कैंपेन के जरिए यह संदेश भी दिया गया है कि, ग्राहकों को कभी भी अतिरिक्त बोनस या अधिक फायदे वाले ऑफर के लालच में अपनी मौजूदा पॉलिसी को सरेंडर नहीं करना चाहिए।

बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस ने अपने ग्राहकों के बीच जागरूकता फैलाने के साथ-साथ जनताध्ग्राहकों को धोखेबाजों से बचाने के लिए, कुछ सुरक्षा टिप्स भी साझा किए हैं। इनमें शामिल हैं: अपने दस्तावेजों, जैसे कि पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट आदि को कभी भी किसी अनजान व्यक्ति से साझा न करें। बजाज आलियांज लाइफ कभी भी ग्राहकों से किसी भी तरह के काम के लिए आपके मूल दस्तावेजों को जमा करने का आग्रह नहीं करता है। कभी भी एक खाली प्रस्ताव फॉर्म पर हस्ताक्षर न करें, और अगर हमारी कंपनी का कोई एजेंटध् कर्मचारी ऐसा करने के लिए कहता है,

तो आप टोल-फ्री नंबर 1800-209-4040 पर फोन करके, अथवा कस्टमरकेयरएटदरेटबजाजएलाइंजडॉटकोडॉटइन पर सूचना दे सकते हैं।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 30 नवंबर, 2021



# बीके अस्पताल के चिकित्सकों ने बचाई बुजुर्ग की जान

### चक्कर आने पर गिरने वाले बुजुर्ग को सहारा और इलाज देकर किया स्वस्थ

**कविता।** फरीदाबाद

**जिले** के बादशाह खान सिविल अस्पताल में आ रहे गरीब और बेसहारा मरीजों के मददगार चिकित्सक बन गए हैं। ऐसा ही बीके अस्पताल में सोमवार को देखने को मिला। जहां एक बुजुर्ग व्यक्ति को बेहोश होते देखकर वहां से निकल रही महिला नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. शिखा ने देख लिया। उन्होंने तुरंत उसे गिरने से पहले ही संभाल लिया। वहां मौजूद वैटिंग चेयर पर अकेले ही लिटा दिया। जिसके बाद फिजिशियन चिकित्सक डॉ. दिनेश रंगा को बुलाकर उनकी जांच करवाई। जिसके बाद इस व्यक्ति को अस्पताल के अपातकालीन कक्ष में भर्ती करवाया। लेकिन इस दौरान ओपीडी में स्ट्रेचर न होने से थोड़ी परेशानी हुई।


ओपीडी में बीपी शुगर कम होने से बेहाल बुजुर्ग का इलाज करते चिकित्सक।

### अचानक हुआ बेहोश

**नेत्र** रोग विशेषज्ञ डॉ. शिखा अपने कमरे में मरीजों की जांच कर रही थी। तभी वह किसी काम से कक्ष से बाहर निकली तो उन्होंने देखा कि कमरा नम्बर 9 के बाहर मोहन राम नामक व्यक्ति, जिनका ऑपरेशन हुआ था। वह खड़े हुए थे और अचानक चक्कर खाकर गिरने वाले थे। 66 वर्षीय मोहनराम को गिरते हुए देखकर उन्हें अजीब लगा और उन्होंने तुरंत उन्हें पकड़ लिया और उन्हें बैठाते हुए अपने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को बुलाया। जिसके माध्यम से उन्होंने शुगर और बीपी की जांच करवाई। जिससे पता चला कि शुगर और बीपी कम था। जिस पर उन्होंने तुरंत फिजिशियन डाक्टर को बुलवा लिया। फिजिशियन डॉ. दिनेश रंगा ने बीपी और शुगर कम देखते हुए बुजुर्ग को तुरंत अपातकालीन कक्ष में शिफ्ट करने के निर्देश दे दिए।

#### जब सच्ची मानवता की प्रतीक बनी डा. शिखा

**यह** सारा घटनाक्रम पायनियर संवाददाता के सामने हुआ। चिकित्सक डा. शिखा ने अकेले ही बुजुर्ग को संभाला। वहीं फिजिशियन के अपने कक्ष से आकर मरीज की जांच के बाद उसे तुरंत अपातकालीन कक्ष में भेजने के आदेश दिए। जोकि अस्पताल के डाक्टरों का मानवीय कदम था। मौजूद मरीजों ने कहा कि ये चिकित्सक सच्ची मानवता वाली है। स्ट्रेचर की कमी महसूस होने पर महिला चिकित्सक ने कर्मचारी को अपातकालीन कक्ष में भेजकर स्ट्रेचर मंगवा लिया। जिसके बाद डा. शिखा ने बुजुर्ग को अपातकालीन कक्ष में शिफ्ट करवा कर इलाज शुरू करवाया।

## संक्षिप्त समाचार

### शिक्षिकाओं का करवाया निः शुल्क मैमोग्राफी टेस्ट


के एल मेहता वूमन कालेज में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए।

**फरीदाबाद।** महिलाओं में बहुतायत में पाई जाने वाली ब्रेस्ट कैंसर के रोग की पूर्व जानकारी के लिए किये जाने वाले मैमोग्राफी टेस्ट का निःशुल्क जांच शिविर रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद संस्कृति द्वारा स्थानीय केएल मेहता दयानंद महिला कालिज की महिला सेल के संयुक्त तत्वावधान में कॉलेज की शिक्षिकाओं के लिए आयोजित किया गया। इसी अवसर पर गुरुग्राम की प्रसिद्ध वरिष्ठ महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. पुष्पा सेठी द्वारा ब्रेस्ट कैंसर एवं सर्वाइकल कैंसर इत्यादि से जुडी महत्वपूर्ण जानकारी भी महिला शिक्षिकाओं एवं कालिज में पढ़ रही छात्राओं के साथ साझा की गयी। कार्यक्रम के आयोजन के लिए, प्रधानाचार्या डॉ. मंजू खन्ना द्वारा रोटरी का आभार प्रकट किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में महिला सेल की प्रमुख मीनू मैडम एवं बीनू मेहता की सक्रिय भूमिका रही। सेमीनार के अंत मे डॉ. पुष्पा सेठी को एक स्मृति चिन्ह भी प्रदान किया गया। क्लब की ओर से क्ल्ब की प्रथम महिला सुनीता विज, बेला अग्रवाल, नीलम सिंघल, कविता सिंघल एवं क्लब ट्रेनर रोटेरियन संदीप सिंघल क्लब सचिव रोटेरियन सुनील गुप्ता उपस्थित थे।

### मनाया जा रहा है मधुमेह सप्ताह



**फरीदाबाद।** सुधा रस्तोगी कॉलेज के पेरियोडोंटोलॉजी विभाग द्वारा 15 से 30 नवंबर तक मधुमेह सप्ताह मनाया जा रहा है। मौखिक स्वास्थ्य और मधुमेह के बीच एक गहरा सम्बंध होता है। इसी विषय पर ओपीडी में आए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। मौखिक स्वास्थ्य से शरीर की अन्य बीमारियों के बारे में काफी कुछ पता लगाया जा सकता है। जिनके बारे में मरीज को समान्य तौर से जानकारी नहीं होती। खराब मौखिक स्वास्थ्य शरीर में मधुमेह की स्थिति को और खराब कर सकता है और इसी के विपरीत जिन लोगों का मधुमेह अधिक होता है, उनके मुंह से तमाम तरह की बीमारियां होने की सम्भावना अधिक हो जाती है। इसलिए, मधुमेह सप्ताह पर डॉक्टर सही सलाह देते हैं कि नियमित समय पर मौखिक स्वास्थ्य के साथ-साथ शरीर में मधुमेह की मात्रा की जांच आवश्यक करानी चाहिए। कॉलेज के कमरा नम्बर आठ में लोगों को मौखिक सफाई का महत्वक समझाया जा रहा है तथा रक्त में मधुमेह की मात्रा की जांच भी की जा रही है।

### बाजारों के बाद सब्जी मंडियों में लगाया वैक्सीनेशन कैम्प



**फरीदाबाद।** वैक्सीनेशन को बढ़ावा देते हुए जिले में जगह-जगह कैम्प लगाए जा रहे हैं। जहां बाजारों में लोगों को कोरोना से बचाव का टीका लगाया जा रहा है। वहीं सोमवार से सभी मंडियों में कोरोना से बचाव के लिए टीकाकरण शिविर लगाए गए। सोमवार को 9591 लोगों को कोरोना से बचाव का टीका लगाया गया। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. मान सिंह ने बताया कि वह तेजी से जिले में टीकाकरण को बढ़ावा देने के लिए जगह-जगह कैम्प लगा रहे हैं। सोमवार को जिले में 18 प्लस आयुवर्ग में सरकारी में 1713 और निजी में आठ लोगों को प्रथम डोज लगी। वहीं दूसरी डोज सरकारी में 6151 और निजी में 21 लोगों को लगी। 45 प्लस आयुवर्ग में प्रथम डोज सरकारी में 343 और सैकेंड डोज 1150 लगी। निजी में सैकेंड डोज मात्र एक को लगी। 60 प्लस आयुवर्ग में सरकारी में प्रथम डोज 32 को और निजी में एक बुजुर्ग को लगी। सैकेंड डोज 164 ने सरकारी में और सात बुजुर्गों ने निजी अस्पताल में लगवाई। वहीं दूसरी तरफ सोमवार को जिले में कोरोना का मात्र एक ही मरीज पॉजिटिव आया। जिससे जिले में एक्टिव केसों की संख्या 26 पर पहुंच गई।

### यूनियन के शिष्टमंडल की कार्यकारी अभियंता के साथ हुई बैठक



**फरीदाबाद।** हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्लूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन यूनियन जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी ब्रांच फरीदाबाद, की कर्मचारियों की मांगों को लेकर यूनियन के शिष्टमंडल की कार्यकारी अभियंता के साथ बैठक हुई। इस मौके पर यूनियन के पूर्व प्रधान वीरेंद्र सिंह डंगवाल राज्य कमेटी के उप कोषाध्यक्ष अतर सिंह विशेष रुप से उपस्थित रहे। बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के बाद सहमति बनी। इस बैठक में पंचायती पंचायती पंप ऑपरेटर के बकाया वेतन का भुगतान करने। लघु सचिवालय सेक्टर 12 के पंप चेंबर की रिपेयरिंग करने आउटसोर्सिंग पर कार्यरत कर्मचारियों को पे रोल पर रखकर उन्हें ईएसआई और पीएफ का भुगतान करने के अलावा नौकरी के दौरान गुमशुदा हुए रामजी लाल पंप ऑपरेटर के 7 वर्षो के बकाया वेतन का भुगतान करने, सभी कर्मचारियों को डांगरी, जूते, गुम बूट, हैलमेट, इत्यादि चीजें प्रदान के अलावा काम करने के लिए आवश्यक सामग्री और सभी कर्मचारी की मेडिकल भत्तों का भुगतान करने, सेक्टर 8 के पॉलिटेक्निक स्टाफ क्वार्टरों की रिपेयरिंग आदि मांगों से भी सहमति बनी। इस बैठक में जिले के चेयरमैन अत्तर सिंह, जगदीश चंद्र, जिला सचिव राजकुमार आदि भी उपस्थित रहे।

# अंतिम पंक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है लक्ष्य : मंत्री मूलचंद शर्मा

### सेक्टर-12 खेल परिसर में लगाए गए मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेले का किया उद्घाटन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**परिवहन** मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि समाज में अंतिम पंक्ति में खड़े जरूरतमंद व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाकर उसे समाज की मुख्य धारा में लाने का कार्य वर्तमान सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि आम जनता के हित को ध्यान में रखकर योजनाएं बनाई जा रही हैं और लोगों को जरूरत के अनुसार रोजगार मुहैया करवाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना भी अंत्योदय से जुड़ी इसी योजना का एक हिस्सा है। परिवहन मंत्री सोमवार को सेक्टर-12 खेल परिसर में आयोजित मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेले का उद्घाटन करने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत करते हुए कह रहे थे। मेले में शहरी क्षेत्र के पांच जोन, 18 विभागों व सात बैंकों द्वारा अपने-अपने स्टाल लगाए गए।


अंत्योदय परिवार उत्थान मेले का रिबन काट कर शुभारंभ करते परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा व विधायक सीमा त्रिखा, राजेश नागर, नरेंद्र गुप्ता व नयनपाल रावत।

परिवहन मंत्री ने कहा कि सोमवार को मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेले में योजना से जुड़े संबंधित विभागों द्वारा अपने से जुड़ी योजनाओं के सम्बंध में जानकारी देंगे। विभागों ने आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से अपनी-अपनी स्टाल लगाई गई हैं। जहां स्टाल पर पहुंचने पर सम्बंधित अधिकारियों के द्वारा विचार-विमर्श उपरांत मार्गदर्शन दिया जा रहा है जिससे संबंधित वर्ग योजनाओं का भरपूर लाभ ले सकें। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि खेल परिसर सेक्टर-12 में 29 और 30 नवंबर 2021 तक मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेले का भरपूर लाभ लें। उन्होंने कहा कि अपने व अपने रुचि के क्षेत्र से जुड़ी योजना के संबंध में जानकारी प्राप्त कर इसका समुचित लाभ लेकर समुचित लाभ लें। इस अवसर पर बड़खल की विधायक सीमा त्रिखा ने कहा कि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार कल्याण योजना एक महत्वपूर्ण योजना है और इससे जरूरतमंदों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने लोगों से इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। तिगांव के विधायक राजेश नागर ने इस तरह के मेलों को बेहतरीन बताया। उन्होंने कहा कि कोई व्यक्ति अगर अपना छोटा रोजगार शुरू करना चाहे तो इस तरह के मेले उसके लिए महत्वपूर्ण साबित होते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के मेले भविष्य में भी आयोजित किए जाएंगे।

फरीदाबाद के विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि इस तरह की पहल के जरिए हम समाज के सभी लोगों को मुख्य धारा से जोड़ सकते हैं। पृथला के विधायक नयन पाल रावत ने बेहतरीन आयोजन के लिए प्रशासन को बधाई दी। इस अवसर पर एनआईटी से विधायक नीरज शर्मा, मेले के नोडल अधिकारी एवं मंडलायुक्त संजय जून, उपायुक्त जितेंद्र यादव, अतिरिक्त उपायुक्त सतबीर मान, एसडीएम फरीदाबाद परमजीत सिंह चहल, एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, एसडीएम बड़खल पंकज सेतिया, नगराधीश पुलकित मल्होत्रा, सीएमजीजीए करण कपूर सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# होटल के कमरे में युवती पर किया दोस्त ने जानलेवा हमला


घटना के बाद घायल युवती को होटल से बाहर लाते पुलिसकर्मी।

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**एनएच-पांच** स्थित होटल आर्किड के कमरे में ठहरे एक युवक ने तेज धारदार हथियार से युवती का गला रेत डाला। हमले के बाद युवती किसी तरह जान बचाने के लिए कमरे से बाहर निकलने में कामयाब हो गई और बाहर आकर बेहोश होकर गिर गई। सूचना मिलने हेल्पलाइन नंबर 112 की गाड़ी में मौके पर पहुंच कर युवती को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### यह है मामला

**एनएच-पांच** स्थित होटल आर्किड में एसजीएम नगर निवासी 23 वर्षीय यश अग्रवाल ने यूपी की रामपुर निवासी 21 वर्षीय युवती के साथ कमरा लिया था। युवती यहां एनएच-पांच में अपने रिश्तेदारों के यहां रहती थी। सुबह से ठहरे युवक और युवती के बीच दोपहर को न जाने क्या हुआ कि गुस्से में युवक ने तेज धारदार हथियार से युवती का गला रेत दिया। जिस पर वह खून से लथपथ होकर जान बचाने के लिए भागते हुए चीखते हुई बाहर निकल गई। जिस पर मौके पर मौजूद लोगों ने खून से लथपथ युवती को देखकर पुलिस को सूचित किया।

112 हेल्पलाइन समेत पुलिस की कई गाड़िया मौके पर पहुंच गई। लेकिन एम्बुलेंस न पहुंचने के कारण पुलिस को मजबूरी में घायल युवती को 112 की गाड़ी की मदद से अस्पताल पहुंचाना पड़ा। सूचना मिलने पर युवती के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। डाक्टरों द्वारा रेफर करने पर परिजन ने उसे शहर के एक निजी अस्पताल में दाखिल करवा दिया। समाचार लिखे जाने तक युवती पर हुए जानलेवा हमले के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की छानबीन कर पूरे मामले का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

# मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेला सिर्फ ढकोसला: नीरज शर्मा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जिले** में लगे मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेला पहुंचे विधायक नीरज शर्मा ने मेले को ढकोसला बताया। सरकार को घेरते हुए उन्होंने कहा ये सिर्फ जनता के पैसों की बर्बादी की जा रही और लोगों की आंखों में धूल झोंकने का काम किया जा रहा है।

उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए कहा की यहां आते ही जब उन्होंने अपने क्षेत्र के बारे में अधिकारियों से पूछा तो उन्होंने कुछ 255 लोगों की लिस्ट उन्हें पकड़ा दी, मगर हैरानी तब हुई जब उन्होंने देखा कि उन 255 में 57 नाम ऐसे नाम शामिल थे जोकि उनके विधानसभा से थे ही नहीं।

यही नहीं विधायक नीरज शर्मा ने तो उस लिस्ट में ऐसे भी लोगों के नाम दिखे। जिनकी महीने की तनख्वाह करीब 1 लाख या उससे भी अधिक है। इस योजना को लेकर उन्होंने सरकार को लताड़ते हुए कहा कि ऐसे कई व्यक्ति है जो विकलांग है या सच में जिनको इस योजना का लाभ मिलना चाहिए उनका नाम इस लिस्ट में है ही नहीं। विधायक नीरज ने याद दिलाया कि मैंने इन मुद्दों को विधानसभा में भी उठाया था लेकिन इसके बावजूद इस मामले को संज्ञान में नहीं लिया गया। इसके अलावा विधायक ने बंद पड़ी प्रेस कॉलोनी के पतों पर रहने वाले लोगों का नाम दिखाते हुए मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेले की आड़ में चल रहे फर्जीवाड़े से भी पर्दा उठाया।


विधायक नीरज शर्मा।

# प्रदूषण रोकने को हटाई 17 पुरानी गाड़ियां

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**भारत** सरकार की नई स्क्रैप पॉलिसी और फरीदाबाद प्रशासन की मुहिम अब जमीन पर दिखने लगी है। बालाजी बजाज व रेनबो गैस एजेंसी ने एक नई पहल की शुरुआत करते हुए एक साथ डेढ़ दर्जन नई गाड़ियों की खरीदारी की।


नई गाड़ियों के साथ एजेंसी और अन्य लोग।

जानकारी के मुताबिक प्रदूषण की बढ़ती समस्याओं को देखते हुए व सरकार की गाइडलाइंस को जमीनी हकीकत में उतारने के लिए फरीदाबाद प्रशासन ने लगातार कई दिनों से सड़क पर चल रहे पुराने वाहनों को इंपाउंड की मुहिम चला रखी है। इसका असर अब दिखने भी लगा है कि कई संस्थान अपनी पुरानी गाड़ियों को हटाकर उसकी जगह नई गाड़ियां का उपयोग करना शुरू कर रहे है। इसी कड़ी में रेनबो गैस एजेंसी ने पहल की। इसमें विशेष योगदान बालाजी मोटर के मुकेश कौशिक व रेनबो गैस एजेंसी के मैनेजर सर्वेश यादव व बजाज की पूरी टीम ने मिलकर इस अभियान को गति देने के लिए पिछले दिनों एक मीटिंग की और बजाज कंपनी ने कुछ स्पेशल ऑफर देते हुए इस मुहिम में गति प्रदान की। जिसमें मुकेश कौशिक ने विशेष रोल निभाया और 17 पुरानी गाड़ियों को सड़क से हटाकर नई गाड़ियां इस्तेमाल में लाने की शुरुआत की।

इस मौके पर दर्जनों लोगों की उपस्थिति में पूर्व मंत्री टीम पंडित जी की तरफ से वरिष्ठ समाजसेवी मुनेश शर्मा ने सभी लोगों को बधाई दी और पर्यावरण को स्वच्छ रखने में इस मुहिम में जो योगदान बजाज बालाजी और रेनबो गैस एजेंसी को बधाई दी। इस मौके पर गणमान्य व्यक्तियों के साथ बजाज ओटो के रीजनल मैनेजर मनप्रीत बिंद्रा, एरिया सेल्स मैनेजर विकास बिष्ट, मैनेजर कैलाश गोयल सर्विस मैनेजर संजीत कुमार यादव रेनबो गैस एजेंसी के चेयरमैन हेम सिंह राणा के प्रतिनिधि मैनेजर सर्वेश यादव और बालाजी मोटर की पूरी टीम उपस्थित रही। कार्यक्रम में आए हुए सभी मेहमानों का बालाजी के चेयरमैन मुकेश कौशिक ने रेनबो गैस एजेंसी के चेयरमैन हेम सिंह राणा का विशेष धन्यवाद किया एवं आए हुए सभी लोगों को शुभकामनाएं दीं।

# मुंबई में हत्या कर फरार चल रहा आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** वर्ष 2021 के दौरान मुंबई पुलिस द्वारा एक हत्या के जुर्म में अभियोग दर्ज किया गया था। जिसमें मुख्य रूप से आरोपी हरियाणा के भिवानी के रहने वाले थे। हत्या के बाद आरोपी विक्रम मुंबई पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया था, लेकिन लॉकडाउन का फायदा उठाकर आरोपी प्रमोद वहां से भागने में सफल हो गया था।

मुंबई पुलिस की सूचना पर व हरियाणा पुलिस के उच्चाधिकारियों के आदेशानुसार क्राइम ब्रांच सेक्टर 30 की टीम ने आरोपी प्रमोद को गिरफ्तार कर आगामी कार्रवाई के लिए मुंबई पुलिस को सौंपा दिया है। पुलिस प्रवक्ता सुबे सिंह ने बताया कि आरोपी विक्रम व प्रमोद ने सिक्योरिटी गार्ड के रूप में मुंबई के संदीप को रखा हुआ था। आरोपियों के अनुसार सिक्योरिटी गार्ड संदीप दशरथ पंवार गाड़ियों से छोटा-मोटा सामान चार्जर म्यूजिक सिस्टम इत्यादि चुरा लेता था। जिससे उसे मौत के घाट उतार दिया था।

# देशभर में पहली बार नहीं मनेगा विश्व एड्स दिवस

### एक दिसंबर को काला दिवस मनाऐंगे हरियाणा एड्स कर्मचारी

**कविता।** फरीदाबाद

**हर साल** एक दिसंबर को देशभर में विश्व एड्स दिवस मनाया जाता है। लेकिन इस बार हरियाणा एड्स कंट्रोल विभाग के कर्मचारी पूरे देश में इस दिन को काला दिवस के रूप में मनाऐंगे। कर्मचारियों ने इसके विरोध में सोमवार को काले बिल्ले लगाकर काम किया। उन्होंने कहा कि वह एड्स दिवस के दिन काले कपड़े पहनकर इसे काले दिवस के तौर पर मनाऐंगे।


बीके अस्पताल में काला रिबन बांध कर रोष प्रकट करते कर्मचारी।

### जिले में 26 कर्मचारी

**जिले** में कुल 26 हरियाणा एड्स कंट्रोल विभाग के कर्मचारी काम कर रहे है। जिसमें से बीके अस्पताल के आईसीटीसी सेंटर में छह, ओएसटी सेंटर में चार और ब्लड बैंक में पांच कर्मचारी कार्यरत हैं। इसके अलावा ईएसआई सेक्टर-आठ में स्थित एआरटी सेंटर में छह कर्मचारी, एनएच तीन स्थित मेडिकल कॉलेज में चार और बल्लभगढ़ के सिविल अस्पताल में दो कर्मचारी तैनात हैं। इन सभी ने बताया कि उन्हें विभाग की तरफ से लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है। जिसके कारण उन्होंने विश्व एड्स दिवस को काले दिवस के रूप में मनाने का फैसला लिया है।

### कर्मचारियों की मांग

**आल** इंडिया एड्स कंट्रोल इम्प्लॉइस वेलफेयर एसोसिएशन के जिला प्रधान कृष्ण ने बताया कि सोमवार को उन्होंने काले बिल्ले लगाकर सरकार के खिलाफ अपना रोष प्रकट किया है। जिसमें उन्होंने निर्णय लिया है कि आगामी एक दिसंबर को वह काले कपड़े पहनकर विश्व एड्स दिवस को काला दिवस के नाम से मनाऐंगे। उन्होंने बताया कि 2017 एनएसीपी-5 शुरू होना था, जो नहीं किया गया। यह महंगाई के हिसाब से सेलरी रिवाईज होती है, लेकिन तब से यह केवल चिकित्सकों के लिए ही शुरू की गई थी। लेकिन कर्मचारियों को इससे दूर रखा गया। जिसमें काउंसलर, एलटी, ओआरडब्ल्यू वर्कर्स शामिल है। कर्मचारियों का कहना है कि मेडिक्लेम की सुविधा नहीं है।

# ओएलएक्स पर फर्जी कंपनी बनाकर ठगने वाले गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर-30 के प्रभारी इंस्पेक्टर विमल की टीम ने ओएलएक्स पर फर्जी रजिस्टर्ड कंपनी साइट बनाकर लोगो से ठगी करने वाले 3 आरोपियो को हरियाणा के अलग-अलग स्थान से गिरफ्तार किया। आरोपियों से कार और तीन मोबाइल फोन बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपी मनदीप उर्फ संदीप गांव गोकलपुर भिवानी, नरेश निवासी उत्तम नगर भिवानी और आरोपी मनोज गांव बलियाना रोहतक के रहने वाले है।

पुलिस प्रवक्ता सुबे सिंह ने बताया है कि आरोपियों ने 7 नवम्बर को फरीदाबाद के भूपेंद्र सिंह के साथ ओएलएक्स पर फर्जी रजिस्टर्ड कंपनी साइट से उसकी गाड़ी को मुंबई उसके बेटे के पास भेजने के नाम पर 20,000 रुपये ठग लिए थे। जिसका मुकदमा थाना सेक्टर-7 में दर्ज किया गया। जिसपर कार्रवाई करते हुए आरोपी मनदीप उर्फ संदीप को भिवानी से, आरोपी नरेश को हिसार से तथा आरोपी मनोज को गुरुग्राम से गिरफ्तार किया है।

# जल्द होगा दो डाटा सेंटर भवनों का निर्माण

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**योट्टा** इंफ्रास्ट्रक्चर ने घोषणा की कि वह जनवरी 2022 में अपने ग्रेटर नोएडा डेटा सेंटर पार्क में दो और डेटा सेंटर भवनों का निर्माण शुरू करेगी। दोनों भवनों में प्रत्येक में 30 मेगावाट आईटी लोड की क्षमता होगी और जनवरी 2024 में ग्राहकों को सेवा के लिए तैयार होंगे। डेटा सेंटर पार्क में पहली इमारत, जिसके लिए जनवरी 2021 में निर्माण शुरू हुआ था, जुलाई 2022 तक ग्राहक सेवा के लिए 18 महीने के कम समय में तैयार हो जाएगा। एक बार पूरा हो जाने पर, इसकी क्षमता 30 मेगावाट आईटी लोड होगी।

उत्तर प्रदेश सरकार ने अक्टूबर 2020 में कंपनी को ग्रेटर नोएडा में 20 एकड़ का अत्याधिक विशाल (हाइपरस्केल), डेटा सेंटर पार्क स्थापित करने की मंजूरी दी। यह इस क्षेत्र का पहला डेटा सेंटर पार्क होगा, जिसमें 6 इंटरकनेक्टेड डेटासेंटर भवन होंगे, जो 250 मेगावाट से अधिक बिजली द्वारा संचालित 30,000 रैक क्षमता वाले होंगे। पार्क को स्थापित करने की अनुमानित लागत लगभग



7000 करोड़ रुपये (950 मिलियन यूस डॉलर) है। यह परियोजना उत्तर प्रदेश में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार भी पैदा करेगी क्योंकि कंपनी डेटा केंद्रों के संचालन और निर्माण के लिए अपनी टीम का विस्तार तेजी से कर रही है। उत्तर प्रदेश को एक प्रौद्योगिकी केंद्र के रूप में बदलने के विकास और उनके दृष्टिकोण पर टिप्पणी करते हुए, उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, उत्तर प्रदेश आज सर्वांगीण विकास में सबसे आगे है। मैं हीरानंदानी ग्रुप व्यापार समूह और योट्टा को इस पहल के लिए बधाई देता हूं, जो नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाएगा और देश की डिजिटल अर्थव्यवस्था को विकसित करेगा। योट्टा इन्फ्रास्ट्रक्चर के सह-संस्थापक और सीईओ सुनील गुप्ता ने कहा, डिजिटल त्वरण के कारण इस क्षेत्र की बढ़ती मांग को देखते हुए, हमने जनवरी 2022 से 30 मेगावाट आईटी लोड के दो नए डेटा सेंटर भवनों का निर्माण शुरू करने का निर्णय लिया है, और यह हम अपनी मूल योजना से बहुत पहले शुरू कर रहे हैं। हमारा डेटा सेंटर पार्क इस क्षेत्र का सबसे बड़ा होगा, जो ग्राहकों के लिए 100 फीसद हरित ऊर्जा के विकल्प के साथ निरर्थक 220 केवी एक्सप्रेस फीडर और एक ऑन-साइट सबस्टेशन द्वारा संचालित होगा। कई टेल्को ऑपरेटरों, निरर्थक फाइबर के विभिन्न रास्तों और विभिन्न सार्वजनिक और निजी इंटरनेट एक्सचेंजों और बीटीएस, थोक और खुदरा कोलोकेशन और विभिन्न क्लाउड और प्रबंधित सेवाओं की उपलब्धता के साथ, यह अत्यधिक इंटरकनेक्टेड डेटा सेंटर पार्क दुनिया भर से और विभिन्न उद्योगों के ग्राहकों को आकर्षित कर रहा है।


पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 30 नवंबर, 2021



## संभावित खतरा

### कोरोना का नया प्रतिरूप

**कोरोनावायरस** में नया परिवर्तन खतरे का संकेत दे रहा है और हम अभी एक बार फिर इसके लिए तैयार नहीं हैं। भारत में सामान्य स्थिति बहाल हो रही है और अधिकांश लोगों ने कोविड-उपयुक्त व्यवहार छोड़ दिया है क्योंकि उनकी समझ में वायरस वैश्विक महामारी अब भारत से चली गई है। ऐसे में कोरोना के दक्षिण भारतीय रूप ने जोर से खतरे की घंटी बजा दी है। वर्तमान समय में बहुत से लोग मास्क पहन रहे हैं, लेकिन लगभग इतने ही लोगों ने सचेतन रूप से इसके पहनना बंद कर दिया है। तथ्य यह है कि त्योहारी मौसम के बाद भी वायरस संक्रमण नहीं बढ़ा, जबकि लगभग सारे सुरक्षा उपायों को इस गलत धारणा से अनदेखा किया गया कि सबसे बुरा वक्त बीत गया। दु:ख है कि ऐसा सोचना गलत है। डब्लूएचओ ने ओमीक्रान को 'चिन्ताजनक स्वरूप' घोषित कर दिया है। इसका अर्थ है कि हमें जोखिम नहीं लेना चाहिए। दुनिया को ओमीक्रान के बारे में समुचित जानकारी नहीं है। दक्षिण अफ्रीका, बोट्सवाना, बेल्जियम, हांगकांग और इस्राइल में भी इसके मामले पाए गए हैं। यह स्वरूप यूरोप भी पहुंच गया है क्योंकि इसके दो मामले ब्रिटेन में भी मिले हैं। हालांकि, वैज्ञानिक अभी यह नहीं जानते हैं कि इसका विस्फोट हो सकता है, पर उनको कहना है कि इससे पुन: संक्रमण का खतरा बढ़ा है। शुरुआती शोध से स्पष्ट है कि इस स्वरूप का संबंध ऐसे परिवर्तनों से है जिससे यह अत्यधिक संक्रामक तथा तेजी से फैलने वाला बन गया है। ओमीक्रान से खतरे की संभावना का परीक्षण प्रयोगशाला में हो रहा है ताकि इस पर वर्तमान वैक्सीनों की प्रभावशीलता का पता लगाया जा सके। इस महत्वपूर्ण सवाल का हल भी खोजना है कि क्या ओमीक्रान हमारे प्रतिरक्षा तंत्र को चकमा दे सकता है।




इसका जवाब लापरवाही या अज्ञान के कारण संक्रमित जनसंख्या के बजाय वैज्ञानिक प्रयोगशाला से आना बेहतर होगा। इसका भारत के लिए क्या अर्थ होगा जिसने चरणबद्ध रूप से अपना आसमान खोलने की नीति अपनाई है? यदि सरकार विदेश से आने वाले यात्रियों की कठोरता से जांच करे तथा बिना किसी अपवाद के दो सप्ताह का क्वारंटीन लागू करे तो ज्यादा समस्या नहीं होगी। स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक सूची बना कर उन देशों को उच्च जोखिम वाली श्रेणी में रखा है जहां नया स्वरूप पाया गया है। मंत्रालय को अब इन देशों से आने वाली उड़ानें बहाल करने की अनुमति की समीक्षा करनी चाहिए, चाहे द्विपक्षीय एयर बबुल समझौता जो भी हो। भारत को अब यह भी सुनिश्चित करना होगा कि टीकाकरण प्रक्रिया में किसी ढिलाई, लापरवाही या लाजिस्टिक समस्या को स्थान नहीं मिलेगा। वैज्ञानिक आज पहले की तुलना में ज्यादा जोर दे रहे हैं कि टीकाकरण वृद्ध, अन्य बीमारियों वाले लोगों तथा उन स्वस्थ लोगों के लिए जरूरी है जो पूरी तरह सामान्य गतिविधियों में भाग ले रहे हैं। यदि पूरी तरह टीकाकरण न हो तो दोनों समूहों के सामने अस्पताल में भर्ती होने या मौत का खतरा बहुत अधिक है। शुक्रवार तक 120 करोड़ लोगों को टीका दिया जा चुका था, लेकिन इनमें केवल एक तिहाई 42.62 करोड़ लोगों ने ही दोनों खूराकें ली थीं। इस आंकड़े में तेजी से वृद्धि करना जरूरी है। दूसरा, नवीनतम अध्ययनों से पता चलता है कि भारत में उपलब्ध एक वैक्सीन, स्वदेशी कोवैक्सिन कोविड-19 बीमारी के लक्षणों के खिलाफ केवल 50 प्रतिशत प्रभावी है। अतीत के अनेक सर्वेक्षणों से अलग-अलग आंकड़े सामने आए हैं। वे 81 प्रतिशत, 77.8 प्रतिशत तथा 65.2 प्रतिशत के बीच हैं। निसंदेह इनमें से प्रत्येक आंकड़े की वैज्ञानिक व्याख्या होनी चाहिए, लेकिन आम आदमी को इससे कोई लाभ नहीं होता है और वह भ्रमित हो सकता है।

# ग्वादर में सीपीईसी का भारी विरोध

पाकिस्तानी सेना अब पाकिस्तानी जनता की आर्थिक व सामाजिक स्थितियां निर्धारित कर रही है। इससे क्षेत्र के भू-राजनीतिक हितों को नुकसान होगा।



**निष्ठा कौशिकी**
(लेखिका पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय हैं सह प्रोफेसर हैं)



हाल में ग्वादर में चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा परियोजना-सीपीईसी के खिलाफ भारी विरोध फूट पड़ा। इसे पाकिस्तान की जनता की 'स्थिति बेहतर बनाने वाली परियोजना' बताया जा रहा है, पर इसके बजाय यह चीनी विस्तारवाद का प्रतीक बन गई है और इसके कारण उन लोगों के अधिकारों का हनन हो रहा है जिन्होंने यह परियोजना आमंत्रित की है। पाकिस्तान की कमजोर प्रशासनिक व्यवस्था तथा भ्रष्टाचार से ग्रस्त कमजोर अर्थव्यवस्था के कारण हालत और खराब हो गई है। प्रदर्शनकारियों को स्थानीय राजनीतिक समूहों तथा एनजीओ का समर्थन मिल रहा है जिनका सीपीईसी परियोजना में वास्तविक हित था। 'ग्वादर को अधिकार दो' रैली के प्रमुख मौलाना हिदायतुर रहमान हैं जो अक्सर ग्वादर की जनता के अधिकारों के पक्ष में बोलते रहे हैं। इसके साथ ही अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने में नेशनल पार्टी तथा बलूच छात्र संगठन की भूमिका भी पूरी तरह स्वीकारी जानी चाहिए। सीपीईसी वाणिज्यिक कारीडोर रास्ते से आगे जाता है। इसके नतीजे बहुत गहरे हैं तथा पाकिस्तानी समाज पर इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। पहला, सीपीईसी परियोजना 'तटीय मनोरंजन उद्योग' की लंबी पट्टी है जो लक्ज़री होटलों, स्पा, थियेटरों, गोल्फकोर्सों, आदि से जीवन्त नाइटलाइफप्रदान करेगी।

नि:संदेह इसके लिए तटीय भूमि ली जाएगी और इसका पाकिस्तान के छोटे किसानों व मछुआरों से कुछ लेनादेना नहीं है। इसके बजाय चीनी और पाकिस्तानी सेना के सेवानिवृत्त लोगों की सेवा करने वाली 'मनोरंजन' सुविधाओं का खामियाजा मछली पकड़ने के उद्योग को भुगतना पड़ेगा, जबकि इस्लामाबाद की अर्थव्यवस्था में इसका 2 प्रतिशत हिस्सा है। पिछले काफी समय से खबरें आ रही थीं कि पाकिस्तान सरकार ने चीनी मछली पकड़ने वाले ट्रालरों को अनुमति दे दी है। यह अरब सागर में चीन के अवैध व अनियंत्रित मछली पकड़ने के अलावा होगा जो मछलियों के महत्वपूर्ण प्रजनन काल में भी जारी रहता है। इन ट्रालरों में अद्यतन तकनीक का प्रयोग होता है जिससे वे फौरन पकड़ी गई मछलियों का प्रसंस्करण और भंडारण सुनिश्चित करते हैं। इससे स्थानीय मछली पकड़ने वालों के लिए प्रतियोगिता बहुत कठिन हो जाती है। निश्चित रूप से इस घटनाक्रम के कारण पाकिस्तान में गरीबी तथा बेरोजगारी और बढ़ेगी जिससे जनता का एक हिस्सा नशाखोरी व अवैध मानव व्यापार की ओर प्रवृत्त होगा।

दूसरा, सीपीईसी ने किसानों की उपजाऊ कृषि जमीन पर कब्जे का असाधारण अवसर दे दिया है। दुनिया जानती है कि पाकिस्तान मोटेतौर से एक ऐसा राज्य है जहां अधिकांश सरकारी मामलों में सेना को वरीयता मिलती है। सीपीईसी का लक्ष्य कृषि क्षेत्र में खाद्यान्न उत्पादन व वितरण के सभी क्षेत्रों पर कब्जा करना है जिनमें बीज व उर्वरक उत्पादन, भंडारण व परिवहन शामिल हैं। लेकिन इस परियोजना का क्रियान्वयन सेना की सीधी निगरानी में भूमि अधिग्रहणों के माध्यम से हो रहा है। ये अधिग्रहण बिना समुचित मुआवजे के हैं और कभी-कभी इनमें वैध स्वामी से अनुमति भी नहीं ली जाती है। कब्जा की गई जमीन के 'भूमि अधिकार' चीनी उद्यमों को दे दिए जाते हैं। दूसरे शब्दों में, कृषि परियोजनायें चीन के निजी उद्यम बन जाती हैं जो पाकिस्तानी कंपनियों के साथ संयुक्त उद्यम स्थापित करती हैं। इसके साथ ही यदि पाकिस्तानी निजी उद्यमों के पास अपनी जमीन होती है तो उसका मालिक आमतौर से सेवानिवृत्त सैनिक अधिकारी या सशस्त्र बलों में प्रभाव रखने वाला व्यक्ति होता है। इसी कारण सेना लंबे समय से जमीनों पर कब्जा कर रही है और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ ही पाकिस्तानी न्यायपालिका ने भी इस पर गौर किया है। अप्रैल, 2021 में लाहौर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश मुहम्मद कासिम खान ने कहा था कि 'सेना संभवत: देश में जमीन पर कब्जा करने वाली सबसे बड़ी मशीन बन गई है, जबकि सेना की वर्दी सेवा के लिए होती है, राजा की तरह शासन करने के लिए नहीं।'

सीपीईसी अधिकरण ने एक मजबूत दीवाल बनाने का निर्णय किया है जिसमें केवल एक प्रवेश और निकास द्वार होगा ताकि लोगों के स्वर कुचल कर यह सुनिश्चित किया जा सके कि अंतरराष्ट्रीय मीडिया मानवाधिकार मुद्दे न उजागर करे। शहर में चौबीसों घंटे एआई-सक्षम सीसीटीवी कैमरों तथा अन्य उच्च तकनीकी उपकरणों से निगरानी की जाती है जो अत्यधिक निगरानी सुनिश्चित करते हैं। स्रोतों से संकेत मिलते हैं कि यह दीवाल 30 किलोमीटर लंबी तथा 10 फीट ऊंची है। पाकिस्तान ने सीपीईसी की रक्षा के लिए 34वीं लाइट इन्फैंट्री तैयार की है जिसे विशेष सुरक्षा डिवीजन-एसएसडी भी कहा जाता है। ऐसी किसी अन्य 'वाणिज्यिक महत्व' वाली परियोजना का उदाहरण नहीं मिलता है जहां एक सैनिक डिवीजन की आवश्यकता हो। इस घटनाक्रम से बलूचिस्तान व खासकर ग्वादर में जनता का सामाजिक अलगाव बढ़ा है जिससे निसंदेह संपूर्ण हिंसक टकराव पैदा होगा। इससे बलूचिस्तान को पाकिस्तान से अलग करने की मांग भी तेज होगी।

सेना ने अर्थव्यवस्था की सहायता करने के नाम पर लगातार कृषि, शहरी आवासीय व वाणिज्यिक भूमि पर कब्जा किया है और इससे पाकिस्तान की खास राष्ट्रीय पहचान बनी है। नेशनल लाजिस्टिक सेल व फौजी फाउंडेशन जैसी विभिन्न सैनिक सब्सिडी के कारण विभिन्न क्षेत्रों में सिविलियन प्रतियोगिता को तेजी से कुचल दिया है। इनमें कार्गो परिवहन, रियल इस्टेट, उर्वरक, तेल व गैस, आदि शामिल हैं। प्रत्येक क्षेत्र पर सेना का प्रभुत्व होने को देखते हुए सीपीईसी केवल सैनिक अर्थव्यवस्था तथा भूमि पर कब्जे के लालच का एक उदाहरण है। आने वाले समय में किसानों का अपनी जमीन पर कोई विधिक अधिकार नहीं रह जाएगा तथा कोई संदेह नहीं कि परियोजना आगे बढ़ाने के नाम पर असली मालिक कौन होगा। इस प्रकार पाकिस्तानी सेना अपने आप में एक देश तथा चीनी सेना के समान है। दूसरी ओर चीन में परियोजना के महत्व को देखते हुए इसे 'आंतरिक गलियारा' कहा जाता है। इस प्रकार यह कहना गलत नहीं होगा कि यह आर्थिक परियोजना के बजाय सैनिक परियोजना है। पिछले साल पास अपराध कानून संशोधन, 2020 के अनुसार पाकिस्तान के सशस्त्र बलों का मजाक उड़ाने या उनका अपमान करने या उसके सदस्यों का सम्मान गिराने पर प्रतिबंध लगाया गया है। निश्चित रूप से हालिया घटनाक्रम के कारण पैदा अशांति से निपटने में इस कानून की भूमिका समझी जा सकती है। आमतौर से दुनिया भर में सैनिक वर्दी का बहुत सम्मान है और दुनिया की जनता अपने सैनिक बलों का सम्मान करती है। लेकिन अब पाकिस्तानी सेना की भूमिका तालिबान व अन्य चरमपंथी तत्वों को चीनी परियोजना से दूर रखने की है। पाकिस्तानी सेना अब पाकिस्तानी जनता की आर्थिक व सामाजिक स्थितियां निर्धारित कर रही है। इससे क्षेत्र के भू-राजनीतिक हितों को नुकसान होगा।

2006 में 79 वर्षीय अकबर खान बुग्ती की हत्या के कारण सैनिक सरकार में बलूच जनता का अलगाव बहुत बढ़ गया था। एक अन्य बलूच नेता मुफ्ती हिदायतुल्ला की 2018 में हत्या से बलूचिस्तान में सैनिक अवस्थापना का इरादा स्पष्ट हो गया था। इस वर्ष के प्रारम्भ में पाकिस्तीन सेना के मेजर जनरल अयमान बिलाई ने बलूच आंदोलन को कुचलने में चीन की भूमिका स्वीकारी थी और यह भी कहा था कि चीन-पाक बलूचिस्तान में ईरानी गतिविधियों के खिलाफ हैं। सीपीईसी तथा आवास सोसाइटियों को पाकिस्तानी सेना को दिया जा रहा है। इसके पीछे इरादा बलूच स्वतंत्रता आंदोलन पर लगाम लगाने के लिए बलूचों के स्थान पर पाकिस्तानी पंजाबियों को लाना है। इस प्रकार जमीन पर कब्जा करने की यह घटना भू-राजनीतिक सवाल है। लेकिन हर साल सेना से सेवानिवृत्त होने वाले सैनिक अधिकारियों के नए समूहों को बसाने के लिए जमीन कहां से आएगी?

इस सवाल का जवाब वर्तमान अफ़ग़ान पहेली में है। यदि अफ़ग़ान गलियारे को सीपीईसी से जोड़ दिया जाता है तो अफ़ग़ान जनता कहां जाएगी? ऐसा लगता है कि अफगान शरणार्थियों का संकट चीन-पाक के बजाय यूरोप और रूस की समस्या बनेगा। पहले 'मोहसिने बलूचिस्तान' के पुरस्कार से सम्मानित नए आईएसआई प्रमुख नदीम अंजुम की नियुक्ति अफगानिस्तान में 'जमीनों पर कब्जा करने' तथा बलूच व अफ़ग़ान जनता के बढ़ते दमन का संकेत करता है। इस प्रकार क्षेत्र में भविष्य में और ज्यादा उथलपुथल होने की आशंका है।

# उग्रवादीकरण की तीसरी लहर से सावधान

**जयदीप सैकिया**
(लेखक संघर्ष विश्लेषक हैं)



वर्तमान समय में भारत में जिस कट्टरता को महसूस किया जा रहा है, उसका श्रेय पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) जैसे समूहों के पुनरुद्धार के माध्यम से देश में हनबली स्कूल के बढ़ते अनुनय को दिया जा सकता है। हालांकि पीएफआई- जिसका शीर्ष नेतृत्व मुख्य रूप से केरल से है- इस आरोप से इनकार करता है कि संगठन का हनबली स्कूल (वहाबी और/या सलाफी का दूसरा नाम) के साथ कोई संबंध है, इस मामले का तथ्य यह है कि वे भारतीय मुसलमानों को कट्टरपंथी बना रहे हैं। इस्लाम का रूढ़िवादी तनाव चाहे कुछ भी हो।

हिफ़ाज़त-ए-इस्लाम बांग्लादेश (एचआईबी) और इस्लामी आंदोलन बांग्लादेश (आईओबी)- इस्लामी संगठन जो वर्तमान समय में फिर से उभरे हैं और बांग्लादेश के तालिबान के अधिग्रहण के बाद तेजी से सक्रिय हो रहे हैं-पीएफआई के करीबी सहयोगी हैं। एचआईबी और आईओबी बांग्लादेश के अंदर अल-कायदा और आईएस से जुड़े संगठनों जैसे जमातुल मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) और अंसारुल्लाह बांग्ला टीम (एबीटी) के ओवर-ग्राउंड एक्टिविस्ट के रूप में काम कर रहे हैं। बांग्लादेश के आतंकवाद-रोधी और अंतरराष्ट्रीय अपराध तंत्र के अत्यधिक दबाव के आगे झुकते हुए, जेएमबी और एबीटी दोनों ने वर्तमान के लिए अपनी गतिविधि को कम कर दिया है, इसके बजाय एचआईबी और आईओबी के माध्यम से अपने सरोगेट को आगे बढ़ाया है। स्ट्रैटेजम सरल है। कार्यप्रणाली यह है कि जेएमबी और एबीटी गायब हो गए हैं कि स्थापना में आत्मसंतुष्टता की भावना पैदा करें। वास्तविकता यह है कि उन्होंने बांग्लादेश में 'ऑपरेशन कन्फ्यूजन' को सक्रिय किया है और साथ ही बांग्लादेश में इस्लामवाद को फिर से जीवंत किया है।

वास्तव में, इस्लामी खतरे की समय-सीमा काफी सरल है। लेखक अमेरिका के अर्बाना-शैंपेन में इलिनोइस विश्वविद्यालय में अपने उन्नत शोध की अवधि के दौरान एक बोधगम्य समयरेखा तैयार करने में सक्षम थे। अध्ययन ने इस्लामी कार्रवाई के तौर-तरीकों में एक 'लहर की प्रगति' का पता लगाया जो संयोग से समय के अंत तक कभी नहीं रुकेगी: 'इस्लाम में परिवर्तनकारी क्षण' कभी न खत्म होने वाला है। वास्तव में, जिस तरह से संयुक्त राज्य अमेरिका के नेतृत्व वाले गठबंधन ने आईएसआईएस को उस क्षेत्र से गैर-क्षेत्रीयकरण करने की मांग की है, जिस पर बाद में नव-खिलाफत को बनाए रखने के लिए कब्जा कर लिया था, यह पता चला है कि काफिरों के खिलाफ युद्ध अब न केवल होगा। एक निरंतर लेकिन कार्रवाई का एक त्वरित स्वरूप बनेगा। मुद्दा यह बनाया जा रहा है कि यद्यपि आईएसआईएस ने क्षेत्रीय हार का अनुभव किया है, लेकिन यह दुश्मन को अपने निरंतर छल से भ्रमित करने में सक्षम है, नुकसान को फायदे में बदल रहा है। इसलिए, एक स्पष्ट विश्लेषण उस सादगी को सामने लाएगा जिसके साथ इस्लामवादी अगले हमले के लिए खुद को तैयार कर रहे हैं। इसलिए, जबकि 1999 और 2005 के बीच बड़े पैमाने पर हिंसक आंदोलन और कट्टरता की प्रदर्शनी थी, जिसे लेखक पहली लहर के रूप में वर्णित करता है, दूसरी लहर जेएमबी जैसे समूहों द्वारा निष्ठा की शपथ या बया के साथ शुरू हुई थी। अबू बक्र-अल-बगदादी के नव-खिलाफत के गठन के मद्देनजर आईएस और एआईबी। क्षेत्रीय झटके ने दुनिया भर में लगातार लोन-वुल्फ हमलों को देखा, जिसमें ऑरलैंडो और नीस जैसे स्थान शामिल हैं और बांग्लादेश में इस्लामी कार्रवाई के पर्यवेक्षक 1 जुलाई, 2016 को ढाका में बंधक की स्थिति को याद करेंगे।



घटना के बाद के वर्षों में नया हथियारों के लिए आह्वान काफिर को जहां कहीं भी पाया गया, उसे नष्ट करना था क्योंकि अब एक निंदनीय मामला नहीं था। हालांकि, इस्लामवादियों के खिलाफ बांग्लादेश सुरक्षा बलों द्वारा अथक कार्रवाई ने कट्टरपंथियों को क्षण भर के लिए शांत कर दिया है और लड़ाई को अस्थायी रूप से एचआईबी और आईओबी के अच्छे कार्यालयों को सौंप दिया गया है जो ईशनिंदा कानून अधिनियम जैसे पहलुओं की मांग करके आंदोलन को जीवित रख रहे हैं। हालांकि, इराक और सीरिया में जिन क्षेत्रों पर उसने कब्जा कर लिया था, वहां से आईएसआईएस के लगभग कुल क्षेत्रीय निष्कासन के साथ, रणनीति एक समुद्री परिवर्तन देखने वाली है।

अल-कायदा और आईएसआईएस, जो पहले से ही भारत के अंदर है, से प्रेरित, इसके सहयोगी (पीएफआई सहित) कट्टरपंथ के द्वार खोल देंगे और एक ऐसा रूप धारण करेंगे जो अब तक सबसे अधिक खतरनाक होगा। यह एक संयोजन होगा ) सामूहिक भर्ती ) कृत्यों, कानूनों और मंत्रालय के खिलाफ विरोध, जिसे कट्टरपंथियों का एक संयुक्त समूह गैर-इस्लामी मानता है - जिससे अल्पसंख्यक समुदाय के बीच बाड़-बैठने वालों और नरमपंथियों को अपनी तह में लाया जाता है और ) ढीले परिष्कृत होने दें हिंसा के ऐसे रूप जिनकी अधिकांश एजेंसियां कल्पना भी नहीं कर सकती हैं। शकीरा की यादें, आईएसआईएस के कट्टर समर्थक, नियो-जेएमबी कैडर के कट्टर समर्थक राशेदुर रहमान सुमन की पत्नी ने 26 दिसंबर, 2016 को अपने बच्चे को गोद में लेकर खुद को उड़ा लिया था, यह इस बात का पर्याप्त सबूत होना चाहिए कि किस तरह से एपिंग-व्यायाम किया जाता है। भारतीय समकक्षों द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा, जिसे लेखक कट्टरपंथीकरण की तीसरी लहर की सुबह के रूप में प्रस्तुत करता है।

## आप की बात

### गरीबी एक अभिशाप

**आजादी** के बाद से ही देश में गरीबी मिटाने की बातें होती रही हैं लेकिन गरीबी है कि मिटती नहीं। अब जब नीति आयोग ने पहली बार राज्यों के लिए गरीबी सूचकांक की लिस्ट जारी की है यानी गरीबी के मामले में राज्यों को रैंकिंग दी है। बिहार, झारखंड, यूपी मप्र जैसे राज्य फिसड्डी साबित हुए हैं। लेकिन सच्चाई कबूल करने और सुधार की कोशिश के बजाय सियासत होने लगी है। कोई ठीकरा फोड़ने के लिए दूसरे का सिर तलाश रहा है तो कोई रैंकिंग पर ही सवाल खड़े कर रहा है।रिपोर्ट बताती है कि देश में सबसे ज्यादा कुपोषित लोग अगर कहीं हैं तो बिहार में। उसके बाद झारखंड, एमपी, यूपी और छत्तीसगढ़ का नंबर आता है। गर्भवती महिलाओं की खराब सेहत के मामले में भी बिहार ही टॉप पर। अगर किसी राज्य में सबसे ज्यादा बच्चे स्कूली शिक्षा से वंचित हैं तो वह बिहार है। सरकार चाहे कितनी ही विकास के दावे करें सच्चाई खुलकर बाहर आ ही जाती है !अरबों खरबों रुपए ,सस्ता अनाज और तरह-तरह कि मुफ्त सुविधाओं के बावजूद गरीबी का जब यह आलम है तो फिर वह कौन सा जादुई चिराग है जो देश को गरीबी के इस दलदल से निकालेगा? यह लिस्ट चाहे शत प्रतिशत सत्य हो मगर इसके लिए अकेले सरकारी जिम्मेदार नहीं हैं!

– **सुभाष बुड़ावनवाला,** रतलाम

### ओमीक्रान ने बढ़ाई चिंता

**कोरोना** के नए उत्परिवर्तित रूप ओमिक्रान ने दुनिया भर में चिंता बढ़ा दी है। यह देखते हुए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में सतर्कता का आदेश दिया है। जल्द से जल्द देश के सभी राज्यों को नए प्रतिबंध जारी करने चाहिए। भीड़ ज्यादा कहा होती है और उसका कारण क्या है ? यह हमें अच्छी तरह से पता चल चुका है। प्रतिबंध लगाने के बावजूद भी अगर शादी में भीड़ अधिक है, तो तत्काल कार्रवाई की जानी चाहिए। ओमिक्रान ने भारत के बाहर कुछ देशों की चिंता बढ़ा दी है। तो आप अब से भारत में उसका नाम लेकर क्यों चिल्ला रहे हैं? यह सवाल कुछ कथित बुद्धिमानों का है। जहां प्रतिबंधों का उल्लंघन करने वालों पर वित्तीय दंड लगाने का प्रावधान है, वहीं अन्य प्रावधान भी होने चाहिए। उदा. मास्क का ठीक से उपयोग न करने और दो टिके लिए बिना यात्रा करने के लिए दंड के साथ उनकी यात्रा पर कुछ दिनों के लिए प्रतिबंध लगा दिया जाना चाहिए। इसका मतलब है कहीं न कहीं नियमों का सख्ती से पालन जारी रहेगा और लोगों को अनुशासन की आवश्यकता का महत्व ध्यान में आएगा। अन्यथा लोग जुर्माना भरेंगे और वही गलती फिर कभी की जाएगी। मास्क का उपयोग, टीकाकरण और कोरोना नियमों का पालन आवश्यक है।

– **जयेश राणे,** मुंबई


### मिड डे मील की मात्रा

**कहा** गया था की 12 करोड़ बच्चों को स्कूल में खाना दिया जाएगा। 70 वर्ष के कांग्रेस शासन एवं 7 वर्ष भाजपा के शासन में मीड डे मील में बच्चों को सो डेढ़ सौ ग्राम भोजन स्वरूप दिया जाता है। इसमें हर साल 16 हजार करोड़ का खर्च इस पर आता है। परंतु आज भी हमारे देश के बच्चों की सही देखभाल सरकार नहीं कर पा रही है आखिर क्या कारण है। आखिर सो डेढ़ सौ ग्राम भोजन से क्या बच्चों की सेहत सुधर सकती है कभी नहीं ।फिर यह भी विचारणीय है कि सो डेढ़ सौ ग्राम भोजन भी क्या बच्चों तक सीधे-सीधे पहुंच रहा है। क्योंकि जब अन्य मामलों में कागजी खानापूर्ति के उदाहरण देखे जाते हैं तो क्या यहां भी ऐसा नहीं होता होगा हम तो कहते हैं कि यहां भी अवश्य ही होता होगा। आज देश में कुपोषित बच्चों की जो संख्या बढ़ रही है उसमें कई कारणों में एक कारण यह भी हो सकता है। आंगनवाड़ी सहित जहां-जहां बच्चों को सरकार भोजन कराती है वहां भोजन सही मात्रा एवं सही रूप में पहुंचना बेहद आवश्यक है। यह बच्चों की सेहत के लिए जरूरी है।

– **मनमोहन राजावत,** शाजापुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया




**यदि** उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी तो किसानों का कर्ज माफ कर दिया जाएगा।

– **प्रियंका गांधी वाड्रा**
कांग्रेस नेता



**नए** कोविड संस्करण में कुछ ऐसे उत्परिवर्तन हैं जो प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया की संभावित चोरी के संबंध में चिंता पैदा कर रहे हैं।

– **एंथनी फॉसी**
एनआईएआईडी निदेशक



**तृणमूल** कांग्रेस के पास त्रिपुरा में खाता खोलने का मौका ही नहीं था, उन्होंने सिर्फ शोर मचाया।

– **दिलीप घोष**
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा

# पूर्ववर्ती सरकारों ने यूपी को अंधेरे में रखा

## भाजपा सरकार ने 1.40 करोड़ घरों का अंधेरा किया दूर, 1.21 लाख मजरों में पहुंचाई बिजली

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ





**ऊर्जा** मंत्री श्रीकान्त शर्मा ने सोमवार को बीजेपी मुख्यालय पर फर्क साफ है अभियान के तहत पूर्ववर्ती सरकारों द्वारा की गई प्रदेश की उपेक्षा व 2017 के बाद बीजेपी सरकार द्वारा ऊर्जा के क्षेत्र में किये गए कार्यों की जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों के कमीशन, कुशासन व करप्शन की नीतियों ने प्रदेश को अंधेरे में रखा था, वे लोगों के जीवन में उजाला चाहते ही नहीं थे। केवल चार जिलों को ही पूरा प्रदेश मान लेने वाली पूर्ववर्ती सरकारों को उत्तर प्रदेश की चिंता नहीं रही। 2017 में भाजपा सरकार बनने के बाद से प्रदेश का हर जिला बिजली आपूर्ति की दृष्टि से वीआईपी है। फर्क साफहै वे अंधेरा दूर करना नहीं चाहते थे। हमें 24 करोड़ प्रदेशवासियों के जीवन में उजाला ले आना था, हमने जो कहा था उसे करके भी दिखाया। आज 1.40 करोड़ घर बिजली की रोशनी से रौशन हैं। श्रीकांत शर्मा ने कहा कि आज प्रदेश के जिला मुख्यालय को 24 घण्टे, तहसील को 20 और गांव को 18 घण्टे निर्बाध बिजली मिल रही है। 2017 के पहले केवल चार जिले ही वीआईपी थे आज प्रदेश का हर जिला वीआईपी है। इससे पहले प्रदेश ने शिफ्ट वाइज बिजली की सप्लाई देखी थी। आज हम पूरे प्रदेश में सबको बिजली, निर्बाध बिजली व पर्याप्त बिजली के संकल्प को पूरा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सपा सरकार ने 5.4 से 11.09 रूपए की दर से दीर्घकालिक पीपीए किये और जनता पर मंहगी बिजली थोपी और 5 साल के कार्यकाल में हर साल दरों में बढ़ोतरी करते हुए बिजली के दाम 60.71 प्रतिशत बढ़ाये। वहीं हमारी सरकार ने सस्ती बिजली के अभियान के तहत 2.98 रूपए से 4.19 रूपए की दर से पीपीए किये और पिछले तीन सालों से हमने बिजली के दामों में कोई बढ़ोतरी नहीं की। विद्युत व्यवस्था सुधारने के लिए हमने पिछले साढ़े 4 वर्षों में हमने 673 नए 33-11 केवी के बिजली घर बनाये ।2026 तक और नये 750 बिजलीघर बनाये जायेंगे जबकि पिछली सरकार में हर साल 33-11 केवी के केवल 29 बिजली घर की क्षमता वृद्धि की जाती थी, हमारी सरकार में हर साल 337 बिजली घर पर क्षमतावृद्धि की गयी है। इस प्रकार पिछले साढ़े 4 वर्षों में हमने कुल 1347 बिजली घरों की क्षमता बढ़ाई है। 12111.75 करोड़ की लागत से 765 केवी का 1, 400 केवी के 12, 220 केवी के 34 व 132 केवी के 72 पारेषण उपकेंद्रों का निर्माण करवा चुकी है।

उन्होंने कहा कि 2012-17 के बीच हर साल केवल 19880 निजी ट्यूबवेल कनेक्शन ही दिए गए। बीजेपी सरकार में यह दर 72 प्रतिशत ज्यादा रही और 39395 कनेक्शन प्रतिवर्ष दिए गए। हमने सर्वाधिक 136775 कनेक्शन दिए। पिछली सरकार ने डार्क जोन के नाम पर ब्रज व पश्चिम के 17 जिलों में ट्यूबवेल कनेक्शन पर रोक लगाई।

# जनसमस्याओं का त्वरित गति से निराकरण करें अधिकारी: केशव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को अपने 7 कालीदास मार्ग स्थित कैम्प कार्यालय पर आए लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक.एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु विभिन्न जिलों के अधिकारियों व शासन के उच्चाधिकारियों से वार्ता भी की। जनता दर्शन में बुजुर्गए महिलाएंए पुरूष एवं दिव्यांग सहित सैकड़ों लोगों ने उपमुख्यमंत्री के समक्ष अपनी समस्यायें बतायी। बतायी गयी समस्याओं में मुख्य रूप से विद्युत, मार्ग चौड़ीकरण, सड़क निर्माण, आवास दिलाने, अवैध कब्जा, कानून व्यवस्था, रास्ता खुलवाने, विकास कार्य, मारपीट, राजस्व, अतिक्रमण, जमीनी विवाद, चिकित्सा सहायता आदि थीं। आवास पर आये मरीजों के ईलाज हेतु उपमुख्यमंत्री ने आर्थिक सहायता दिलाने का विश्वास दिलाया और प्रत्येक व्यक्ति की हर सम्भव मदद हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया।

जनता दर्शन में प्रदेश के विभिन्न जनपदों मे आये तमाम लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं और प्रार्थना पत्र भी दिये। औरैया के विकास यादव ने सम्पर्क मार्ग व अन्डरपास बनवाने, फतेहपुर के मलखान सिंह ने सेतु के निर्माण हेतु, हाथरस के सुनील पाण्डेय ने सड़क चौड़ीकरण हेतु, अलीगढ़ के राम कुमार व हरि प्रसाद ने अवैध कब्जा हटवाने, कानपुर के राजेन्द्र घानुक व बरेली के रमेशचन्द्र ने भूमि सम्बन्धी प्रकरण रखे, फि रोजाबाद की कमला देवी ने इलाज हेतु आर्थिक सहायता दिलाने का अनुरोध किया। उपमुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी मिर्जापुर व जिलाधिकारी अलीगढ़ से भी समस्याओं के निस्तारण के बाबत वार्ता की। उन्होने कई जिलों के जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों से भी लोगों की समस्याओं के निराकरण हेतु सहयोग करने हेतु वार्ता की। कई लोगों की समस्याओं का जनता दर्शन के दौरान ही निस्तारण कराया गया।

## नितिन शर्मा बने कांग्रेस हीरक जयंती समारोह समिति के लखनऊ मंडल प्रभारी



**लखनऊ।** लखनऊ के वरिष्ठ कांग्रेस नेता नितिन शर्मा को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू की अनुमति से उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी हीरक जयन्ती (75 वीं वर्षगांठ) समारोह समिति का लखनऊ मण्डल का प्रभारी नियुक्त किया गया है। प्रभारी कंट्रोल रूम, हीरक जयन्ती समारोह समिति ए उप्र कांग्रेस कमेटी विजय बहादुर सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि नितिन शर्मा एनएसयूआई के विभिन्न पदों पर रहते हुए युवक कांग्रेस के महत्वपूर्ण पदों पर रहे हैं। शर्मा लखनऊ शहर कांग्रेस कमेटी में भी महामंत्री प्रवक्ता के पद पर कार्य कर चुके हैं। निवर्तमान उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी में शर्मा मीडिया समन्वय समिति में सदस्य के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभा चुके हैं।

## सपा ने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य 31 दिसम्बर तक बढ़ाने की मांग की

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल द्वारा मुख्य चुनाव आयुक्त भारत निर्वाचन आयोगए नई दिल्ली को सम्बोधित पत्र को सोमवार को समाजवादी पार्टी के तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमण्डल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश लखनऊ को देकर मतदाता सूची के पुनरीक्षण के कार्य को 31 दिसम्बर 2021 तक बढ़ाने की मांग की है। सपा प्रवक्ता ने बताया कि समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश ने 20 नवम्बर 2021 को मांग पत्र भेजकर मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की अवधि 15 दिसम्बर 2021 तक बढ़ाने तथा 26 नवम्बर 2021 को मांग पत्र भेजकर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अवधि 30 नवम्बर 2021 से बढ़ाकर 31 दिसम्बर 2021 किये जाने की मांग की थी। पत्र में कहा गया है कि 20 नवम्बर 2021 तक 20 से अधिक जनपदों में मतदाता सूची में जोड़े गये नामए काटे गये नाम, संशोधित किये गये नाम की सूची जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा राजनैतिक दलों को नहीं दी गयी और 9 अगस्त 2021 से 31 अक्टूबर 2021 तक डुप्लीकेट नाम तकनीक से हटाये जाने के बाबजूद प्रत्येक विधान सभा में हजारों की संख्या में डुप्लीकेट नाम मतदाता सूची में दर्ज पाये जा रहे हैं जिसका उदाहरण मुख्य निर्वाचन अधिकारी लखनऊ को दिया जा चुका है। बड़ी संख्या में डुप्लीकेट नाम मतदाता सूची में अभी भी दर्ज हैं इन्हें चिन्हित करने और हटाने के लिए कम से कम 1 माह का समय दिया जाना अत्यन्त जरूरी है।

## आशीष मिश्रा की जमानत याचिका पर जवाब-तलब

**लखनऊ।** लखीमपुर खीरी के तिकुनिया कांड मामले में निरुद्ध मुल्जिम आशीष मिश्र की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने जवाब तलब किया है। पीठ ने राज्य सरकार को एक ह ते में जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है। जस्टिस करुणेश सिंह पवार की एकल पीठ ने यह आदेश आशीष मिश्र की याचिका पर दिया है। बताते चलें कि केंद्रीय गृह राज्य मंत्री के पुत्र आशीष मिश्रा की जमानत सत्र अदालत से खारिज हो चुकी है। अब उसने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। सोमवार को हाईकोर्ट ने जमानत याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए राज्य सरकार को 10 दिन की मोहलत प्रदान की। मामले की अगली सुनवाई इसके बाद होगी।

# वाराणसी गैलरी में दिखेगा बाबा विश्वनाथ धाम का इतिहास

### गैलरी में डिजिटल माध्यम से भी धरोहरों को किया जाएगा प्रदर्शित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट काशी विश्वनाथ धाम अब आकार ले रहा है। इसके तहत वाराणसी गैलरी बनाई जा रही है। इस गैलरी में बाबा के दरबार के इतिहास के साथ ही पौराणिक महत्व की चीजें भी प्रदर्शित की जाएंगी। बाबा विश्वनाथ धाम का इतिहास बताने के लिए गैलरी में डिजिटल माध्यम भी होगा। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की निगरानी में तेजी से बन रहे इस धाम का उद्घाटन दिसंबर में संभावित है।

श्री काशी विश्वनाथ धाम में निर्माण हो रहे 24 भवनों में वाराणसी गैलरी काफी महत्वपूर्ण है। शिव भक्तों में ज्योतिर्लिंग, इसके पौराणिक और आध्यात्मिक महत्व और इतिहास को जानने के लिए काफी उत्सुकता रहती है। वाराणसी मंडल के कमिश्नर दीपक अग्रवाल ने बताया कि इस गैलरी में श्रीकाशी विश्वनाथ धाम के इतिहास और पौराणिक महत्व की चीजों को शिव भक्त देख और समझ सकेंगे। धाम के विस्तारीकरण और विकास के दौरान कुछ घरों से अद्भुत मूर्तियां, पुराने घरों से निकले नक्क़ाशीदार दरवाजे, खिड़कियां, ताले और चाभी मिले थे। इस विरासत को भी धरोहर के रूप में वाराणसी गैलरी में प्रदर्शित करने की योजना है। काशी की आध्यात्मिक परंपरा को भी गैलरी में प्रदर्शित किया जाएगा। वाराणसी गैलरी में धाम के ऐतिहासिक धरोहरों को डिजिटल माध्यम से भी प्रदर्शित किया जाएगा। गौरतलब है कि वाराणसी गैलरी का निर्माण 319 वर्ग मीटर में हो रहा है।

## हर बूथ पर 20 यूथ जोड़ कर संगठन को मजबूती देगा भाजपा युवा मोर्चा

**लखनऊ।** बीजेपी युवा मोर्चा अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष नितिन मित्तल के नेतृत्व में आज क्षेत्रीय कार्यालय निराला नगर पर युवा सम्मेलन को लेकर तैयारी बैठक का संयोजन किया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष व युवा मोर्चा के प्रभारी पंकज सिंह, प्रदेश महामंत्री युवा मोर्चा वरूण गोयल, उपाध्यक्ष विकास श्रीवास्तव बाबा, उपाध्यक्ष अनुभव दिवेदी की उपस्थिति रही।

पंकज सिंह ने युवाओं का हर्षवर्धन करते हुए कहा कि अब तक प्रदेश नेतृत्व के द्वारा जो भी कार्यक्रम युवा मोर्चा को दिए गए हैं उसे युवा मोर्चा ने बड़े उत्साह के साथ पूरा किया है चाहे मंडल कार्यसमिति हो, जिला कार्यसमिति, तीरंगा यात्रा हो, सांसद खेल अभियान, सदस्यता अभियान एवं अनेकों कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक किया है। इसी प्रकार आगामी कार्यक्रम युवा सम्मेलन को भी युवा मोर्चा को बड़े जोरदार तरीके से करना है, युवा मोर्चा द्वारा हर बूथ पर 20 यूथ की कार्यसमिति बनाकर संगठन को और मजबूत बनाने का काम करेगा।

# मिशन शक्ति अभियान: अब तक 28 लाख से अधिक लोगों को किया गया जागरूक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** की महिला कल्याण एवं बाल विकास पुष्टाहार राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार स्वाती सिंह ने कहा कि महिलाओं तथा बच्चों की सुरक्षा, सशक्तीकरण व सम्मान के उद्देश्यों के साथ मिशन शक्ति के रूप में वृहद अभियान प्रदेश में चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत 7 अगस्त से 15 नवम्बर तक 28,32,104 लोगों को जागरूक किया गया है। जिनमें पुरूष 12,18,181 महिलाओं व बालिकाओं सहित 16,09,238 व अन्य 1685 लोगों को महिलाओं के प्रति जागरूक किया गया है। स्वाति सिंह ने बताया कि हक की बात जिलाधिकारी के साथ कार्यक्रम के अन्तर्गत 7 अगस्त तथा 2 नवम्बर को आयोजित इस कार्यक्रम में महिलाओ तथा बच्चों के प्रति यौन हिंसा, लिंग असमानता, घरेलू हिंसा, कन्या भ्रूण हत्या, कार्यस्थल पर यौन हिंसा और दहेज हिंसा आदि के मुद्दों को संबोधित करने हेतु सभी जनपदों में 2 घंटे का इंटरफ़ेस कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कुल 1365 शिकायतें दर्ज की गई हैं और 897 का समाधान कार्यक्रम के दौरान ही पूर्ण किया गया। अन्य प्रकरणों पर जिलाधिकारियों द्वारा संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के समस्त जनपदों द्वारा 11 अगस्त को सरकारी अस्पतालों यानि जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आदि में जन्मी 1778 बालिकाओं का जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर मां-बेटियों को उपहार बांटे गए। जनपदों द्वारा जन्मी बालिकाओं को सुरक्षा प्रदान करने के दृष्टिगत प्रतीकात्मक रूप से कुल 1409 पौधे लगाए हैं और पुरुषों और बालकों को इन पौधों की सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपकर पुरुष सहभागिता सुनिश्चित की गई।

# मतदाता पंजीकरण का कार्य पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से किया जाए: उमेश सिन्हा

### चुनाव आयोग ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा की

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भारत** निर्वाचन आयोग के सेक्रेटरी जनरल उमेश सिन्हा व सीनियर डिप्टी इलेक्शन कमिश्नर सुदीप जैन, डिप्टी इलेक्शन कमिश्नर चंद्र भूषण कुमार ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी उप्र अजय कुमार शुक्ला एवं समस्त मंडलायुक्त, जिला निर्वाचन अधिकारियों, उप जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ मतदात सूची पुनरीक्षण-2022 की समीक्षा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से की है। वीडियो कांफ्रेंसिंग में सेक्रेटरी जनरल ने निर्देश देते हुए कहा कि मतदाता पंजीकरण का कार्य पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से किया जाए। किसी भी अर्ह मतदाता का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित होने से छूटने न पाए। उन्होंने कहा कि 1 जनवरी 2022 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले नए मतदाताओं के पंजीकरण पर विशेष ध्यान दिया जाए। पंजीकरण के लिए प्राप्त आवेदनों में छोटी-छोटी गलतियां होने पर उन्हें निरस्त न किया जाए बल्कि बीएलओ घर-घर जाकर ऐसे फार्मों की गलतियों को सुधारने का कार्य करें।

# प्रो. तनेजा बने चरण सिंह विवि के इतिहास में सबसे लम्बी पारी खेलने वाले कुलपति

संवाददाता। मेरठ



**चौ.** चरण सिंह विश्वविद्यालय के नए कुलपति की नियुक्ति तक प्रो. एनके तनेजा ही विश्वविद्यालय के कुलपति के दायित्वों का निर्वहन करेंगे। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने प्रो. एनके तनेजा की सुद्रढ़ व पारदर्शी कार्यशैली को देखते हुए अग्रिम आदेशों तथा नये कुलपति की नियुक्ति तक कुलपति के दायित्वों का निर्वहन करने का आदेश दिया है। इसके साथ ही प्रो. तनेजा विश्वविद्यालय के इतिहास में सबसे लम्बी पारी खेलने वाले कुलपति बन गये हैं।

उल्लेखनीय है कि 28 नवम्बर को प्रो. एनके तनेजा का कार्यकाल खत्म हो रहा था। ऐसे में विश्वविद्यालय को नया कुलपति मिलने के कयास लगाये जा रहे थे। प्रो. तनेजा ने विश्वविद्यालय की व्यवस्था को जिस तरह से पटरी पर डाला है वह निसंदेह काबिले तारीफ है। एकेडमिक क्षेत्र हो या प्रशासनिक अथवा वित्तीय उन्होंने सभी क्षेत्रों में सराहनीय सुधार किये। उनके अथक प्रयासों की बदौलत ही चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय आज तमाम क्षेत्रों में अव्वल स्थान पर खड़ा है। प्रो. एनके तनेजा की मेधापरक प्रतिभा को देखते हुए अगस्त 2015 में तत्कालीन राज्यपाल रामनाईक ने उनको चौ चरण सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति की बागडोर सौंपी। प्रो तनेजा ने सभी को साथ लेकर विश्वविद्यालय में जिस तरह से चौतरफा सुधारवादी कदम उठाये उन्हीं की बदौलत विश्वविद्यालय प्रदेश और समूचे देश में आज अपनी अमिट पहचान बनाने में कामयाब हो पाया है। प्रो. एनके तनेजा की सुद्रढ़ व पारदर्शी कार्यशैली को देखते हुए तत्कालीन राज्यपाल रामनाईक ने 2018 में पहले तीन माह और उसके बाद फिर से तीन साल का कार्यकाल बढा दिया।

प्रो. एन के तनेजा सबसे पहले वर्ष 2010 में एक माह के लिए कार्यवाहक कुलपति रहे। उसके बाद नवम्बर 2010 से मई 2011 तक कुलपति रहे। तीसरी बार अगस्त 2015 से अब तक प्रो. तनेजा लगातार विश्वविद्यालय के कुलपति के दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। सेवा विस्तार मिलने पर उन्होंने राज्यपाल आनंदीबेन पटेल का आभार प्रकट किया। कहा कि जिन विषयों में चयन समिति की बैठक होनी है, उसे पूरा किया जायेगा।

# किसानों के प्रति भाजपा की नीयत साफ नहीं: अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा की नीयत किसानों के प्रति साफ नहीं है। किसान साल भर से आंदोलन कर रहे हैं। उनकी एकता और दृढ़ता से परेशान और आसन्न विधानसभा चुनावों से डर कर उसने अपने तीन काले कानून वापस तो ले लिए हैं किन्तु किसानों की बुनियादी मांगों पर बात करने से वह अब भी कतरा रही है। भाजपा अपने चंद पूंजी घरानों को फायदा पहुंचाने के लिए ही किसानों के हितों से खिलवाड़ कर रही है। इसका जवाब जनता सन् 2022 में भाजपा का सफाया करके देगी। अखिलेश ने कहा कि भाजपा किस तरह किसानों को धोखा दे रही हैए धान क्रय केन्द्रों में परेशान हाल किसानों को देखकर समझा जा सकता है। तौल में झोल के साथ क्रय केन्द्रों में किसान के धान की खरीद में तमाम अड़ंगे लगाए जाते हैं। बिचौलियों और सरकारी नौकरशाही के साथ नेताओं की साठगांठ के चलते किसान को एमएसपी नहीं मिलती। अत: मजबूरी में उसे औने पौने दाम में अपनी फ सल बेचनी पड़ रही है। किसान बिचौलियों के चंगुल से छूटने के लिए एमएसपी की अनिवार्यता की मांग कर रहा है। भाजपा सरकार किसानों की इस मांग को मानने से भाग रही है क्योंकि इससे बहुराष्ट्रीय कम्पनियों और बड़े व्यापारियों को किसानों को वाजिब दाम देने की मजबूरी होगी। भाजपा सरकार ने एक यूनिट बिजली का उत्पादन नहीं किया है परन्तु उसकी दरें जब तब बढ़ाती रहती हैं किसान कर्जदार बनता जा रहा है। उसे जब कोई रास्ता नहीं सूझता तो आत्महत्या कर लेता है। किसान का जीवन अनमोल होता है क्योंकि वह अन्य के जीवन के लिए अन्न उगाता है।

## कृषि कानूनों की वापसी लोकतंत्र की जीत: मायावती

**लखनऊ।** संसद में कृषि कानूनों की वापसी को बसपा सुप्रीमो मायावती ने किसानों को थोड़ी राहत के साथ लोकतंत्र की जीत बताया है। उन्होंने कहा है कि यह सबक है सभी सरकारों के लिए कि वे सदन के भीतर व बाहर लोकतांत्रिक आचरण करें। सोमवार को ट्वीट करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि देश में किसानों के एक वर्ष के तीव्र आन्दोलन के फलस्वरूप तीन अति विवादित कृषि कानूनों की आज संसद के दोनों सदनों में वापसी किसानों को थोड़ी राहत के साथ ही यह देश के लोकतंत्र की वास्तविक जीत है। यह सबक है सभी सरकारों के लिए कि वे सदन के भीतर व बाहर लोकतांत्रिक आचरण करें। मायावती ने कहा कि देश के किसानों की विभिन्न समस्याओं को दूर करने के क्रम में खासकर फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारण्टी सुनिश्चित करने की माँग पर केन्द्र की चुप्पी अभी भी बरकरार है। केन्द्र द्वारा इसपर भी सकारात्मक पहल की जरूरत है।

# बीजेपी में किसानों के सवालों का सामना करने का साहस नहीं: लल्लू

### शहीद किसानों के परिवारों को मुआवज़ा और नौकरी दे सरकार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने बीजेपी पर किसान विरोधी होने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि बीजेपी की केंद्र सरकार संसद में किसानों की दशा पर चर्चा नहीं होने देती और न यूपी की योगी सरकार विधानसभा में उनके दर्द पर बात होने देती है। यूपी में किसान खाद और डीएपी के लिए त्राहि त्राहि कर रहा है लेकिन कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

लल्लू ने कहा कि जिस तरह आज तीन कृषि कानूनों को बिना बहस के संसद से निरस्त कराया गया वह बताता है कि बीजेपी में किसानों के सवालों का सामना करने का साहस नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पहले ही कहा था कि ये कानून वापस होंगे लेकिन सरकार ने ऐसा करने के पहले 700 किसानों की बलि ले ली। पीएम मोदी को शहीद किसानों के परिवारों को मुआवज़ा देनेए हर परिवार के किसी एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी देने और आंदोलनकारी किसानों पर दर्ज मुकदमे तत्काल वापस करने चाहिए। साथ ही मोदी सरकार स्पष्ट करे कि बीजेपी सांसद साक्षी महाराज जैसे लोगों के उस बयान पर उसकी क्या राय है जिसमें उन्होंने कहा था कि ये कानून फिर लागू किये जा सकते हैं। इससे ये संदेश गया है कि मोदी सरकार ने चुनावी हार से घबराकर कदम पीछे कर रही है।

# रिकार्ड खरीद करके किसानों की आय बढ़ाने की कोशिश

### प्रदेश में 1.62 लाख से अधिक किसानों से की गई 11.32 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**योगी** सरकार धान की रिकार्ड खरीद करके किसानों को ज्यादा से ज्यादा फायदा देने की कोशिश में है। खरीफ सीजन में राज्य सरकार ने अब तक 1.62 लाख से अधिक किसानों से 11.32 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद की है। किसानों की सुविधा का ध्यान रखते हुए सरकार उनके खातों में 72 घंटे के भीतर उनके अनाज की कीमत का भुगतान करा रही है।

राज्य में एमएसपी पर धान खरीद की जा रही है। ग्रेड ए किस्म के लिए एमएसपी 1960 रुपये प्रति क्विंटल और आम किस्म के लिए 1940 रुपये प्रति क्विंटल एमएसपी निर्धारित है। खरीद प्रक्रिया से बिचौलियों को पूरी तरह बाहर रखा गया है। किसानों की सुविधाओं और पारदर्शी खरीद व्यवस्था के लिए अधिकारी निरंतर निगरानी कर रहे हैं। किसानों से बातचीत कर खरीद प्रक्रिया की पड़ताल भी की जा रही है। सरकारी रिपोर्ट के मुताबिक राज्य सरकार की एजेंसियों और भारतीय खाद्य निगम ने केवल पिछले 24 घंटों में ही 24400 मीट्रिक टन से अधिक धान की खरीद की है। सरकार ने अब तक 162569 किसानों से 2200.50 करोड़ रुपये का धान खरीदा है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को किसानों से प्राथमिकता के आधार पर पारदर्शी व्यवस्था के तहत अनाज खरीद के निर्देश दिए हैं। इसके लिए एडीएम, एसडीएम, तहसीलदार सहित स्थानीय स्तर पर प्रशासनिक अधिकारियों को खरीद केंद्रों के औचक निरीक्षण और किसानों को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लेने के निर्देश दिए गए हैं। प्रदेश में कुल 4010 खरीद केंद्र बनाए गए हैं।

# पहली से सात दिसम्बर तक मनाया जाएगा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सप्ताह

### कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही प्रचार वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर करेंगे रवाना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश सरकार ने भारत के 75वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में मनाये जा रहे भारत का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत 1 दिसम्बर से 7 दिसम्बर 2021 तक प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सप्ताह मनाये जाने का निर्णय लिया है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करना, योजना के सम्बन्ध में किसानों की जिज्ञासाओं का समाधान करना तथा योजना में किसानों की सहभागिता बढ़ाना है। इस सम्बन्ध में अपर मुख्य सचिव कृषि डॉ देवेश चतुर्वेदी की ओर से समस्त जिलाधिकारियों को निर्देश जारी कर दिये गये हैं। डॉ चतुर्वेदी ने बताया कि योजना के व्यापक प्रचार प्रसार एवं किसानों की सहभागिता बढ़ाये जाने हेतु प्रदेश सरकार द्वारा आकांक्षी जनपदों में बहराइच के नवाबगंज, श्रावस्ती के सिरसिया, बलरामपुर के उतरौला, सिद्धार्थनगर के लोटन, फतेहपुर के विजयीपुर, चित्रकूट के रामनगर, सोनभद्र के चतरा, चंदौली के नौगढ़ ब्लॉक का चयन किया गया है। इसके अतिरिक्त वाराणसी के सेवापुर, गोरखपुर के कैम्पियरगंज तथा देवरिया के पथरदेवा ब्लॉक का भी चयन किया गया है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही 1 दिसम्बर को कृषि निदेशालय से चयनित जनपदों के लिए प्रचार वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करेंगे। योजना से सम्बन्धित किसानों की शंकाओं का समाधान मौके पर उप कृषि निदेशक द्वारा किया जायेगा। समस्त कार्यों का सम्पादन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनपद में नामित नोडल अधिकारीए उप कृषि निदेशक द्वारा किया जायेगा।

# दलित छात्रा की मेधा से प्रभावित होकर जज ने खुद दी आईआईटी में दाखिले के लिए फीस की रकम

### गरीबी के चलते 15 हजार जमा नहीं कर सकी थी छात्रा, हाईकोर्ट ने तीन दिन में दाखिले का दिया आदेश

विधि संवाददाता। लखनऊ

**एक** दलित छात्रा की मेधा से प्रभावित होकर हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ के एक जज ने सोमवार को खुद अपनी जेब से उसकी फीस के 15 हजार रुपए दिए। यह छात्रा गरीबी के चलते समय से फीस जमा नहीं कर सकी थी। जिसकी वजह से उसका आईआईटी में दाखिला नहीं हो सका था। जस्टिस दिनेश कुमार सिंह ने 15 हजार देने के साथ ही ज्वाइंट सीट एलोकेशन अथॉरिटी एवं आईआईटी बीएचयू को भी यह निर्देश दिया कि छात्रा को तीन में दाखिला दिया जाए। यदि सीट नहीं है, तो उसके लिए अलग से सीट की व्यवस्था की जाए। उन्होंने यह आदेश छात्रा संस्कृति रंजन की याचिका पर दिया है।

पीठ ने याचिका पर सुनवाई करते हुए पाया कि गरीबी के चलते छात्रा अपने लिए एक वकील भी नहीं कर सकी। पीठ के कहने पर वकील सर्वेश दूबे व समता राव ने छात्रा का पक्ष रखने में सहयोग किया। इस दलित छात्रा ने हाईस्कूल में 95 व इंटर में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त किया था। इसके बाद उसने जेईई की परीक्षा दी और मेन्स में 92 प्रतिशत से ज्यादा अंक हासिल किए। उसे एससी कैटेगरी के तहत 2062 रैंक मिला। इसके बाद वह जेईई एडवांस की परीक्षा में शामिल हुई। 15 अक्टूबर 2021 को इसमें सफल घोषित की गई। उसकी रैंक 1469 थी। उसे आईआईटी बीएचयू में गणित एवं क प्यूटर से जुड़े पांच वर्षीय पाठ्यक्रम में सीट आवंटित की गई। लेकिन दाखिले के लिए आवश्यक 15 हजार की व्यवस्था समय से नहीं कर सकी।

# यौनकर्मियों के पुनर्वास का विधेयक संसद के शीतकालीन सत्र में होगा पेश

## ● हा केन्द्र ने उच्चतम न्यायालय को बताया

भाषा। नई दिल्ली

**केंद्र** सरकार ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय को सूचित किया कि वह देश में यौनकर्मियों की तस्करी रोकने और पुनर्वास के लिए शीतकालीन सत्र के दौरान संसद में एक विधेयक ला रही है। न्यायमूर्ति एल. नागेश्वर राव और न्यायमूर्ति बी.आर. गवई की पीठ को अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल आरएस सूरी ने जानकारी दी कि केंद्र ने संसद के जारी शीतकालीन सत्र के दौरान यौनकर्मियों की तस्करी रोकने और पुनर्वास के लिए कानून लाने की योजना बनाई है। पीठ ने सूरी के इस कथन को कार्यवाही में शामिल करते हुए मामले की सुनवाई दो सप्ताह बाद के लिए स्थिगित कर दी। इस बीच, पीठ ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन (नाको) की ओर से पहचान किए गए यौनकर्मियों से राशन कार्ड या किसी अन्य पहचान प्रमाण की आवश्यकता पर जोर नहीं देने का निर्देश दिया और कहा कि न्यायालय के पूर्व के आदेशों के अनुपालन में महामारी की अवधि के दौरान उन्हें सूखा राशन प्रदान करें।

पीठ ने कहा, भोजन के अधिकार को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत एक मानव अधिकार के रूप में मान्यता दी गई है। हालांकि कोविड महामारी के कारण स्थिति में कुछ सुधार हुआ है, हमारा मानना है कि राज्योंकेंद्र शासित प्रदेशों का यह संवैधानिक दायित्व है कि वे अपने नागरिकों को बुनियादी सुविधाएं प्रदान करें, जिसमें यौनकर्मी भी आते हैं और वे भी सूखे राशन के हकदार हैं। न्यायालय देश में यौनकर्मियों की समस्याओं के समाधान के अनुरोध वाली 2010 की एक याचिका में एक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) के एक आवेदन पर सुनवाई कर रहा था।

पीठ ने कहा कि इस अदालत ने 2011 में यौनकर्मियों के पुनर्वास के लिए अपनी सिफारिशें प्रस्तुत करने के लिए एक समिति का गठन किया है और समिति ने सिफारिशों के साथ एक विस्तृत रिपोर्ट अदालत को सौंपी है। पीठ ने कहा कि 27 फरवरी को अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ने न्यायालय को सूचित किया था कि मंत्रियों का एक समूह मामले को देख रहा है और यह दो मसौदा कानून की जांच कर रहा है जो शीर्ष अदालत द्वारा नियुक्त समिति की सिफारिश को ध्यान में रखेगा। पीठ ने कहा कि यह महसूस करते हुए कि याचिका 2010 से लंबित है और कानून की जरूरत है, सरकार से जल्द से जल्द कानून लाने के लिए कहा गया था। इस मामले में न्याय मित्र की भूमिका निभा रहे वरिष्ठ अधिवक्ता जयंत भूषण ने कहा कि वह देखना चाहते हैं कि क्या सरकार ने समिति की सिफारिशों में से कम से कम एक पर कोई कार्यवाही की है। इस पर पीठ ने सूरी को मसौदा कानून की एक प्रति उपलबध कराने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा, नाको और डीएलएसए द्वारा यौनकर्मियों की पहचान उनके लिए सूखे राशन के वितरण का दावा करने के लिए पर्याप्त होगी। राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया जाता है कि वे यौनकर्मियों से राशन कार्ड पर जोर दिए बिना 28 अक्टूबर, 2020 के आदेश का पालन करें। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को भी 10 दिसंबर से पहले स्थिति रिपोर्ट दाखिल करनी होगी।



बेगलुरू में संपजिरम नगर मंदिर में आयोजित दीपोत्सव में दीप जलाती बालिका

## मुल्लापेरियार बांध पर एक ही मामले में सभी मुद्दों पर होगा विचार

भाषा। नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने सोमवार को 126 साल पुराने मुल्लापेरियार बांध की सुरक्षा के लिए किसी भी केंद्रीय सुरक्षा बल को तैनात करने के लिए केंद्र को निर्देश देने की मांग कर रहे एक याचिकाकर्ता से कहा कि इस मामले में याचिकाएं बढ़ाईं नहीं जाएं। न्यायालय ने यह भी कहा कि मुख्य मामले में बांध से जुड़े सभी मुद्दों पर विचार किया जाएगा। शीर्ष अदालत ने नई याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया, हालांक उसे लंबित मामले में पक्षकार बनने के लिए औपचारिक आवेदन दाखिल करने की छूट दे दी।

न्यायमूर्ति ए. एम. खानविलकर और न्यायमूर्ति सी. टी. रविकुमार की खंडपीठ ने कहा, आप मामलों की संख्या क्यों बढ़ाना चाहते हैं? सभी मुद्दों पर मुख्य मामले में विचार किया जाएगा। पीठ ने याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील सी आर जय सुकिन से कहा, रिट याचिकाओं की संख्या नहीं बढाएं। कोई भी व्यक्ति आएगा और याचिका दायर करना कर शुरू कर देगा। मुख्य मुद्दा लंबित है और अब इसकी सुनवाई में तेजी लाई जा रही है। शीर्ष अदालत ने 22 नवंबर को कहा था कि 1895 में केरल के इडुक्की जिले में पेरियार नदी पर बने बांध से संबंधित मुद्दों पर 10 दिसंबर को सुनवाई होगी, क्योंकि इसके पक्षकारों ने कहा था कि मुख्य मामले को तेजी से आगे बढ़ाया जाना चाहिए। सोमवार को सुनवाई के दौरान अधिवक्ता सुकिन ने पीठ से कहा कि किसी भी राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ समिति ने बांध के लिए बढ़ते जल स्तर के खतरे के बारे में कुछ नहीं कहा है।

## दक्षिण अफ्रीका से आए एक व्यक्ति का नमूना डेल्टा स्वरूप से अलग है: डॉ. के.सुधाकर

भाषा। बेंगलुरु

**कोरोना** वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन को लेकर दुनियाभर में चिंताओं के बीच कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री डॉ के सुधाकर ने सोमवार को कहा कि दक्षिण अफ्रीका से हाल में बेंगलुरु आए दो लोगों में से एक का नमूना डेल्टा स्वरूप से अलग है। मंत्री ने कहा कि वह आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कह सकते क्योंकि वह अभी केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के अधिकारियों के संपर्क में हैं। सुधाकर ने यहां संवाददाताओं से कहा, पिछले नौ महीनों से केवल डेल्टा स्वरूप के मामले आए है, लेकिन आप कह रहे हैं कि नमूनों में से एक ओमीक्रोन स्वरूप का है। मैं इसके बारे में आधिकारिक तौर पर नहीं कह सकता। मैं आईसीएमआर और केंद्र सरकार के अधिकारियों के संपर्क में हूं। उन्होंने कहा कि नमूने को आईसीएमआर में भेजा गया है।

व्यक्ति की पहचान का खुलासा करने से इनकार करते हुए मंत्री ने कहा कि उसकी कोविड रिपोर्ट से पता चलता है कि वह कोरोना वायरस के एक अलग स्वरूप से संक्रमित हुआ है। मंत्री ने कहा, 63 साल का एक व्यक्ति है जिसका नाम मुझे नहीं बताना चाहिए। उनकी रिपोर्ट थोड़ी अलग है। यह डेल्टा स्वरूप से अलग दिखता है। हम आईसीएमआर के अधिकारियों के साथ चर्चा करेंगे और बताएंगे कि यह क्या है। मंत्री ने कहा कि वह उठाए जाने वाले कदमों के संबंध में मंगलवार को अपने विभाग के प्रमुख सचिव से लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर के डॉक्टरों के साथ बैठक की अध्यक्षता करेंगे। उन्होंने कहा कि बैठक के लिए कोविड-19 पर तकनीकी सलाहकार समिति के सदस्यों को भी आमंत्रित किया गया है। सुधाकर ने यह भी कहा कि उन्होंने ओमीक्रोन स्वरूप पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

## ओमीक्रोनः जबलपुर आई बोत्सवाना की महिला की हो रही तलाश

भाषा। जबलपुर (मप्र)

**कोविड-19** के नए स्वरूप ओमीक्रोन के मामले हाल ही में कुछ देशों में सामने आने के मद्देनजर मध्य प्रदेश के स्वास्थ्य अधिकारी बोत्सवाना की एक महिला की तलाश कर रहे हैं। यह महिला 18 नवंबर को जबलपुर आई थी। जबलपुर के मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. रत्नेश कुरारिया ने सोमवार को पीटीआई-भाषा से कहा, बोत्सवाना दूतावास के एक अधिकारी ने हमें फोन पर बताया कि महिला जबलपुर में एक सैन्य संस्थान में पृथकवास में है। हमने दूतावास से उसका मोबाइल नंबर और स्थानीय संपर्क देने के लिए कहा है।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के स्वास्थ्य दिशानिर्देशों (कोविड-19 के प्रयास की जांच के लिए) के तहत खुनो ओरमीत सेल्यन नाम की महिला का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा, केंद्र सरकार के दिए रिकार्ड के अनुसार महिला दिल्ली से जबलपुर आई थी। अधिकारी ने बताया कि जबलपुर हवाई अड्डे पर दर्ज उसके मोबाइल नंबर की लोकेशन का पता लगाया गया। पुलिस जांच से पता चला है कि पिछले एक माह से फोन दिल्ली से बाहर नहीं ले जाया गया है।

## टीकाकरण में भाजपा शासित राज्यों का प्रदर्शन विपक्ष शासित राज्यों से बेहतर

भाषा। नई दिल्ली

**कोविड** रोधी टीकाकरण करने के मामले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित राज्यों का प्रदर्शन, कांग्रेस और उसके सहयोगियों के हुकूमत वाले राज्यों से बेहतर है। सरकारी सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार भाजपा शासित आठ राज्यों ने पात्र आबादी के 50 फीसद का पूर्ण कोविड रोधी टीकाकरण कर दिया है जबकि उनमें से सात राज्यों ने 90 प्रतिशत जनसंख्या को टीके की पहली खुराक लगा दी है।

सूत्रों ने कहा कि यह विडंबना ही है, क्योंकि भाजपा शासित राज्यों के विपरीत वे अब तक पर्याप्त लोगों का टीकाकरण नहीं करा पाए हैं। उन्होंने यह भी पूछा कि क्या राजनीति ने इन राज्यों में टीकाकरण अभियान को प्रभावित किया है। भाजपा ने बार-बार विपक्षी दलों पर टीकाकरण अभियान का राजनीतिकरण करने की कोशिश करने का आरोप लगाया है और कहा है कि भारत में निर्मित दो टीकों को मंजूरी देने पर कुछ प्रतिद्वंद्वी नेताओं ने शुरू में सरकार से सवाल किया था। टीकाकरण के आंकड़े साझा करते हुए सूत्रों ने बताया कि राजस्थान में 84.2 प्रतिशत लोगों को पहली खुराक लगा



दी गई गई है जबकि 46.9 फीसदी आबादी का पूर्ण टीकाकरण किया जा चुका है। वहीं पश्चिम बंगाल में 86.6 प्रतिशत लोग टीके की पहली खुराक ले चुके हैं और 39.4 फीसदी लोगों का पूर्ण टीकाकरण किया जा चुका है। सूत्रों के अनुसार इसी तरह तमिलनाडु में यह आंकड़ा 78.1 और 42.65 फीसदी, महाराष्ट्र में 80.11 व 42.5 प्रतिशत और छत्तीसगढ़ में 83.2 तथा 47.2 फीसदी है। सूत्रों ने बताया कि झारखंड में पहली और दोनों खुराक लेने वाली आबादी का प्रतिशत क्रमश: 66.2 और 30.8 और पंजाब में 72.5 और 32.8 है।

कांग्रेस पंजाब, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में सत्ता में है जबकि तमिलनाड में द्रमुक नीत गठबंधन में है। वह झारखंड में जेएमएम के साथ सत्ता साझेदारी कर रही है। महाराष्ट्र में भी वह सत्तारूढ़ गठबंधन का हिस्सा है। बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की हुकूमत है और कांग्रेस उसके गठबंधन का हिस्सा नहीं है। भाजपा शासित हिमाचल प्रदेश और गोवा ने अपनी पूरी पात्र आबादी को कोविड रोधी टीके की पहली खुराक लगा दी है। हिमाचल में 91.9 फीसदी लोगों का पूर्ण टीकाकरण किया जा चुका है जबकि गोवा में 87.9 फीसदी लोगों ने टीके की दोनों खुराकें लगवा ली हैं। सूत्रों ने बताया कि गुजरात में 93.5 प्रतिशत जनसंख्या को पहली खुराक दी जा चुकी है जबकि 70.3 फीसदी का पूर्ण टीकाकरण हो गया है। उत्तराखंड में भी 93 फीसदी आबादी को पहली खुराक लग गई है और 61.1 प्रतिशत जनसंख्या ने दोनों खुराकें लगवा ली हैं। वहीं कर्नाटक में 90.9 प्रतिशत लोगों ने टीके की पहली खुराक लगवा ली है और 59.1 फीसदी आबादी का पूर्ण टीकाकरण हो गया है। हरियाणा में भी 90.04 प्रतिशत जनसंख्या को टीके की पहली खुराक दे दी गई है जबकि 48.3 फीसदी आबादी को दोनों खुराकें लगाई जा चुकी हैं। वहीं असम में 88.9 प्रतिशत लोगों को पहली खुराक और 50 फीसदी लोगों को दोनों खुराकें लगा दी गई हैं। त्रिपुरा में 80.5 प्रतिशत आबादी को टीके की पहली खुराक और 63.5 फीसदी जनसंख्या का पूर्ण टीकाकरण कर दिया गया है।

## त्रिपुरा हिंसाः जांच समिति गठित करने संबंधी याचिका पर सुनवाई करेगा न्यायालय

**नई दिल्ली (भाषा)।** उच्चतम न्यायालय ने त्रिपुरा में हाल ही में हुई साम्प्रदायिक हिंसा और इसे लेकर राज्य पुलिस की कथित मिली-भगत और निष्क्रियता की स्वतंत्र जांच के लिए दायर याचिका पर सोमवार को केन्द्र और राज्य सरकार को नोटिस जारी किए। न्यायमूर्ति डी. वाई चन्द्रचूड़ और न्यायमूर्ति ए. एस. बोपन्ना की पीठ ने अधिवक्ता ई. हाशमी की याचिका पर सुनवाई के बाद केन्द्र और राज्य सरकार को नोटिस जारी किए। पीठ ने केन्द्र और त्रिपुरा सरकार को दो सप्ताह के भीतर याचिका पर जवाब देने का निर्देश दिया है। इस मामले में अब दो सप्ताह बाद सुनवाई होगी। याचिकाकर्ता, जो एक अधिवक्ता है, ई. हाशमी की ओर से अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने बताया कि वे हालिया साम्प्रदायिक दंगों की स्वतंत्र जांच और इसमें पुलिस की कथित भूमिका की जांच चाहते हैं। भूषण ने कहा, न्यायालय के समक्ष त्रिपुरा के कई मामले लंबित हैं। तथ्याण्वेशी मिशन पर गए कुछ वकीलों को भी नोटिस भेजा गया है। पत्रकारों पर यूएपीए के आरोप लगाए गए। पुलिस ने हिंसा के मामले में कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की। हम सभी चाहते हैं कि अदालत की निगरानी में इसकी जांच एक स्वतंत्र एक समिति करे। पीठ ने कहा कि वह पक्षों को नोटिस जारी कर रही है और मामला अगली सुनवाई के लिए दो सप्ताह बाद सूचीबद्ध किया गया है। न्यायालय ने निर्देश दिया कि याचिका की प्रति केन्द्रीय एजेंसी और त्रिपुरा के स्थाई वकील को भी दी जाए।

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राकेश बंसल, रेणु बंसल, राजेश बंसल, बंसल ट्रेडर्स, एफ 26/99, सेक्टर-7, जीएफ, रोहिणी, दिल्ली खाता संख्या :- एलबीडीईएल00002063291 | सम्पत्ति सं. 65 बी, ब्लॉक एफ, पाकेट-26, सेक्टर-7, रोहिणी, दिल्ली | 04-08-2021 रू. 17,83,837/- | 31-01-2021 |
| 2. | श्याम वर्मा, पूजा, बी-80-ए, नंद ग्राम, गाजियाबाद, खाता संख्या :- एलबीजीएचजैड00004040968 | फ्लैट नंबर ई 502, 5वां तल, टावर ई, ब्रेव हर्ट्स, राज नगर एक्सटेंशन, गाजियाबाद | 14-07-2021 रू. 17,83,837/- | 31-12-2020 |
| 3. | भारत भूषण, सोनिया दत्ता, सी 1926, सुशांत लोक -1, चकरपुर, 74, डीएलएफ क्यूई गुरूग्राम, खाता संख्या :- एलबीजीयूआर00002889490 | फ्लैट नंबर बी 1 102, प्रथम तल, आंगन टावर बी 1, सेक्टर-88ए और 89ए, गुरूग्राम | 17-07-2021 रू. 16,51,030/- | 31-01-2021 |
| 4. | उपेन्द सिंह मरवारिया, एच-स्काईटेक मैट्रोट 204 फ्लोर, नोएडा खाता संख्या :- एलबीडीईएल00004797942 | यूनिट नंबर एच- 204, द्वितीय तल, स्काईटेक मैट्रोट, प्लॉट नंबर जीएच 01/डी एल सेक्टर-76, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर | 20-08-2021 रू. 17,24,379/- | 31-01-2021 |
| 5. | अमित कुमार माथुर, सुप्रिया माथुर, सुमित कुमार मालवीय, विजन इंडिया आयुर्वेद (प्रा.) लि., बी-298, ब्लॉक बी, डीडीए फ्लैट्स, बिंदा पुर, नई दिल्ली, खाता संख्या :- एलबीडीईएल00002440117 | फ्लैट नंबर 298, टाइप ए, ब्लॉक बी, पाकेट 3, बिंदा पुर, नई दिल्ली, | 03-07-2021 रू. 15,96,683/- | 06-02-2021 |
| 6. | अनुराग द्विवेदी, वंदना द्विवेदी, बी-123, पंचवटी अपा., प्लॉट नंबर बी 09/9, सेक्टर-62, निकट फोर्टिस हॉस्पिटल, नोएडा खाता संख्या :- एलबीएनओडी00001948871 | फ्लैट नंबर 0102, प्रथम तल, टावर ए-6, यूनिहोम्स-3, प्लॉट नंबर जीएच 01, सेक्टर-113, नोएडा | 17-07-2021 रू. 17,29,545/- | 02-12-2020 |
| 7. | शफकत अहमद कादरी, अतफा कादरी, एफ-4, लाजपत नगर-II, दिल्ली खाता संख्या :- एलबीडीईएल00001056903 | फ्लैट नंबर II-एफ-/95, द्वितीय तल, लाजपत नगर-2, दिल्ली | 04-08-2021 रू. 18,62,664.07/- | 31-01-2021 |
| 8. | नीरज जायसवाल, मूल चंद जायसवाल, मकान नंबर 112 बी, बोंझा, पटेल नगर, गाजियाबाद, खाता संख्या :- एलबीजीएचजैड00003603575 | फ्लैट नंबर 1008, 10वां तल, मोती रेजीडेंसी, टावर सी एवं डी, ग्राम मोरटा, गाजियाबाद | 17-07-2021 रू. 15,21,267/- | 31-01-2021 |
| 9. | कृष्ण कुमार, मुकेश कुमार, 29 तृतीय तल, सनलाइट कालोनी नंबर 1, दर्शना हाउस के पीछे, महारानी बाग, दिल्ली खाता :- एलबीएफडीबी00002892673 | प्लॉट नंबर बी 103, प्रथम तल, सेक्टर-82, फलोरिडा ग्रुप हाउसिंग स्कीम भटोला, फरीदाबाद | 17-07-2021 रू. 15,16,051/- | 31-01-2021 |
| 10. | विशाल सुडेरा, विजय कुमार सुडेरा, 69 तृतीय तल, अमृत नगर साउथ एक्सटेंशन, दिल्ली खाता संख्या :- एलबीडीईएल00002312134 | फ्लैट नंबर 1105, 11वां तल, टावर सी 3, गोल्फ विलेज टीएस 05, सेक्टर-22 डी, यमुना एक्सप्रेसवे, गौतमबुद्ध नगर, नोएडा | 04-08-2021 रू. 14,90,909/- | 28-02-2021 |
| 11. | कुमारी सोनम, अमित कुमार, मकान नंबर 719, सेक्टर-10, गुरूग्राम, हरियाणा-122001 खाता संख्या :- एलबीजीयूआर00004280382 | फ्लैट नंबर एफ 102, प्रथम तल, सन सिटी एवेन्यू 102, टावर एफ, सेक्टर-102 गुरूग्राम | 31-07-2021 रू. 14,43,502.99/- | 24-02-2021 |
| 12. | पंकज सक्सेना, नम्रता अस्थाना, 81 सी, पाकेट-2, सेक्टर-6, द्वारका, दिल्ली खाता संख्या :- एलबीडीईएल00001718135 | 81 सी, द्वितीय तल, डीडीए एसएफएस फ्लैट कैट-2, पाकेट-2, सेक्टर-6, द्वारका, दिल्ली | 17-07-2021 रू. 15,20,636/- | 31-12-2020 |
| 13. | विद्या सिंह, हेमंत कुमार सिंह, आर 21, रेल एन्क्लेव, सेक्टर-12, प्रताप विहार, गाजियाबाद, खाता संख्या :- एलबीजीएचजैड00002240339 | जी/यूएच-1108, 11वां तल, टावर-जी, अर्बन होम्स, एनएच-24, ग्राम शाहपुर बम्हेटा, गाजियाबाद | 04-08-2021 रू. 15,28,767.99/- | 31-12-2020 |
| 14. | शरद यादव, शशि यादव, ए 768, जी डी कालोनी, मयूर विहार-3, वसुंधरा एन्क्लेव, दिल्ली खाता संख्या :- एलबीडीईएल00002963186 | फ्लैट नंबर केआई 10, द्वितीय तल, टावर प्लाजा प्लॉट नंबर सीएस 04/जीएच 01, सेक्टर-04, गैलेक्सी प्लाजा, ग्रेटर नोएडा, नोएडा | 31-07-2021 रू. 14,43,623.74/- | 18-02-2021 |
| 15. | राहुल सिंह, देवयानी रंजन, आर एस कंस्ट्रक्शन, फ्लैट नंबर 1405, 14वां तल, ब्लॉक-ओसिमो, महागुन, मैन्सन-II, 1/4, वैभव खंड, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, खाता संख्या :- एलबीजीएचजैड00001490694 | 1405, महागुन, मैन्सन, 1/4, वैभव खंड, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, | 04-08-2021 रू. 17,96,393/- | 31-01-2021 |
| 16. | अभिषेक मदान, सोनिया मदान, छठा एवेन्यू गौड़ सिटी, 1 ग्रेटर नोएडा, डब्ल्यू जी बी नगर, उत्तर प्रदेश, नोएडा खाता संख्या :- एलबीडीईएल00003053873 | फ्लैट नंबर 692, छठा एवेन्यू, जीसी 06, गौड़ सिटी, प्लॉट नंबर जीएच-01, सेक्टर-4, ग्रेटर नोएडा, जी बी नगर-201301 | 28-06-2021 रू. 14,50,093/- | 30-12-2020 |
| 17. | रवीन अग्रवाल, यतीन अग्रवाल, फ्लैट नंबर 302, एसीसी 1903, पीआरपी 22846, यूनिट, दुबई खाता संख्या :- एलबीजीएचजैड00004093949 | फ्लैट नंबर 1001, 10वां तल, प्लॉट नंबर जीसी-03के, सेक्टर-16 सी, वीवीआईपी होम्स - मेरेडियन बी, ग्रेटर नोएडा, नोएडा | 04-08-2021 रू. 14,89,070/- | 31-01-2021 |
| 18. | प्रमोद शर्मा, राजेन्द्र प्रशाद, मकान नंबर 32, रसूलपुर नवादा, सेक्टर-62, एयरटेल टावर, जी बी नगर, नोएडा खाता संख्या :- एलबीएनओडी00005208952 | प्लॉट नंबर 19, ब्लॉक पी, सेक्टर-63ए, नोएडा | 31-07-2021 रू. 14,33,730/- | 22-03-2021 |
| 19. | आलोक द्विवेदी, ऋचा द्विवेदी, 229 आशा पुष्प विहार कौशाम्बी, रेडीसन ब्लू होटल, गाजियाबाद खाता संख्या :- एलबीडीईएल00004911625 | फ्लैट नंबर 2633, 25वां तल, फॉर्च्यून टावर, महागुन मोंटेज डूंडाहेड़ा, प्लॉट नंबर जीएच-03, क्रॉसिंग रिपब्लिक, गाजियाबाद-201010 | 25-06-2021 रू. 14,25,224.31/- | 31-01-2021 |
| 20. | ओम सिंह, अविनाश कुमार, वार्ड पामा अंचल पटरघा काली मंदिर पा, सहरसा खाता संख्या :- एलबीडीईएल00004978476 | यूनिट नंबर 710, सी/ओ ओम प्रकाश सिंह मौजा पामा रजिस्ट्री सहरसा, वार्ड नंबर 16, थाना नंबर 145, टौजी नंबर 5820, थाना सौर बाजार सहरसा, खाता नंबर 741, खसरा नंबर 710, उप मधेपुरा | 17-07-2021 रू. 14,64,616/- | 31-01-2021 |
| 21. | राजन आहूजा, प्रीति आहूजा, विला नंबर 66, ब्लॉक-5, द्वितीय तल, इरोस गार्डन, चार्मवुड विलेज, फरीदाबाद खाता संख्या :- एलबीएनओडी00001765203 | फ्लैट नंबर 1, द्वितीय तल, ब्लॉक-5, प्लॉट नंबर 66, इरोस गार्डन कालोनी, सूरजकुंड रोड, हरियाणा, फरीदाबाद | 04-08-2021 रू. 14,82,292/- | 31-01-2021 |
| 22. | योगेन्द्र पाल सिंह, सुनीता पाल, बी 9 जल निगम कालोनी, राज नगर, गाजियाबाद खाता संख्या :- एलबीएनओडी00002271959 | फ्लैट नंबर डी/यूएच 602, छठा तल, टावर डी अर्बन होम्स, ग्राम शाहपुर बम्हेटा, एनएच-24, गाजियाबाद | 04-08-2021 रू. 14,16,375/- | 31-01-2021 |
| 23. | सीमा भाटिया, गौरव शर्मा, के 009, विवेक विहार, सेक्टर-82, नोएडा खाता संख्या :- एलबीएनओडी00002388355 | फ्लैट नंबर 808, 8वां तल, टावर ए 1 सुपरटेक अप कंट्री, टीएस-01, सेक्टर-17 ए, नोएडा | 04-08-2021 रू. 14,86,771.99/- | 31-01-2021 |
| 24. | शैलेन्द्र के सिंह, संगीता सिंह, पॉलुकोन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, बी-3/248, नोएडा, सेक्टर-34, नोएडा खाता संख्या :- एलबीडीईएल00001925548 | 105, प्लॉट नंबर 10, पाकेट - पी 2, सेक्टर-ओमेगा-I, फेज-1, ग्रीनवुड, गव. ऑफीसर्स वेल्फेयर सोसायटी, ग्रेटर नोएडा, नोएडा | 31-07-2021 रू. 15,29,946/- | 12-01-2021 |
| 25. | धर्म वीर सिंह, दिनेश चंद्र, अलका, 481/12, गीता भवन, कृष्णा कालोनी, सेक्टर-7 एक्सटेंशन, गुरूग्राम खाता संख्या :- एलबीडीईएल00003660283 | फ्लैट नंबर 10014, 10वां तल, टावर डी-2, रहेजा कृष्णा हाउसिंग टावर डी 1 ए, ग्राम रायसीका, सेक्टर-14, गुरूग्राम | 17-07-2021 रू. 13,14,642/- | 31-12-2020 |
| 26. | जितेन्द्र कुमार गुप्ता, पूजा गुप्ता, मकान नंबर 355/ए/सी, तृतीय तल, बुध विहार, मुनीरका ग्राम, दिल्ली खाता संख्या :- एलबीडीईएल00005038042 | फ्लैट नंबर 21, भू तल, पाकेट 2, ब्लॉक ए 6, सेक्टर जी 2, नरेला, दिल्ली | 03-07-2021 रू. 12,74,048/- | 31-10-2020 |
| 27. | शरद अनुराग पांडे, वाणी विलास पांडे, एनपीसीसी पीओ बॉक्स -2058, बैज-14872, आबू धाबी, खाता संख्या :- एलबीएनओडी00003021487 | फ्लैट नंबर 1901, 19वां तल, क्रॉसिंग रिपब्लिक, प्लॉट नंबर जीएच-04, गौड़ ग्लोबल विलेज, डूंडाहेड़ा, गाजियाबाद | 04-08-2021 रू. 14,11,377/- | 06-02-2021 |
| 28. | सुजीत साहा, सुमना, फ्लैट नंबर 704, 7वां तल, पार्श्वनाथ ईडन्स-II, प्लॉट नंबर जीएच-05, सेक्टर-अल्फा-II, ग्रेटर नोएडा, नोएडा खाता संख्या :- एलबीएनओडी00001849487 | फ्लैट नंबर 704, 7वां तल, टावर ए, पार्श्वनाथ ईडन्स, प्लॉट नंबर जीएच-05, सेक्टर-अल्फा-II, ग्रेटर नोएडा, नोएडा | 14-07-2021 रू. 13,65,044.5/- | 31-01-2021 |
| 29. | वीणा मलिक, शैलेन्द्र मलिक, ए 2/77डी, ब्लॉक ए 2, केशव पुरम, दिल्ली खाता संख्या :- एलबीजीएचजैड00002361296 | फ्लैट नंबर 51, एलआईजी द्वितीय तल, पाकेट -सी, सेक्टर-82, ग्रुप 1, नरेला, दिल्ली | 04-08-2021 रू. 13,58,848/- | 31-12-2020 |
| 30. | अमित तिवारी, गीतांजलि शर्मा, 1/4, न्यू मोती नगर, नई दिल्ली खाता संख्या :- एलबीडीईएल00002024415 | फ्लैट नंबर 810, 8वां तल, टावर एच, प्लॉट नंबर जीएच 12/2, सेक्टर जीटा ए-1 | 31-07-2021 रू. 12,83,796/- | 31-12-2020 |
| 31. | सुनील कुमार उपाध्याय, चेताली शर्मा, 307, मकान नंबर 5.5, प्रेम नगर, सेक्टर-12, राज सिनेमा के सामने, गुरूग्राम, खाता संख्या :- एलबीजीयूआर00002098015 | सी 2-00-0004, ब्लॉक सी, यूनिटेक साउथ पार्क, नंबर सी 2-00-0004, गुरूग्राम | 04-08-2021 रू. 12,99,383/- | 11-01-2021 |
| 32. | आकाश मिश्रा, इंद्रा मिश्रा, फ्लैट नंबर बी 1/26, एसएफ-2, डीएलएफ अंकुर विहार, गाजियाबाद खाता संख्या :- एलबीएनओडी00004963351 | फ्लैट नंबर 140199, 12वां तल, टावर वी, 14वां एवेन्यू, प्लॉट नंबर जीसी 12 तथा जीसी 14, जीएच-03, सेक्टर-16सी, ग्रेटर नोएडा, नोएडा - 201307 | 28-06-2021 रू. 12,73,948.98/- | 31-01-2021 |
| 33. | वर्षा कुमारी सिंह, अभिषेक आनंद, 125-ए/2, द्वितीय तल, गोविंद पुरी, काल्काजी, नई दिल्ली खाता संख्या :- एलबीएनओडी00002198808 | फ्लैट नंबर 907, 9वां तल, ब्लॉक बी, गायत्री ऑरा, प्लॉट नंबर जीएच-11, सेक्टर-1, ग्रेटर नोएडा, नोएडा | 04-08-2021 रू. 13,13,463/- | 31-01-2021 |
| 34. | नरिन्दर कुमार, सुनीता कुमारी, बी/39, हुमायूं पुर ग्राम, दिल्ली, खाता संख्या :- एलबीडीईएल00002372428 | फ्लैट नंबर 54, चतुर्थ तल, ब्लॉक बी 10 पाकेट 8, सेक्टर 23 बी, द्वारका, दिल्ली | 17-07-2021 रू. 13,12,454/- | 31-01-2021 |
| 35. | संतोष कुमार अवस्थी, मंजू अवस्थी, 80, तिलक खंड, गिरि नगर, काल्काजी, नई दिल्ली खाता संख्या :- एलबीएनओडी00001342666 | फ्लैट नंबर एसकेई 106, प्रथम तल, शिप्रा कृष्णा, 14 अहिंसा खंड, गाजियाबाद | 23-07-2021 रू. 12,51,177.11/- | 31-01-2021 |
| 36. | सतेन्द्र सिंह, अर्पणा सिंह, बी-82, मीडोज विस्टा राज नगर एक्सटेंशन, मोरटा, एनएच-58, गाजियाबाद खाता संख्या :- एलबीजीएचजैड00002862052 | फ्लैट नंबर 082, 8वां तल, टावर बी, मीडोज विस्टा विलेज, मोरटा, परगना डासना जलालाबाद, खसरा नंबर 240, गाजियाबाद | 14-07-2021 रू. 13,45,534/- | 31-01-2021 |
| 37. | राकेश चौधरी, मधु, फ्लैट नंबर 1087, ब्लॉक डी, टाइप ए, डीडीए फ्लैट, बिंदापुर, उत्तम नगर, डी के मोहन गार्डन, द्वारका, दिल्ली खाता संख्या :- एलबीडीईएल00004411684 | डीडीए एलआईजी, एक्सपेंडेबल फ्लैट नंबर 1087, ब्लॉक डी, टाइप ए, बिंदापुर, दिल्ली | 04-08-2021 रू. 12,78,246.2/- | 11-01-2021 |
| 38. | वीना शर्मा, ललित किशोर शर्मा, ए-63, द्वितीय तल, साउथ सिटी-II, सोहना - गुरूग्राम रोड, गुरूग्राम, खाता संख्या :- एलबीडीईएल00001491747 | फ्लैट नंबर 2004, टाइप-ए, द्वितीय तल, ब्लॉक ए, श्रीकृष्ण लोक, वृंदावन, मथुरा | 14-07-2021 रू. 12,44,387/- | 31-12-2020 |
| 39. | रमा शंकर, अभिषेक रघुवंशी, बी-10 ए/61 बी, उदयगिरि अपार्टमेंट, सेक्टर-34, नोएडा खाता संख्या :- एलबीएनओडी00002901976 | फ्लैट नंबर 1403, 14वां तल, ब्लॉक ए 2, ईको विलेज 1, प्लॉट नंबर 8, सेक्टर-1, ग्रेटर नोएडा, नोएडा | 04-08-2021 रू. 13,82,550.17/- | 31-01-2021 |
| 40. | राजीव बहुगुणा, इप्सिता बहुगुणा, एल 1204, प्रतीक विस्टेरिया, सेक्टर-77, नोएडा खाता संख्या :- एलबीएनओडी00003418712 | फ्लैट नंबर 1204, 12वां तल, टावर एल, प्रतीक विस्टेरिया, प्लॉट नंबर जीएच-01, सेक्टर-77, गौतमबुद्ध नगर | 20-08-2021 रू. 11,98,589/- | 31-07-2020 |
| 41. | पूनम विजयकुमार मिश्रा, विजयकुमार देवनाथ मिश्रा, 12 डी, मेश, न्यू नेवी नगर, कोलाबा, मुंबई। खाता नंबर - एलबीडीईएल00002907494 | फ्लैट नंबर 402, चतुर्थ तल, कॉस्मो सिटी, सिल्वासा खानवेल रोड, दादरा नागर हवेली नंबर 537 538, सिल्वासा | 14-07-2021 रू. 12,06,586/- | 31-01-2021 |
| 42. | अरूण कुमार, सुषमा देवी, विजय कुमार, सी-96-बी, गली नंबर 2, मधु विहार, दिल्ली खाता नंबर - एलबीडीईएल00002383746 | फ्लैट नंबर 27, प्रथम तल, ब्लॉक सी-11, पाकेट 4, सेक्टर-34, रोहिणी, दिल्ली | 17-07-2021 रू. 11,80,054/- | 11-01-2021 |
| 43. | दीपा, शेखर उप्रेती, 105/ए, जिंदल कालोनी, समालखा एक्सटेंशन, समालखा, साउथ वेस्ट दिल्ली, दिल्ली खाता संख्या :- एलबीडीईएल00004503290 | फ्लैट नंबर 914, 9वां तल, टावर 2, ग्रैंड आईवीए टावर 2 ग्राम दौलताबाद, सेक्टर-103, गुरूग्राम | 17-07-2021 रू. 11,64,691/- | 11-01-2021 |
| 44. | सत्य प्रकाश, श्याम लाल, एम-36, अरूणा नगर सिविल लाइन्स, नॉर्थ दिल्ली, दिल्ली खाता संख्या :- एलबीडीईएल00002377664 | फ्लैट नंबर 9, द्वितीय तल, ब्लॉक बी-13, पाकेट 1, सेक्टर-34, रोहिणी, दिल्ली | 31-07-2021 रू. 11,18,709/- | 06-03-2021 |
| 45. | प्रवीण कुमार अरोड़ा, वंदना अरोड़ा, चांद अरोड़ा, जी-3/22, ब्लॉक जी, पाकेट 3, सेक्टर-11, रोहिणी, दिल्ली खाता संख्या :- एलबीडीईएल00002914333 | सम्पत्ति सं. 22, ब्लॉक जी 3,प्रथम तल, छत का अधिकार नहीं, पाकेट जी, सेक्टर-11, रोहिणी, दिल्ली | 31-07-2021 रू. 11,29,085.8/- | 11-01-2021 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 30 नवम्बर, 2021
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स 153 अंक चढ़ा

भाषा। मुंबई

**घरेलू** शेयर बाजारों में इस सप्ताह की शुरूआत अच्छी रही और सोमवार को दोनों सूचकांक- बीएसई सेंसक्स और एनएसई निफ्टी बढ़त के साथ बंद हुए। सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज, बैंक और आईटी कंपनियों में तेजी से बाजार को समर्थन मिला। हालांकि कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रॉन के कुछ और देशों में फैलने के बाद निवेशक सतर्क रुख अपना रहे हैं। कोरोना वायरस का नया स्वरूप कई देशों में पाए जाने के बाद दुनिया के कई देश फिर से यात्रा पाबंदी लगा रहे हैं। हालांकि अभी तक भारत में ओमीक्रॉन का कोई मामला नहीं पाया गया है। पिछले सप्ताह शुक्रवार को शेयर बाजार में बड़ी गिरावट के बाद सोमवार को कुछ स्थिरता दिखी। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 153.43 अंक यानी 0.27 प्रतिशत की

### आरआईएल और टीसीएस में तेजी


तेजी के साथ 57,260.58 अंक पर बंद हुआ। वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख के साथ सूचकांक शुरूआती कारोबार में 500 अंक से भी अधिक नीचे चला गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 27.50 अंक यानी 0.16 प्रतिशत की तेजी के साथ 17,053.95 अंक पर बंद हुआ। रिलायंस इंडस्ट्रीज की दूरसंचार इकाई जियो के प्रीपेड मोबाइल फोन की शुल्क दरें बढ़ाने की घोषणा के बाद कंपनी का शेयर 1.26 प्रतिशत चढ़ा। सेंसेक्स के शेयरों में कोटक बैंक सर्वाधिक 2.92 प्रतिशत चढ़ा। एलआईसी को भारतीय रिजर्व बैंक से निजी क्षेत्र के इस बैंक में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाकर लगभग 10 प्रतिशत करने की मंजूरी से शेयर में तेजी रही। इसके अलावा, एचसीएल टेक, टीसीएस, इन्फोसिस, एचडीएफसी बैंक, बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, टाइटन और टेक महिंद्रा में भी प्रमुख रूप से तेजी रही। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में सन फार्मा, एनटीपीसी, एक्सिस बैंक, नेस्ले, बजाज ऑटो, भारतीय स्टेट बैंक और डा. रेड्डीज शामिल हैं। इनमें 2.03 प्रतिशत तक की गिरावट आई। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, कोरोना वायरस के नए स्वरूप को लेकर चिंता के बीच घरेलू सूचकांक शुरूआती गिरावट से उबरते हुए लाभ में रहे। मुख्य रूप से आईटी और स्वास्थ्य से जुड़ी कंपनियों के शेयरों से बाजार को समर्थन मिला। वैश्विक बाजारों में मिला-जुला रुख रहा। उन्होंने कहा, कुल मिलाकर वैश्विक बाजारों में अनिश्चितता और गिरावट के बाद लिवाली की स्थिति देखने को मिली। इससे गिरावट पर कुछ अंकुश लगा। घरेलू बाजार में, दूरसंचार क्षेत्र पर निवेशकों की नजर रही क्योंकि सभी प्रमुख कंपनियों ने शुल्क दरें बढ़ा दी हैं।

**बीएसई सेंसेक्स** नवंबर 2021 29
57,260.58




| टॉप गेनर | % | टॉप लूजर | % |
|---|---|---|---|
| कोटक महिन्द्रा | 2.92 | सन फार्मा | -2.03 |
| एचसीएल टेक | 2.25 | एनटीपीसी | -1.71 |
| टीसीएस | 1.60 | ऐक्सिस बैंक | -1.65 |
| टाइटन | 1.42 | नेस्ले | -1.35 |
| बजाज फाइनेंस | 1.41 | बजाज ऑटो | -1.32 |

**एनएसई निफ्टी** नवंबर 2021 29
17,053.95




| टॉप गेनर | % | टॉप लूजर | % |
|---|---|---|---|
| कोटक महिन्द्रा | 2.38 | बीपीसीएल | -2.56 |
| एचसीएल टेक | 2.16 | सन फार्मा | -2.33 |
| HDFC Life | 1.74 | अदानी पोर्ट्स | -2.12 |
| टाइटन | 1.65 | यूपीएल | -2.07 |
| टीसीएस | 1.64 | एनटीपीसी | -1.86 |

पीटीआई ग्राफिक

## क्विक न्यूज

### एलआईसी कोटक बैंक में अपनी हिस्सेदारी को बढ़ाकर करीब दस फीसदी करेगी

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) निजी क्षेत्र के कोटक महिंद्रा बैंक में अपनी हिस्सेदारी को बढ़ाकर करीब दस फीसदी करेगी। कोटक महिंद्रा बैंक ने शेयर बाजार को सोमवार को बताया कि बैंक मे एलआईसी की हिस्सेदारी बढ़ाने के प्रस्ताव को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मंजूरी मिल गई है। बैंक ने बताया कि उसे एलआईसी से इस मंजूरी के बारे में सूचना मिली है। बैंक की चुक्ता इक्विटी शेयर पूंजी में एलआईसी की हिस्सेदारी को बढ़ाकर 9.99 फीसदी करने का प्रस्ताव है। गत 30 सितंबर को बैंक में एलआईसी की हिस्सेदारी 4.96 प्रतिशत थी। बैंक मे हिस्सा बढ़ाने का यह प्रस्ताव निजी क्षेत्र के बैंकों में शेयरों के अधिग्रहण या मताधिकार के लिए आरबीआई की पूर्व-अनुमति लेने के दिशा-निर्देशो के अधीन है। इसके अलावा बाजार नियामक सेबी भी विदेशी मुद्रा विनिमय प्रबंधन अधिनियम के प्रावधानों पर गौर करता है। कोटक महिंद्रा बैंक के मुताबिक यह मंजूरी एक साल की अवधि के लिए वैध है।

### जूट आयुक्त ने कच्चे जूट की कीमत बढ़ाने के सुझाव को नकारा

**कोलकाता।** जूट आयुक्त ने कच्चे जूट की कीमत को 7,200 रुपए प्रति क्विंटल करने के भारतीय जूट मिल संघ (आईजेएमए) के सुझाव को नकार दिया है। इसके साथ ही जूट आयुक्त ने जूट से बने बोरों के लिए एक कीमत दायरा तय करने को भी कहा है। आईजेएमए ने जूट आयुक्त को कच्चे जूट की कीमत को 6,500 रुपए से बढ़ाकर 7,200 रुपए प्रति क्विंटल करने का सुझाव दिया था। राज्य सरकार ने खाद्यान्न भंडारण में इस्तेमाल होने वाले जूट के बोरों की कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोतरी को लेकर जूट उत्पादकों की राय मांगी थी। जूट आयुक्त ने आईजेएमए को लिखे अपने एक पत्र में इस सुझाव को अस्वीकार कर दिया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा है कि पश्चिम बंगाल सरकार की बुलाई गई बैठक में जूट-निर्मित बोरे की अधिकतम कीमत 100 रुपए प्रति बोरा तय करने का प्रस्ताव रखा गया है। जूट नियामक ने कहा है कि इस प्रस्ताव के बारे में जूट मिल संघ भी अपना पक्ष रखेगा। उन्होंने कहा कि है कच्चे जूट की कीमत बढ़ाने के बजाय जूट-निर्मित बोरे की अधिकतम कीमत तय करना उचित होगा। इस बीच आईजेएमए चेयरमैन राघव गुप्ता ने कहा कि उनका संगठन जूट आयुक्त की तरफ से रखे गए प्रस्ताव पर अभी राजी नही हुआ है। इसके लिए संगठन के अधिक सदस्यों के साथ विचार के बाद ही कोई फैसला किया जाएगा।

### अमेजन ने अमेजन होलसेल (इंडिया) में 650 करोड़ रुपए डाले

**नई दिल्ली।** अमेरिकी ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन ने अपनी भारतीय इकाई अमेजन होलसेल (इंडिया) में 650 करोड़ रुपए का नया निवेश किया है। कंपनी द्वारा दायर नियामकीय दस्तावेजों से यह जानकारी दी गई है। कंपनी मामलों के मंत्रालय में दायर किए गए और बाजार आसूचना कंपनी टॉफ्लर द्वारा साझा किए गए दस्तावेजों के मुताबिक अमेजन कॉरपोरेट होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड और अमेजन डॉट कॉम डॉट इंक्स लि. ने अमेजन इंडिया की थोक बी2बी (बिजनेस टू बिजनेस) इकाई में 650 करोड़ रुपए का निवेश किया है। यह निवेश 26 अक्टूबर, 2021 को किया गया। अमेजन इंडिया ने ईमेल से भेजे गए सवालों का जवाब नहीं दिया। दस्तावेजों के अनुसार, धन का एक बड़ा हिस्सा (649.94 करोड़ रुपए से अधिक) अमेजन कॉरपोरेट होल्डिंग्स प्राइवेट लि. से आया। नए निवेश से कंपनी को भारत में अपना बी2बी कारोबार बढ़ाने में मदद मिलेगी। अमेजन भारत में विभिन्न कारोबारी इकाइयों में आक्रामक रूप से निवेश कर रही है।

### बीएफआईएल के एमडी और कार्यकारी निदेशक ने दिए इस्तीफे, प्रतिद्वंद्वी कंपनी से जुड़ेंगे

**नई दिल्ली।** इंडसइंड बैंक के पूर्ण-स्वामित्व वाली इकाई भारत फाइनेंशियल इन्क्लूजन लिमिटेड (बीएफआईएल) के प्रबंध निदेशक और कार्यकारी निदेशक ने अपने पदों से इस्तीफे दे दिए है। इंडसइंड बैंक ने सोमवार को बताया कि बीएफआईएल के प्रबंध निदेशक (एमडी) एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) शलभ सक्सेना और कार्यकारी निदेशक एवं मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) आशीष दमानी ने पिछले हफ्ते इस्तीफे दे दिए हैं। बैंक ने एक नियामकीय सूचना में कहा कि बीएफआईएल के इन दोनो वरिष्ठ अधिकारियो ने गत 25 नवंबर को अपने इस्तीफे दे दिए। हालांकि, उनके इस्तीफे एवं कार्य-मुक्त किए जाने पर अभी कोई फैसला नही लिया गया है। बैंक के मुताबिक इन दोनों ही अधिकारियों ने बीएफआईएल के कुछ लेनदेन के बारे में जारी ऑडिट प्रक्रिया में सहयोग देने की बात कही है। इस बीच बैंक ने अंतरिम तौर पर जे श्रीधरन को बीएफआईएल का कार्यकारी निदेशक और श्रीनिवास बोनम को रोजमर्रा के कामकाज के संचालन के लिए नामित किया है।

## सरकार का स्वास्थ्य खर्च में हिस्सा बढ़कर 2017-18 में जीडीपी के 1.35 प्रतिशत पर : एनएचए रिपोर्ट

भाषा। नई दिल्ली

**सरकार** का स्वास्थ्य क्षेत्र में 2017-18 में कुल खर्च बढ़कर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 1.35 प्रतिशत पहुंच गया, जबकि 2013-14 में यह 1.15 प्रतिशत था। सोमवार को जारी राष्ट्रीय स्वास्थ्य लेखा (एनएचए) अनुमान से यह जानकारी मिली है।

रिपोर्ट के अनुसार नागरिकों का प्रति व्यक्ति स्वास्थ्य खर्च घटकर 2017-18 में 2,097 रुपए रहा जो 2013-14 में 2,336 रुपए था। एनएचए की 2017-18 की रिपोर्ट के अनुसार कुल स्वास्थ्य व्यय में सरकार का खर्च 2017-18 में बढ़कर 40.8 प्रतिशत रहा जो 2013-14 में 28.6 प्रतिशत था। यह राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) द्वारा तैयार पांचवीं एनएचए रिपोर्ट है। इसे केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने 2014 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य लेखा तकनीकी सचिवालय (एनएचएटीएस) के रूप में नामित किया है। एनएचए अनुमान विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृत स्वास्थ्य लेखा प्रणाली, 2011 के आधार पर लेखा व्यवस्था का उपयोग कर तैयार किया गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि 2017-18 का एनएचए अनुमान न केवल सरकार के स्वास्थ्य क्षेत्र में बढ़ते व्यय की प्रवृत्ति को बताता है बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल व्यवस्था के प्रति लोगों के बढ़ते भरोसे को भी प्रतिबिंबित करता है। मंत्रालय के अनुसार, ए अनुमान न केवल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तुलनीय है, बल्कि नीति-निर्माताओं के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति, 2017 में सभी तक स्वास्थ्य सेवाओं का दायरा पहुंचाने की परिकल्पना को हकीकत का रूप देने की दिशा में प्रगति पर नजर रखने में मददगार है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि 2017-18 के लिए एनएचए के अनुमान से स्पष्ट है कि देश के कुल सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में सरकार के स्वास्थ्य व्यय का हिस्सा बढ़ा है। उन्होंने कहा, यह (जीडीपी के अनुपात के रूप में स्वास्थ्य व्यय) 2013-14 में 1.15 प्रतिशत था जो बढ़कर 2017-18 में 1.35 प्रतिशत हो गया। साथ ही सरकार का कुल स्वास्थ्य व्यय में खर्च भी इस दौरान बढ़ा है।

वर्ष 2017-18 में बढ़कर यह 40.8 प्रतिशत हो गया जो 2013-14 में 28.6 प्रतिशत था। प्रति व्यक्ति खर्च के हिसाब से सरकार का स्वास्थ्य मद में खर्च 2017-18 में 1,753 रुपए रहा जो 2013-14 में 1,042 रुपए था। रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकार का सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार को लेकर प्रयास का सकारात्मक असर दिख रहा है।

## वाइब्रेंट गुजरात सम्मेलन से पहले 14,000 करोड़ रुपए के समझौतों पर हस्ताक्षर

भाषा। गांधीनगर


**वाइब्रेंट** गुजरात ग्लोबल सम्मेलन 2022 के सिलसिले में सोमवार को यहां आयोजित एक कार्यक्रम में गुजरात में 14,000 करोड़ रुपए के प्रस्तावित निवेश से जुड़े 12 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए। वाइब्रेंट गुजरात सम्मेलन गांधीनगर में अगले वर्ष 10 जनवरी को शुरू होगा और 12 जनवरी तक चलेगा। सम्मेलन से पहले यह दूसरा समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर कार्यक्रम था जिसमें गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी मौजूद रहे। इसके साथ ही गुजरात में निवेश के 38,188 करोड़ रुपए के समझौतों पर हस्ताक्षर हो चुके हैं। गुजरात सरकार ने बताया कि मित्सु प्राइवेट लिमिटेड ने दक्षिण गुजरात के वापी में रसायन, दवा, एपीआई, कपड़ा, इंजीनियरिंग, प्लास्टिक के लिए मिश्रित औद्योगिक क्लस्टर स्थापित करने के लिए 5,000 करोड़ के बड़े निवेश का प्रस्ताव रखा है। राज्य सरकार के अनुसार इस प्रस्तावित निवेश से राज्य में करीब 15 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। इसके अलावा गुजरात फ्लोरोकेमिकल्स लिमिटेड ने इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए बैटरी रसायनों और अन्य उत्पादों के लिए 2,000 करोड़ रुपए के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है। इसी तरह आरती इंडस्ट्रीज ने भी राज्य में 1,669.8 करोड़ रुपए के निवेश का वादा किया है।

वहीं एशियन पेंट्स ने भरूच जिले के अंकलेश्वर में अपने पेंट संयंत्र पर 1,114 करोड़ रुपए के प्रस्तावित निवेश को लेकर समझौता किया है। गुजरात सरकार ने वाइब्रेंट गुजरात सम्मेलन के पहले हरेक सोमवार को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर कार्यक्रम आयोजित करने का फैसला किया है।

### भारत बायोटेक ने कोवैक्सिन का निर्यात शुरू किया

**नई दिल्ली।** भारत बायोटेक ने कोविड-19 के टीके कोवैक्सिन का निर्यात शुरू कर दिया है। कंपनी ने कहा है कि उसने नवंबर में लंबे समय से लंबित निर्यात ऑर्डर निपटाए हैं। भारत बायोटेक ने सोमवार को ट्वीट किया, नवंबर में लंबे समय से लंबित निर्यात ऑर्डरों को पूरा किया जा रहा है। आने वाले महीनों में निर्यात को और तेजी से बढ़ाया जाएगा। बड़ी संख्या में देशों में कोवैक्सिन के आपातकालीन इस्तेमाल की अनुमति मिल चुकी है। ऐसे में दिसंबर में कुछ अन्य देशों को टीके का निर्यात शुरू किया जाएगा। हालांकि, कंपनी ने यह नहीं बताया कि वह दिसंबर से किन अन्य देशों को टीके का निर्यात शुरू करेगी। ट्वीट में कंपनी ने निर्यात की अनुमति देने के लिए भारत सरकार का आभार जताया है। कंपनी ने कहा, कोवैक्सिन महामारी के खिलाफ लड़ाई का एक अभिन्न हिस्सा बन गई है। इससे पहले पिछले सप्ताह सीरम इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) ने बताया था कि उसने अपने टीके कोविशील्ड का निर्यात शुरू कर दिया है।

**रुपया बनाम डॉलर 75.12*** **(-23पै)**




*अनंतिम
पीटीआई ग्राफिक

### इस सप्ताह ई-श्रम पोर्टल पर 10 करोड़ को छू सकता है पंजीकरण का आंकड़ा

**नई दिल्ली।** सरकार के ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत असंगठित श्रमिकों का आंकड़ा इस सप्ताह 10 करोड़ पर पहुंच सकता है। ताजा आंकड़ों के आधार पर यह अनुमान लगाया गया है। अभी ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृतउ श्रमिकों की संख्या 9.7 करोड़ के करीब है। श्रम और रोजगार मंत्रालय ने ई-श्रम पोर्टल विकसित किया है जो आधार के साथ जुड़ा असंगठित श्रमिकों का एक राष्ट्रीय डेटाबेस है। पोर्टल 26 अगस्त, 2021 को शुरू किया गया था। पोर्टल पर रविवार को 13.97 लाख श्रमिकों ने पंजीकरण कराया, जबकि शनिवार को यह संख्या 14.95 लाख थी। इस तरह इस बात को ध्यान में रखते हुए कि एक दिन में औसतन 10 लाख श्रमिकों का पंजीकरण हो रहा है, नामांकन इस सप्ताह ही 10 करोड़ का आंकड़ा छू सकता है। पोर्टल के नवीनतम आंकड़ों से पता चला है कि ई-श्रम पोर्टल पर 9.7 करोड़ श्रमिक पंजीकृत हैं, जिसमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़े वर्ग जैसे सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों के श्रमिकों की संख्या 72.46 प्रतिशत है जबकि 27.54 प्रतिशत सामान्य वर्ग से हैं। इसके अलावा, असंगठित क्षेत्र के 89.68 प्रतिशत पंजीकृत श्रमिकों ने अपने बैंक विवरण प्रदान किए हैं। आंकड़ों से यह भी पता चलता है कि भारत में गांवों में विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक सेवाओं के वितरण के लिए गठित साझा सेवा केंद्रों (सीएससी) के माध्यम से 80.73 प्रतिशत पंजीकरण हुए हैं।

## रिजर्व बैंक ने रिलायंस कैपिटल के निदेशक मंडल को भंग किया, दिवाला कार्यवाही शुरू करेगा

भाषा। मुंबई

**भारतीय** रिजर्व बैंक ने सोमवार को अनिल अंबानी की अगुवाई वाले रिलायंस समूह की कंपनी रिलायंस कैपिटल लि. (आरईएल कैप) के निदेशक मंडल को भंग कर दिया। केंद्रीय बैंक जल्द ही कर्ज में डूबी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) के खिलाफ दिवाला कार्यवाही शुरू करेगा। भुगतान में चूक और कंपनी संचालन के स्तर पर गंभीर खामियों को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। रिजर्व बैंक ने एक बयान मे कहा कि बैंक ऑफ महाराष्ट्र के पूर्व कार्यकारी निदेशक नागेश्वर राव वाई को गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी का प्रशासक नियुक्ति किया गया है। यह तीसरी सबसे बड़ी एनबीएफसी है जिसके खिलाफ केंद्रीय बैंक दिवाला एवं ऋण शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) के तहत दिवाला कार्यवाही शुरू करेगा। इससे पहले, रिजर्व बैंक ने श्रेई ग्रुप की एनबीएफसी




तथा दीवान हाउसिंग फाइनेंस कॉरपोरेशन (डीएचएफएल) के खिलाफ इसी प्रकार की कार्यवाही शुरू की थी। डीएचएफएल के खिलाफ कार्यवाही पूरी हो चुकी है जबकि श्रेई का मामला अभी लंबित है। केंद्रीय बैंक ने कहा, रिजर्व बैंक ने मेसर्स रिलायंस कैपिटल लि. के निदेशक मंडल को भंग कर दिया है। कंपनी के अपने कर्जदाताओं को कर्ज लौटाने में चूक और कंपनी संचालन से जुड़ी गंभीर चिंताओं को देखते हुए यह कदम उठाया गया। कंपनी का निदेशक मंडल इन मुद्दों का समाधान प्रभावी तरीके से नहीं कर पाया। बयान के अनुसार, रिजर्व बैंक जल्दी ही ऋण शोधन अक्षमता और दिवाला (वित्तीय सेवा प्रदाताओं की दिवाला और परिसमापन कार्यवाही और न्यायनिर्णय प्राधिकरण को आवेदन) नियम, 2019 के तहत कंपनी को लेकर समाधान प्रक्रिया शुरू करेगा। रिजर्व बैंक राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी), मुंबई से भी ऋण शोधन समाधान पेशेवर के रूप में प्रशासक नियुक्त करने का आग्रह करेगा। उल्लेखनीय है कि रिलायंस कैपिटल ने सितंबर में सालाना आम बैठक में शेयरधारकों को सूचित किया था कि कंपनी के ऊपर एकीकृत रूप से 40,000 करोड़ रुपए का कर्ज है। कंपनी को चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 1,156 करोड़ रुपए का एकीकृत नुकसान हुआ जबकि आय 6,001 करोड़ रुपए रही थी। वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान कंपनी को 9,287 करोड़ रुपए का घाटा हुआ जबकि कुल आय 19,308 करोड़ रुपए रही थी।

### एथर एनर्जी की तमिलनाडु में अपना दूसरा विनिर्माण संयंत्र लगाने की योजना

**मुंबई।** हीरो मोटोकॉर्प समर्थित दोपहिया इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी एथर एनर्जी तमिलनाडु में अपना दूसरा विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने की योजना बना रही है। कंपनी के अनुसार यह संयंत्र 2022 में शुरू होगा। इसके शुरू होने से कंपनी को अपनी उत्पादन क्षमता 1.20 लाख इकाई से बढ़ाकर चार लाख इकाई सालाना करने में मदद मिलेगी। एथर एनर्जी ने बयान में कहा कि बिजलीचालित दोपहिया वाहनों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए नया संयंत्र तमिलनाडु के होसुर में स्थापित किया जाएगा। बेंगलुरु स्थित एथर एनर्जी ने इस साल की शुरुआत में होसुर में अपनी पहली विनिर्माण सुविधा स्थापित की थी। नए संयंत्र में लिथियम-आयन बैटरी पर भी ध्यान दिया जाएगा, जो कंपनी के लिए एक प्रमुख क्षेत्र है। कंपनी के अनुसार, इस नए संयंत्र से उसे अपनी उत्पादन क्षमता को चार लाख इकाई प्रतिवर्ष करने में मदद मिलेगी, जो वर्तमान में 1,20,000 इकाई सालाना है।

## पेज 1 का शेष

### तीन कृषि कानूनों की...

इससे पहले कृषि मंत्री तोमर ने तीन कृषि काननों की चर्चा करते हुए कहा कि सरकार बहुत विचार-विमर्श के बाद किसानों के कल्याण के लिए इन कानूनों को लेकर आई थी। उन्होंने कहा लेकिन दुख की बात है कि कई बार प्रयत्न करने के बावजूद वह किसानों को समझा नहीं सकी। कृषि मंत्री तोमर ने कांग्रेस पर दोहरा रुख अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्षी दल ने अपने घोषणापत्र में कृषि सुधारों का वादा किया था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरु नानक जयंती पर तीनों कृषि कानूनों को वापस लेने की घोषणा कर बड़ा दिल दिखाया और यह उनकी कथनी और करनी में एकरूपता का परिचायक है। उल्लेखनीय है कि पिछले साल सितंबर महीने में केंद्र सरकार विपक्षी दलों के भारी विरोध के बीच कृषक उपज व्यापार और वाणिज्य (संवर्धन और सरलीकरण) कानून, कृषि (सशक्तिकरण और संरक्षण) कीमत आश्वासन और कृषि सेवा करार कानून और आवश्यक वस्तु संशोधन कानून, 2020 लाई थी। कई किसान संगठनों के करीब एक साल के आंदोलन के बाद सरकार ने इन कानूनों को निरस्त करने का फैसला किया। दोनों सदनों में शून्यकाल एवं प्रश्नकाल सामान्य ढंग से नहीं चल पाया।

### ओमीक्रोन का वैश्विक स्तर...

इसमें कोई शक नहीं कि इसने कई लोगों की जान बचाई। डब्ल्यूएचओ ने दुनिया को नए स्वरूप के बारे में जल्दी से सतर्क करने के लिए दक्षिण अफ्रीका और बोत्सवाना की प्रशंसा की है। कई ने आगाह किया है कि उन्हें उनकी गति के लिए दंडित नहीं किया जाना चाहिए, खासकर क्योंकि यह कभी नहीं जाना जा सकेगा कि नया स्वरूप पहली बार कब या कहां सामने आया। इसके बावजूद वॉन डेर लेएन ने 27- देशों वाले यूरोपीय संघ को सात दक्षिणी अफ्रीकी देशों से उड़ानों पर तत्काल प्रतिबंध लगाने के लिए कहा। बेल्जियम, डेनमार्क और नीदरलैंड में इसके मामले पहले ही सामने आ चुके थे। इससे पहले पुर्तगाली अधिकारियों ने बेलेनेंसेस पेशेवर फुटबॉल क्लब के टीम के सदस्यों में ओमीक्रोन के 13 मामलों की पहचान की थी। अधिकारियों ने बताया कि एक सदस्य ने हाल ही में दक्षिण अफ्रीका की यात्रा की थी। सप्ताहांत में बेनफिका के खिलाफ इसके खेल को खिलाड़ियों की कमी के कारण हाफ टाइम पर छोड़ना पड़ा था। पृथकवास भी एक मुद्दा बन गया जब नीदरलैंड सैन्य पुलिस को एक पति और पत्नी को गिरफ्तार करना पड़ा। दोनों उस होटल से निकल गए थे जहां उन्हें संक्रमित पाए जाने पर रखा गया था। वे स्पेन के लिए एक विमान में सवार हो गए थे। प्रवक्ता पेट्रा फेबर ने कहा, पृथकवास बाध्यकारी नहीं है, लेकिन हम मानते हैं कि लोग जिम्मेदारी से कार्य करेंगे। कोई जोखिम नहीं लेते हुए, जापान ने सोमवार को घोषणा की कि वह कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन के खतरे के मद्देनजर दुनियाभर से आने वाले सभी विदेशी यात्रियों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाएगा। इसी के साथ जापान उन देशों की सूची में शामिल हो गया है, जिन्होंने ओमीक्रोन के संक्रमण के मामलों की दुनियाभर में पुष्टि के मद्देनजर यात्रा संबंधी प्रतिबंध कड़े कर दिए हैं। जापान में ओमीक्रोन का अभी कोई मामला सामना नहीं आया है। जापान के प्रधानमंत्री फुमिओ किशिदा ने कहा कि यह घोषणा मंगलवार से प्रभावी होगी। इस घोषणा का अर्थ है कि जापान अपनी सीमा पर लोगों के आवागमन पर नियंत्रण को बहाल करेगा, जिसमें कम अवधि के लिए आने वाले कारोबारी यात्रियों, विदेशी छात्रों और कर्मियों के लिए इस महीने की शुरुआत में ढील दी गई थी।

इजराइल ने विदेशियों के प्रवेश पर रोक लगाने का फैसला किया और मोरक्को ने कहा कि वह आने वाली सभी उड़ानों को सोमवार से शुरू होने वाले दो सप्ताह के लिए निलंबित करेगा। वैश्विक चिंता के बावजूद, वैज्ञानिकों ने आगाह किया कि यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि ओमीक्रोन स्वरूप अन्य स्वरूपों की तुलना में अधिक खतरनाक है, जिसने 50 लाख से अधिक लोगों की जान ले ली। दुनिया के कुछ हिस्सों में, अधिकारी विपरीत दिशा में बढ़ रहे हैं। मलेशिया में, अधिकारी सिंगापुर से जोड़ने वाले एक पुल को आंशिक रूप से फिर से खोलने के लिए आगे बढ़े। वहीं न्यूजीलैंड ने घोषणा की कि वह महीनों के लॉकडाउन को आंतरिक रूप से फिर से खोलने की योजना जारी रखेगा। बहरहाल, वह नौ दक्षिणी अफ्रीकी देशों से यात्रा को भी प्रतिबंधित कर रहा है। प्रधानमंत्री जे. अर्डर्न ने कहा कि वह आगे और किसी प्रतिबंध का अनुमान नहीं लगा रही हैं, और ऑकलैंड में बार, रेस्तरां और जिम बृहस्पतिवार देर रात से फिर से खुल सकते हैं। इससे अगस्त में शुरू हुआ कोरोना वायरस लॉकडाउन समाप्त हो सकते हैं। इस बीच, अमेरिका में राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान निदेशक डॉ. फ्रांसिस कॉलिन्स ने कहा कि अभी तक कोई डेटा नहीं बताता है कि नया स्वरूप पिछले कोविड-19 स्वरूप की तुलना में अधिक गंभीर बीमारी का कारण बनता है। कोलिन्स ने कहा कि सभी को दुनिया में पहले से मौजूद उपायों का उपयोग करने के लिए अपने प्रयासों को तेज करना चाहिए, जिसमें टीकाकरण, बूस्टर डोज और मास्क पहनने जैसे उपाय शामिल हैं।

### डॉ. मित्रा को राज्यसभा...

एक पत्रकार के रूप में डॉ. मित्रा ने कोलकाता में द स्टेट्समैन के साथ अपना करियर शुरू किया और द पायनियर अखबार के संपादक और प्रबंध निदेशक के रूप में काम किया। डॉ. मित्रा के अलावा उच्च सदन ने शीतकालीन सत्र के पहले दिन मौजूदा सांसद ऑस्कर फर्नांडीस और पूर्व सांसदों केबी शनप्पा, हरि सिंह नलवा, मोनिका दास और अबनी रॉय को भी श्रद्धांजलि दी।

### चार केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों से सरकार को 5,155 करोड़ रुपए का लाभांश मिला

भाषा। नई दिल्ली

**निवेश** एवं लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव तुहिन कांता पांडेय ने सोमवार को कहा कि सरकार को चार केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (सीपीएसई) से लाभांश के रूप में 5,155 करोड़ रुपए मिले हैं। पांडेय ने ट्वीट किया, सरकार को ओएनजीसी और बीपीसीएल से क्रमश: 4,180 करोड़ रुपए और 575 करोड़ रुपए लाभांश के रूप में मिले हैं। उन्होंने एक अन्य ट्वीट में कहा कि सरकार को एसपीएमसीआईएल और ईसीजीसी से क्रमश: 240 करोड़ रुपए और 160 करोड़ रुपए की राशि लाभांश के रूप में मिली है। इन चार सीपीएसई से मिलने वाला लाभांश 5,155 करोड़ रुपए है। दीपम की वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, इस वित्त वर्ष में अब तक विभिन्न सीपीएसई से लाभांश के माध्यम से 25,376.75 करोड़ रुपए प्राप्त हुए हैं।

## ब्रिटिश एशियाई उद्यमियों की संपत्ति इस साल 20 प्रतिशत बढ़ी, हिंदुजा शीर्ष पर कायम

**लंदन।** ब्रिटेन में रहने वाले एशियाई समुदाय के उद्यमियों की कुल संपत्ति इस साल 100 अरब पाउंड से थोड़ी ही कम रही है। यह आंकड़ा पिछले साल की तुलना में 20 प्रतिशत से भी ज्यादा है। एशियन मीडिया ग्रुप की तरफ जारी एशियाई अमीरों की वार्षिक सूची के मुताबिक, ब्रिटेन में मौजूद एशियाई उद्यमियों ने महामारी और ब्रेक्जिट जैसे झटकों का कहीं ज्यादा सफलता से सामना किया है और यह उनकी संपत्ति में हुई वृद्धि से झलक भी रहा है। इस सूची में एक बार फिर हिंदुजा परिवार शीर्ष पर है। वर्ष 2020 की तुलना में हिंदुजा परिवार की संपत्ति इस साल 2.5 अरब पाउंड बढ़ी है। यह लगातार सातवां मौका है जब हिंदुजा परिवार सबसे धनी ब्रिटिश एशियाई चुना गया है। एशियन मीडिया ग्रुप ने ब्रिटिश एशियाई समुदाय के सबसे धनी 101 लोगों की सूची जारी की है। इसे ब्रिटिश एशियाई समुदाय की सबसे प्रामाणिक सूची माना जाता है। इस बार की सूची में ब्रिटेन के 15 अरबपति शामिल हैं जो पिछले साल की तुलना में दो अधिक है। अगर एक साल में सबसे ज्यादा संपत्ति वृद्धि के लिहाज से देखें तो मित्तल परिवार सूची में सबसे आगे है। इस साल इस परिवार की संपत्ति 4.8 अरब पाउंड बढ़ी है। कुल 14.2 अरब पाउंड की संपत्ति के साथ मित्तल परिवार इस सूची में हिंदुजा परिवार के बाद दूसरे स्थान पर है। वेदांता समूह के अनिल अग्रवाल इस सूची में तीसरे स्थान पर हैं। इस साल उनकी संपत्ति में 4.6 अरब पाउंड की वृद्धि हुई है। ब्रिटेन के लघु कारोबार मंत्री पॉल स्कली ने ब्रिटिश एशियाई उद्यमियों की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए कहा कि महामारी से उपजी चुनौतियों का भी उन्होंने बखूबी सामना किया है।

# न्यूजीलैंड ने ड्रा कराया कानपुर टेस्ट

## अश्विन-जडेजा की मेहनत पर रचिन और ऐजाज ने पानी फेरा

**●न्यूजीलैंड ने नौ विकेट के नुकसान पर 165 रन बनाए**

**भाषा।** कानपुर

**न्यूजीलैंड** के लिए अपना पहला टेस्ट खेल रहे रचिन रविंद्र और ऐजाज पटेल ने जबर्दस्त साहस और संयम का परिचय देते हुए अंतिम विकेट बचाकर भारत को तय लग रही जीत से वंचित कर दिया और पहला टेस्ट पांचवें और आखिरी दिन ड्रा पर छूटा। जीत के लिए 284 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड टीम ने नौ विकेट पर 165 रन बनाए। भारत ने पहली पारी में 345 रन बनाए थे जबकि दूसरी पारी सात विकेट पर 234 रन पर घोषित की थी। न्यूजीलैंड की टीम पहली पारी में 296 रन पर आउट हुई थी।

पांचवें और आखिरी दिन पहले सत्र में जहां कीवी बल्लेबाजों का दबदबा रहा तो दूसरे सत्र में भारत ने तीन विकेट लेकर वापसी की। रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा ने क्रमश: तीन और चार विकेट लेकर भारत की जीत लगभग तय कर ही दी थी लेकिन रविंद्र और ऐजाज ने अंगद की तरह क्रीज पर पांव धरकर मेजबान के मंसूबों पर पानी फेर दिया।

न्यूजीलैंड का नौवा विकेट 155 के स्कोर पर 90वें ओवर में गिरा और उसके बाद भी आठ ओवर खेले जाने बाकी थे।


भारतीय कप्तान अजिंक्य रहाणे ने काफी आक्रामक फील्ड भी लगाई, लेकिन रविंद्र (18) ने 91 गेंद और ऐजाज (दो) ने 23 गेंद खेलकर मैच को ड्रा की ओर धकेल दिया। भारत को आखिरी सत्र में छह विकेट की जरूरत थी लेकिन एक अदद विकेट आखिर में नहीं मिल सका और जीत हाथ से फिसल गई।

पहले सत्र में विल समरविले और टॉम लैथम ने भारतीय गेंदबाजों को कोई सफलता हाथ नहीं लगने दी, लेकिन दूसरा सत्र भारतीय गेंदबाजों के नाम रहा जिन्होंने तीन विकेट चटकाए। उमेश यादव ने लंच के ठीक बाद समरविले को शॉर्ट गेंद पर आउट किया जिन्होंने 110 गेंद में 36 रन बनाए। शुभमन गिल ने लांग लेग सीमा पर उनका कैच लपका। विलियमसन पहली पारी की तुलना में आत्मविश्वास से भरे दिखे जिन्होंने ईशांत शर्मा को चौका भी जड़ा। ईशांत का फॉर्म फिर निराशाजनक रहा।

रोस टेलर को चाय से पहले रविंद्र जडेजा ने आउट किया। टॉम लैथम (146 गेंद में 52 रन) ने एक और अर्धशतक बनाया जो अश्विन की गेंद पर आउट हुए।

आखिरी सत्र में जडेजा ने न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन (24) को पगबाधा आउट करके भारत की उम्मीदें बंधाई ।उन्होंने जैमीसन (पांच) और साउथी (चार) को भी पवेलियन भेजा। सुबह भारतीय गेंदबाजों को पिच से कोई मदद नहीं मिली। जडेजा की एक गेंद पर लैथम चकमा जरूर खा गए। आफ स्टम्प से बाहर जाती गेंद पर भारत ने डीआरएस लिया लेकिन रिव्यू से साफ था कि गेंद विकेट पर नहीं पड़ रही थी। ईशांत शर्मा और उमेश यादव भी इस पिच पर टिम साउथी और काइल जैमीसन जैसी गेंदबाजी नहीं कर सके। ईशांत पहले स्पैल में बिल्कुल लय में नजर नहीं आए।

उन्होंने और उमेश ने शॉर्ट गेंदें भी डाली लेकिन समरविले विचलित नहीं हुए। आम तौर पर 10वें नंबर पर उतरने वाले समरविले ने उमेश को तीन चौके भी जड़े जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा। पहली पारी में शतक से पांच रन से चूके लैथम ने स्पिनरों के खिलाफ रक्षात्मक खेल दिखाया लेकिन जडेजा को एक चौका भी जड़ा।


कप्तान केन विलियमसन का विकेट लेने के बाद साथी खिलाड़ियों के जश्न मनाते रविंद्र जडेजा


टॉम लैथम ने दूसरी पारी में भी शानदार बल्लेबाजी करके 52 रन बनाए

### स्कोर बोर्ड

**भारत पहली पारी :** 345 रन
**न्यूजीलैंड पहली पारी :** 296 रन
**भारत दूसरी पारी :** सात विकेट पर 234 रन (घोषित)
**न्यूजीलैंड दूसरी पारी :** टॉम लैथम बो अश्विन 52, विल यंग पगबाधा अश्विन 2, विलियम समरविले का गिल बो यादव 36, केन विलियमसन पगबाधा बो जडेजा 24, रोस टेलर पगबाधा बो जडेजा 2, हेनरी निकोल्स पगबाधा बो पटेल 1, टॉम ब्लंडेल बो अश्विन 2, रचिन रविंद्र नाबाद 18, काइल जैमीसन पगबाधा बो जडेजा 5, टिम साउथी पगबाधा बो जडेजा 4, ऐजाज पटेल नाबाद 2
अतिरिक्त :17 रन
कुल योग : 98 ओवर में नौ विकेट पर 165 रन
विकेट पतन : 1-3, 2-79, 3-118, 4-125, 5-126, 6-128, 7-138, 8-147, 9-155
गेंदबाजी : अश्विन 30-12-35-3, पटेल 21-12-23-1, यादव 12-2-34-1, शर्मा 7-1-20-0, जडेजा 28-10-40-4

## रविचन्द्रन अश्विन तीसरे सर्वाधिक टेस्ट विकेट लेने भारतीय गेंदबाज बने

**भाषा।** कानपुर



**अनुभवी** ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन सोमवार को हरभजन सिंह को पछाड़कर भारत के लिए सर्वाधिक टेस्ट विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज बन गए। अश्विन ने अपने 80वें टेस्ट में यह कमाल किया। इस सूची में शीर्ष पर महान लेग स्पिनर अनिल कुंबले हैं जिनके नाम 619 टेस्ट विकेट हैं। भारत के पहले विश्व कप विजेता कप्तान कपिल देव ने 434 टेस्ट विकेट लिए हैं।

अश्विन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के चौथे दिन टॉम लैथम को आउट करके 418वां विकेट लिया। हरभजन ने 103 टेस्ट में 417 विकेट लिए थे। अश्विन ने न्यूजीलैंड की पहली पारी में तीन विकेट चटकाए थे। अश्विन ने मैच के बाद कहा कि इस उपलब्धि पर कुछ खास महसूस नहीं हो रहा है। अश्विन टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में 13वें स्थान पर आ गए। उन्होंने पाकिस्तान के वसीम अकरम (414) को भी पछाड़ा। मौजूदा टेस्ट क्रिकेटरों में अश्विन से अधिक विकेट इंग्लैंड के स्टुअर्ट ब्रॉड (524) और जेम्स एंडरसन (632) के हैं। अश्विन ने दिल्ली में वेस्टइंडीज के खिलाफ 2011 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था। उन्होंने बल्ले से भी जौहर दिखाते हुए 2685 रन बनाए हैं जिसमें पांच शतक शामिल है। उन्होंने 111 वनडे में 150 और 51 टी-20 में 61 विकेट लिए हैं। हरभजन ने भी अश्विन को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि मैं अश्विन को बधाई देना चाहता हूं। उम्मीद है कि वह भारत के लिए और कई मैच जीतेगा। उन्होंने कहा कि मुझे तुलना पसंद नहीं है। हमने अलग दौर में अलग विरोधियों के खिलाफ सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेली। मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

## एफआईएच ने चार भारतीयों को विश्व कप में अधिकारी नियुक्त किया

**भाषा।** भुवनेश्वर

**अंतरराष्ट्रीय** हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने यहां और राउरकेला में होने वाले 2023 पुरुष हॉकी विश्व कप के लिए सोमवार को चार भारतीयों को विभिन्न पदों पर अधिकारी नियुक्त किया। सोनिया बाथला को एफआईएच ने तकनीकी अधिकारी जबकि कर्नल (डॉ) बिभु कल्याण नायक को चिकित्सा अधिकारी नियुक्त किया। रघु प्रसाद और जावेद शेख को टूर्नामेंट के अंपायर के तौर पर नामित किया गया है। दिल्ली हॉकी से संबंध रखने वाली सोनिया इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के लिए तकनीकी अधिकारी के रूप में नियुक्त होने वाली भारत की अकेली महिला होंगी। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष ज्ञानेंद्रो निगोमबम ने चारों भारतीय अधिकारियों को उनकी नियुक्ति पर बधाई दी।

## शाहीन अफरीदी ने पांच विकेट झटके

**एपी।** चटगांव

**तेज** गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी ने 32 रन देकर पांच विकेट चटकाए जिससे पाकिस्तान सोमवार को यहां बांग्लादेश के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट में जीत के करीब पहुंच गया। अफरीदी ने पांचवीं बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट चटकाए जिससे बांग्लादेश की टीम दूसरी पारी में 157 रन पर ढेर हो गई और पाकिस्तान को 202 रन का लक्ष्य मिला। सलामी बल्लेबाजों आबिद अली (नाबाद 56) और पदार्पण कर रहे अब्दुल्लाह शफीक (नाबाद 53) ने इसके चौथे दिन का खेल खत्म होने तक पाकिस्तान का स्कोर बिना विकेट खोए 109 रन तक पहुंचाया।



खराब रोशनी के कारण लगातार चौथे दिन मैच जल्दी समाप्त करना पड़ा। अली ने पहली पारी में भी शतक जड़ा था। पाकिस्तान को कल अंतिम दिन जीत के लिए 93 रन और बनाने होंगे जबकि उसके सभी 10 विकेट शेष हैं। बांग्लादेश ने पहली पारी में 330 रन बनाने के बाद पाकिस्तान को 286 रन पर समेटकर 44 रन की बढ़त हासिल की थी। अली और शफीक ने मैच में लगातार दूसरी शतकीय साझेदारी पूरी की। अली ने 92 गेंद में तीसरा अर्धशतक पूरा किया जबकि शफीक आफ स्पिनर मेहदी हसन पर छक्के के साथ अर्धशतक तक पहुंचे। इससे पहले बांग्लादेश के लिए दूसरी पारी में लिटन दास (89 गेंद में 59) ही टिककर बल्लेबाजी कर पाए। उन्होंने पहली पारी में भी 114 रन बनाए थे। पदार्पण कर रहे यासिर अली ने भी 36 रन बनाए और लिटन के साथ 47 रन की साझेदारी की। ऐसा लग रहा था कि ए दोनों पारी को संभाल लेंगे लेकिन शाहीन की गेंद हेलमेट में लगने के बाद यासिर को वापस लौटना पड़ा।

## जो रूट ने यॉर्कशर में नस्लवाद नहीं महसूस करने की बात दोहराई

**एपी।** ब्रिस्बेन

**इंग्लैंड** के टेस्ट कप्तान जो रूट ने सोमवार को दोहराया कि उन्होंने यॉर्कशर में नस्लवाद की किसी घटना को महसूस नहीं किया है, लेकिन वह इसका आरोप लगाने वाले अजीम रफीक के संपर्क में हैं। रफीक ने हाल ही में संसदीय समिति के समक्ष पेश होकर उनके साथ हुए भेदभाव के बारे में गवाही दी थी। यहां मीडिया को संबोधित करते हुए रूट ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एशेज श्रृंखला के बाद रफीक के साथ इस मुद्दे पर चर्चा होगी।

## भारतीय महिलाओं की फुटबाल में एक और हार

**●चिली ने 3-0 गोलों से हराया, गुरुवार को अगला मैच वेनेजुएला से खेलेगा भारत**

**भाषा।** मनाउस (ब्राजील)

**भारतीय** महिला फुटबॉल टीम को बेहतर प्रदर्शन करने के बावजूद सोमवार को यहां अमेजन एरेना में चार देशों के टूर्नामेंट के अपने दूसरे मैच में चिली के खिलाफ 0-3 गोल से शिकस्त झेलनी पड़ी। स्ट्राइकर मारिया उरुतिया (14वें मिनट) ने चिली को पहले हाफ में बढ़त दिलाई, जबकि इसिदोरा हर्नांडेज और कारेन अराया ने क्रमश: 84वें और 85वें मिनट में गोल दागकर भारत की वापसी की उम्मीदें तोड़ दी। भारत ने ब्राजील के खिलाफ शिकस्त झेलने वाली टीम की शुरुआत एकादश में तीन बदलाव करते हुए गोलकीपर अदिति चौहान की जगह एम लिनतोइगांबी देवी को मौका दिया जबकि कमला देवी और डेंगमेई ग्रेस की जगह मार्टिना थोकचोम और मनीषा पन्ना को खिलाया। भारत के लिए पहला मौका ब्राजील के खिलाफ गोल करने वाली मनीषा कल्याण ने बनाया लेकिन छठे मिनट में उनका शॉट सीधा विरोधी गोलकीपर के हाथों में चला गया। दाएं छोर से मारिया रोजस के क्रॉस पर जेविएरा टोरो के प्रयास को लिनतोइगांबी ने नाकाम किया। एक मिनट बाद हालांकि चिली ने रोजस के पास पर मारिया के गोल से बढ़त बना ली। मध्यांतर तक चिली की टीम ने 1-0 की बढ़त बरकरार रखी। दूसरे हाफ के 66वें मिनट में भारत ने अच्छा मूव बनाया। मनीषा ने गेंद को 20 साल की स्थानापन्न खिलाड़ी डेंगमेई की ओर बढ़ाया, लेकिन उनके शॉट को एंडलर ने रोक दिया। भारत अपना अंतिम मैच गुरुवार को वेनेजुएला से खेलेगा।

## राल्फ रेंगनिक मैनचेस्टर युनाईटेड के मैनेजर बने

**लंदन।** जर्मनी के दिग्गज कोच राल्फ रेंगनिक को सोमवार को सत्र के अंत तक मैनचेस्टर युनाईटेड फुटबॉल टीम का मैनेजर नियुक्त किया गया। इस नियुक्ति से इंग्लिश प्रीमियर लीग की इस टीम के खेलने की शैली और प्रबंधन ढांचे में बदलाव होगा और उसे लीग में शीर्ष पर वापसी करने में मदद मिलने की उम्मीद है।



युनाईटेड से जुड़ने से पूर्व 63 साल के रेंगनिक रूस के क्लब लोकोमोटिव मॉस्को के खेल एवं विकास प्रमुख की भूमिका निभा रहे थे। इसी महीने 21 तारीख को ओले गुनार सोल्सकर को बर्खास्त किए जाने के बाद पूर्व खिलाड़ी माइकल केरिक मैनचेस्टर युनाईटेड के प्रभारी की भूमिका निभा रहे थे। क्लब ने कहा कि युनाईटेड आफ सत्र में स्थाई मैनेजर नियुक्त करने की योजना बना रहा है और रेंगनिक दो और साल के लिए सलाहकार की भूमिका में टीम से जुड़े रहेंगे।

**सार्वजनिक सूचना**

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राज कुमार पुत्र श्री खूब सिंह एक आवासीय प्लॉट हिस्सा संख्या 14 & 21, क्षेत्रफल 42 वर्ग गज यानी 35.11 वर्ग मीटर, खसरा नंबर 80, आकाश नगर ग्राम इंद्रगढ़ी माजरा, डासना, परगना और तहसील गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश में स्थित हैं, पंजीकृत बिक्री विलेख दिनांक 22.08.2017 के क्रमांक 5109 के द्वारा मालिक हैं। उपरोक्त संपत्ति आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड शाखा नॉएडा द्वारा बंधक प्रस्तावित है। उपरोक्त संपत्ति के स्वामित्व सम्बंधित दस्तावेज मूल बिक्री विलेख दिनांक 26.06.2013 क्रमांक संख्या 5846 कही खो गए हैं। जिसकी एफआईआर (प्राथमिकी) LAR No. 20210000182279 दिनांक 29.10.2021, यू.पी. पुलिस में दर्ज की गई है। यदि किसी व्यक्ति का उपरोक्त संपत्ति पर कोई दावा है तो कृपया मूल संपत्ति दस्तावेजों के साथ हमें इस नोटिस की तारीख से 7 दिनों के भीतर निम्न पते पर संपर्क करें। अगर कोई दावा नहीं आया तो यह माना जाएगा की किसी का कोई दावा या हक इस प्रॉपर्टी में नहीं है।
राघव तिवारी (अधिवक्ता)
830, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली-110001
Mob: +91-8076188328

**PUBLIC NOTICE**

I, hereby inform to the Public at large that my clients (1) **Shri Vinod Sharma** S/o Shri Lakhmi Chand & (2) **Mrs. Rajni Sharma** W/o Shri Vinod Sharma R/o A-56, Suraj Park, Sector-18, Rohini, Delhi-110089, have severed off/ disconnected all their relations/ connections **with their daughter Ms. Aakriti,** as she is out of their control and have **debarred / disowned her from their all moveable and immoveable properties,** for all intents and purposes. If anybody deals with her, he/ she shall be fully responsible for all future consequences.
**Niranjan Singh Tomar (Advocate)**
En. No. D-1543/2008

**Public Notice**

This is to inform general public that Mr. Ramswaroop Pant and Mrs. Sumati Pant are attorney holders of Property No. B-196 area measuring 50 sq. yds. out of total area measuring 200 sq. yds. out of Killa No. 10/16-23 & revenue record No. 662 situated at Sainik Nagar, Najafgarh Road New Delhi vide GPA, ATS &WILL dated 21/12/2000, executed by Mr. Davinder Singh and Now, Mr. Ramswaroop Pant and Mrs. Sumati Pant are intending to sell the above said property/Floor to Mrs. Minakshi Sharma. Further Mr. Mukesh Kumar and Mrs. Minakshi Sharma who are mortgaging the above said property/floor with Fullerton India Home Finance Co. Ltd.& in case anyone has any objection, the same may be raised within 07 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/9818228636 (M).

**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. स. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राम नारायण शर्मा/रजनी शर्मा/290/9 अमृत पुरी, बी गढ़ी, ईस्ट ऑफ कैलाश, साउथ दिल्ली-110065 खाता संख्या :- एलबीजेएआई00004910937 | अपार्टमेंट नंबर 1102, 11वां तल, माइरस ऐम्प्लेन, प्लॉट नंबर एफ-4, खसरा नंबर 205, 206 एवं 209, ग्राम सुखिया, तहसील सांगानेर, जयपुर, राजस्थान -302020 | July 8, 2021/ Rs. 36,51,620.00/- | 06/03/ 2021 |
| 2. | राम नारायण शर्मा/रजनी शर्मा/290/9 अमृत पुरी, बी गढ़ी, ईस्ट ऑफ कैलाश, साउथ दिल्ली-110065 खाता संख्या :- एलबीजेएआई00004910940 | अपार्टमेंट नंबर 402, चतुर्थ तल, माइरस ऐम्प्लेन, प्लॉट नंबर एफ-4, खसरा नंबर 205, 206 एवं 209, ग्राम सुखिया, तहसील सांगानेर, जयपुर, राजस्थान -302020 | July 8, 2021/ Rs. 36,51,620.00/- | 06/03/ 2021 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।
तिथि : 30 नवम्बर, 2021
स्थान : दिल्ली/एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

**सांकेतिक कब्जे की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर -23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली -110005

जबकि
अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (2) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थी जिसमें उक्त सूचना के प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्जदार/सह-कर्जदार/जमानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे है अतएव एतद् द्वारा कर्जदार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षर दाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है एतद् द्वारा विशेष रुप से कर्जदार एवं जनसाधारण को सम्पत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्जदार/ सह-कर्जदार का नाम/ खाता क्र. | सम्पति का विवरण/ सांकेतिक कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रू.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अनीता गुप्ता/ अमित गुप्ता/ LBGHZ00005228674 | प्लॉट नंबर-861, ग्राउंड फ्लोर शक्ति खंड- IV, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश/25 नवंबर, 2021 | जून 23, 2021 ₹ 39,92,983/- | दिल्ली एनसीआर |
| 2. | आशुतोष पालीवाल/ रोहित तायल/ LBNOD00002138178 | फ्लैट नंबर-1502, 14वीं मंजिल, टावर-टी, प्रतीक विस्टेरिया प्लॉट नंबर-घ-01, सेक्टर-77, नोएडा, उत्तर प्रदेश/ 25 नवंबर, 2021 | जून 25, 2021 ₹ 35,95,954/- | दिल्ली एनसीआर |
| 3. | संजय गुप्ता/ पारुल गुप्ता/ LBDEL00002999992 | डीडीए एलआईजी फ्लैट नंबर- 405, चौथी मंजिल पॉकेट-सी, ब्लॉक-ई, मोलर बांध, दिल्ली- 110076/ 25 नवंबर, 2021 | जून 25, 2021 ₹ 35,28,233/- | दिल्ली एनसीआर |
| 4. | सुषमा कुमारी/ अंकुश/ LBNOD00003260195 | फ्लैट नंबर-110, पहली मंजिल, ब्लॉक/टॉवर-बी, 5वां एवेन्यू, गौर सिटी, प्लॉट नंबर-घ-1, सेक्टर-4, ग्रेटर नोएडा/ 25 नवंबर, 2021 | जून 25, 2021 ₹ 33,73,899/- | दिल्ली एनसीआर |
| 5. | संजय भटनागर/ वंदना भटनागर/ LBDEL00002513056 | फ्लैट नंबर 606, छठी मंजिल, प्लॉट नंबर जीसी-7/घ-01, सेक्टर-04, गौर सिटी-1, ब्लॉक ए, ग्रेटर नोएडा, नोएडा/ 25 नवंबर, 2021 | जून 25, 2021 ₹ 32,25,530/- | दिल्ली एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्जदार/सह-कर्जदार एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।
**दिनांक: नवंबर 30, 2021**
**स्थान: दिल्ली/एनसीआर**
**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लि.**

**सांकेतिक कब्जे की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर-23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि
अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (2) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थी जिसमें उक्त सूचना के प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्जदार/सह-कर्जदार/जमानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे है अतएव एतद् द्वारा कर्जदार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षर दाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है एतद् द्वारा विशेष रुप से कर्जदार एवं जनसाधारण को सम्पत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्जदार/ सह-कर्जदार का नाम/ खाता क्र. | सम्पति का विवरण/ सांकेतिक कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | रमेश कुमार झा/ सुचित्रा झा/ LBDEL00005057478 | डीडीए एलआईजी, फ्लैट नंबर- 634 तीसरी मंजिल, पॉकेट - घ- 1 सेक्टर- 28, रोहिणी/ 26 नवंबर, 2021 दिल्ली | जुलाई 06, 2021 ₹. 15,77,359/- | दिल्ली एनसीआर |
| 2. | राम गोपाल कोटिया/ जितेंदर कोटिया/ LBDEL00004723938 | संपत्ति संख्या- 109, ब्लॉक- I पॉकेट - 4 सेक्टर- 16 रोहिणी दिल्ली/ 26 नवंबर, 2021 | जुलाई 06, 2021 ₹. 13,88,784/- | दिल्ली एनसीआर |
| 3. | रत्तन लाल सोनी/ बिमला देवी/ LBDEL00002364860 | फ्लैट नंबर 30, ब्लॉक बी 11 सेक्टर 34 पॉकेट 1 दूसरी मंजिल दिल्ली/ 26 नवंबर, 2021 | जुलाई 06, 2021 ₹. 10,39,386/- | दिल्ली एनसीआर |
| 4. | सीमा सूरी/ वीरेंदर सूरी/ LBDEL00001790872 | फ्लैट नंबर- एसयू 156 ग्राउंड फ्लोर, पीतमपुरा दिल्ली/ 26 नवंबर, 2021 | जुलाई 06, 2021 ₹. 9,56,251/- | दिल्ली एनसीआर |
| 5. | वरुण सैनी/ रेखा सैनी/ LBDEL00004951130/ LBDEL00005052638 | संपत्ति सं. 57,तृतीय तल छत के साथ, पॉकेट 16 सेक्टर 7, रोहिणी, दिल्ली/ 26 नवंबर, 2021 | जुलाई 06, 2021 ₹. 15,07,765/- | दिल्ली एनसीआर |
| 6. | रमन कालिया/ विनोद कुमार कालिया/ LBDEL00000361194 | मकान नंबर: 15बी, हिम कुंज अपार्टमेंट, प्लॉट नंबर: 8 सेक्टर- 14, रोहिणी, नई दिल्ली/26 नवंबर, 2021 | जुलाई 06, 2021 ₹. 2,33,385/- | दिल्ली एनसीआर |
| 7. | सतीश कुमार/सुमन कुमारी/ LBFDB00002381308 | फ्लैट नंबर 32, एस.एफ. ब्लॉक बी12 पॉकेट 5 सेक्टर 35 रोहिणी दिल्ली/ 26 नवंबर, 2021 | जुलाई 06, 2021 ₹. 9,14,762/- | दिल्ली एनसीआर |
| 8. | राजीव कुमार जैन/ मोनिका जैन/ LBGHZ00001610544 | फ्लैट नंबर ए-407, टावर-ए, ऋषभ पैराडाइज इंदिरापुरम, गाजियाबाद गाजियाबाद/26 नवंबर, 2021 | जुलाई 06, 2021 ₹. 8,33,490/- | दिल्ली एनसीआर |
| 9. | सिद्धार्थ तलवार/ सारिका तलवार/ LBNOD00002882293 | फ्लैट नंबर 831, 8वीं मंजिल, गौर सिटी मॉल, गौर सिटी, वन 6वां एवेन्यू, प्लॉट नंबर घ 01, सेक्टर 4, ग्रेटर नोएडा, नोएडा, उत्तर प्रदेश/ 26 नवंबर, 2021 | मार्च 22, 2021 ₹. 9,24,050/- | दिल्ली एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्जदार/सह-कर्जदार एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज प्रवर्तन 2002 के अंतर्गत है।
**दिनांक: नवंबर 30, 2021**
**स्थान: दिल्ली/एनसीआर**
**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लि.**

# स्कॉटलैंड में ओमीक्रोन के छह मामले

## ब्रिटेन में अब तक 11 लोग संक्रमित

**भाषा** । लंदन

**स्कॉटलैंड** में कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन के छह मामले सामने आए हैं जिससे ब्रिटेन में इसके कुल मामले बढ़कर 11 हो गए हैं। इससे पहले ब्रिटेन में ओमीक्रोन के तीन मामले सामने आए थे, जबकि दो मामलों का पता सोमवार को लंदन में चला। ब्रिटेन के स्वास्थ्य सुरक्षा एजेंसी (यूकेएचएसए) ने कहा कि लंदन के कैमडेन और वैंड्सवर्थ क्षेत्रों में सामने आए दो मामलों में दक्षिणी अफ्रीका की यात्रा से संबंध हैं।

इससे पहले स्कॉटलैंड सरकार ने कहा था कि चार मामले लनार्कशायर में और दो ग्रेटर ग्लासगो और क्लाइड क्षेत्र में सामने आए हैं। ब्रिटेन में सामने आए सभी मामलों में दक्षिण अफ्रीका की यात्रा से संबंध है। हालांकि स्कॉटलैंड में सामने आए मामलों में संक्रमितों का कोई यात्रा इतिहास नहीं है और संभव है कि उन्हें इसका संक्रमण समुदाय में ही हुआ हो। स्कॉटलैंड के उप प्रथम मंत्री जॉन स्वीनी ने कहा, कुछ मामलों में, हम जानते हैं कि उनमें कोई यात्रा इतिहास शामिल नहीं है। तो इससे हमें पता चलता है कि वायरस के इस विशेष स्वरूप का कुछ सामुदायिक संचरण होना संभव है।

उन्होंने हालांकि यह भी कहा कि यह कहना अभी जल्दबाजी होगी कि क्या इस नए स्वरूप के खिलाफ और भी कड़े सामाजिक दूरी के मानदंडों की आवश्यकता है जिसके संभावित रूप से अत्यधिक संक्रामक होने की आशंका है। उन्होंने साथ ही यह भी कहा कि वर्तमान टीकों के प्रति इसकी प्रतिक्रिया का अभी पता लगाया जाना बाकी है। स्कॉटलैंड के स्वास्थ्य मंत्री हमजा यूसुफ ने कहा, नए स्वरूप से संक्रमित पाए गए छह लोगों के लिए यह चिंताजनक समय होगा। उन्होंने कहा, स्कॉटलैंड का स्वास्थ्य विभाग संक्रमितों के सम्पर्क में आए व्यक्तियों का पता लगाने के लिए अभियान शुरू करेगा। इससे वायरस की उत्पत्ति के साथ ही हाल के हफ्तों में संक्रमितों के संपर्क में आने वाले किसी भी अन्य व्यक्ति का पता लगाने में मदद मिलेगी। ओमीक्रोन स्वरूप के तेजी से फैलने और टीके की सुरक्षा को आंशिक रूप से कम करने की आशंका है। इसकी पहचान सप्ताह की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका में की गई थी और विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने ओमीक्रोन को चिंता वाला स्वरूप घोषित कर दिया था। ओमीक्रोन का सबसे पहले दक्षिण अफ्रीका में पता चला था और इसके मामले बाद में ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी, इज़राइल और हांगकांग सहित दुनियाभर के देशों में सामने आए थे। ब्रिटेन ने दक्षिणी अफ्रीका के दस देशों को ब्रिटेन की यात्रा प्रतिबंध लाल सूची में जोड़ा है और मंगलवार से ब्रिटेन आने वाले सभी विदेशी यात्रियों को पीसीआर जांच कराने की आवश्यकता होगी।



पेरिस में ल्योन ट्रेन में मास्क पहनकर यात्रा करने के लिए जाते लोग

भारत ने भी अपनी प्रतिक्रिया के तहत अपने अंतरराष्ट्रीय यात्रा मानदंडों को कड़ा कर दिया है। भारत ने ब्रिटेन सहित पूरे यूरोप को जोखिम वाली सूची में रखा है। नए स्वरूप के खिलाफ कार्वाई के तहत हवाई अड्डे पर अतिरिक्त स्क्रीनिंग और स्व-पृथकवास जरूरी है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने दुकानों और सार्वजनिक परिवहन में अनिवार्य रूप से मास्क लगाने को लेकर योजना बनाई है जिसे इस सप्ताह संसद के समक्ष रखा जाएगा।

## नया स्वरूप आने के मद्देनजर डब्ल्यूएचओ के सदस्य महामारियों से निपटने की तैयारियों में जुटे

**एपी** । जिनेवा

**कोरोना** वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन से दुनियाभर में चिंता पैदा होने के बीच विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लयूएचओ) कोविड-19 जैसी महामारियों के खिलाफ वैश्विक लड़ाई को मजबूत करने के तौर तरीकों पर चर्चा करने के लिए सदस्य देशों का एक विशेष सत्र आयोजित कर रहा है। विशेष विश्व स्वास्थ्य सभा में मसौदा प्रस्ताव एक महामारी संधि या कानूनी रूप से बाध्य व्यवस्था की दिशा में काम करने का आह्वान करेगा, जो किसी नई महामारी से पहले अंतराष्ट्रीय स्तर पर तैयारियों को गति प्रदान करेगा। यूरोपीय आयोग के सदस्य देशों व अन्य देशों ने इस कवायद को संधि नाम देने की मांग की है लेकिन अमेरिका और कुछ अन्य देशों ने कहा है कि इस जैसे दस्तावेज का नामकरण करने से पहले किसी संधि की विषयवस्तु पर काम करने की जरूरत है। संधि एक कानूनी बाध्यकारी समझौता होगी जिसके लिए अनुमोदन करने की जरूरत होगी और इससे कुछ देशों को घरेलू राजनीतिक अड़चन का सामना करना पड़ सकता है।

जिनेवा में ब्रिटेन के राजदूत साइमन मैनले ने मसौदे की एक प्रति ट्वीट की जिसपर आम सहमति बनी है, जो डब्ल्यूएचओ नियमों के तहत इस तरह के मुद्दों पर जरूरी है। उन्होंने ट्वीट में लिखा है, ओमीक्रोन स्वरूप ने एक बार फिर प्रदर्शित किया है कि क्यों हमें महामारी के प्रति तैयारी व मुकाबला करने के लिए एक साझा सहमति की जरूरत है।

# जापान ने विदेशी यात्रियों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की

**एपी** । टोक्यो

**जापान** ने सोमवार को घोषणा की कि वह कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन के खतरे के मद्देनजर दुनियाभर से आने वाले सभी विदेशी यात्रियों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाएगा। इसी के साथ जापान उन देशों की सूची में शामिल हो गया है, जिन्होंने ओमीक्रोन के संक्रमण के मामलों की दुनियाभर में पुष्टि के मद्देनजर यात्रा संबंधी प्रतिबंध कड़े कर दिए हैं।

देश के प्रधानमंत्री फुमिओ किशिदा ने कहा कि यह घोषणा मंगलवार से प्रभावी होगी। इस घोषणा का अर्थ है कि जापान अपनी सीमा पर लोगों के आवागमन पर नियंत्रण को बहाल करेगा, जिसमें कम अवधि के लिए आने वाले कारोबारी यात्रियों, विदेशी छात्रों और कर्मियों के लिए इस महीने की शुरुआत में ढील दी गई थी।

जापान में ओमीक्रोन से संक्रमण का अभी कोई मामला सामने नहीं आया है। ओमीक्रोन को लेकर वैश्विक चिंताओं के बीच वैज्ञानिकों ने कहा है कि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि कोरोना वायरस का यह स्वरूप अन्य स्वरूपों की तुलना में अधिक खतरनाक है या नहीं। किशिदा ने कहा कि हम जापान में सबसे खराब स्थिति से बचने के लिए एहतियातन आपातकालीन कदम उठा रहे हैं। उन्होंने लोगों से मास्क पहनने और कोविड-19 से बचने के लिए आवश्यक अन्य कदमों का पालन करने का आग्रह किया। किशिदा ओमीक्रोन के बारे में विस्तार से जानकारी नहीं मिलने तक, उसके खिलाफ आक्रामक रुख अपनाने वाले अकेले नेता नहीं हैं। कोरोना वायरस के नए स्वरूप के खतरे के मद्देनजर कई देशों ने सीमा पर प्रतिबंध कड़े कर दिए हैं। इजराइल ने विदेशी लोगों के प्रवेश पर पाबंदी लगाने का निर्णय लिया है। वहीं मोरक्को ने कहा है कि वह सोमवार से अगले दो सप्ताह तक आनेवाली सभी उड़ानों को निलंबित करेगा। हांगकांग से यूरोप और उत्तरी अमेरिका तक कई जगहों के वैज्ञानिकों ने इस स्वरूप की मौजूदगी की पहचान की है।



हांगकांग की सड़कों पर मास्क पहनकर घूमते निवासी

नीदरलैंड में रविवार को ओमीक्रोन के 13 मामले सामने आए। इसके बाद कनाडा और ऑस्ट्रेलिया से दो-दो मामले सामने आए। कई देशों में नए स्वरूप के मामले सामने आने और सीमा बंद करने जैसे कदम के सीमित प्रभाव के मद्देनजर विश्व स्वास्थ्य संगठन ने सीमाएं बंद नहीं करने का सुझाव दिया है। अमेरिका में राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान के निदेशक डॉक्टर फ्रांसिस कॉलिन्स ने इस बात पर जोर दिया है कि अभी ऐसी जानकारियां उपलब्ध नहीं हैं कि ओमीक्रोन कोविड-19 के पहले के स्वरूपों से ज्यादा खतरनाक है। कॉलिन्स ने सीएनएन चैनल को बताया कि वह दक्षिण अफ्रीका के विभिन्न जिलों में तेजी से फैले इस स्वरूप के मामलों के मद्देनजर यह तो सोचते हैं कि यह ज्यादा संक्रामक है। अमेरिका की योजना सोमवार से दक्षिण अफ्रीका और सात अन्य दक्षिण अफ्रीकी देशों पर यात्रा प्रतिबंध लगाने की है।

अमेरिका के शीर्ष संक्रामक रोग विशेषज्ञ डॉक्टर एंथनी फाउची ने बताया कि इससे तैयारियां बढ़ाने का अवसर मिलेगा। दक्षिण अफ्रीका की सरकार ने यात्रा प्रतिबंधों पर आपत्ति जताई है।

सिंगापुर ने कोविड-19 के नए स्वरूप ओमीक्रोन के खतरे के मद्देनजर एहतियातन कदम उठाते हुए टीकाकरण करा चुके कतर, सऊदी अरब और यूएई के यात्रियों को पृथकवास से दी जाने वाली छूट को फिलहाल स्थगित कर दिया है।

# ऑस्ट्रेलिया में कोविड-19 के ओमीक्रोन स्वरूप का तीसरा मामला आया सामने

**भाषा** । कैनबरा

**ऑस्ट्रेलिया** में कोविड-19 के नए स्वरूप ओमीक्रोन का तीसरा मामला सामने आया है और ऐसे में नेता इस सप्ताह प्रतिबंधों में राहत देने की योजना पर पुनर्विचार कर रहे हैं।

नदर्न टेरिटरी की स्वास्थ्य मंत्री नताशा फाइल्स ने बताया कि जोहानिसबर्ग से उत्तरी ऑस्ट्रेलिया के डार्विन पहुंचने वाला दक्षिण अफ्रीका का 30 वर्षीय व्यक्ति नए स्वरूप से संक्रमित पाया गया। संक्रमण की पुष्टि पृथक-वास केंद्र में हुई है। न्यू साउथ वेल्स के अधिकारियों ने रविवार को बताया था कि दक्षिण अफ्रीका से सिडनी पहुंचे दो यात्रियों में संक्रमण की पुष्टि हुई थी। दोनों का पूर्ण टीकाकरण हो चुका है और इनमें संक्रमण के लक्षण नहीं दिखे हैं तथा ए सिडनी में पृथक-वास में रह रहे हैं। संघीय सरकार के वरिष्ठ मंत्रियों के बीच सोमवार को इस संबंध में बैठक हो रही है कि बुधवार से सीमा प्रतिबंधों में छूट की योजना को बदला जाए या नहीं। देश के संघीय स्वास्थ्य मंत्री ग्रेग हंट ने बताया कि अगर चिकित्सकीय स्थितियों के हिसाब से जरूरत पड़ती है तो अधिकारी अतिरिक्त कदम उठाने में हिचकिचाएंगे नहीं।

वहीं न्यू साउथ वेल्स और विक्टोरिया तथा राजधानी कैनबरा में विदेश से आने वाले सभी लोगों को 72 घंटे तक पृथक-वास में रखने का निर्णय लिया गया है। हंट ने शनिवार को बताया था पिछले 14 दिन में दक्षिण अफ्रीका, नामीबिया, जिम्बाब्वे, बोत्सवाना, लेसोथो, इस्वातिनी, सेशेल्स, मलावी और मोजाम्बिक गए गैर ऑस्ट्रेलियाई नागरिक और स्थाई निवासी ऑस्ट्रेलिया में प्रवेश नहीं कर पाएंगे।

## ओमीक्रोन प्रतिबंधों में राहत देने की न्यूजीलैंड की योजना को प्रभावित नहीं करेगा

**वेलिंगटन** । कोरोना वायरस का नया स्वरूप ओमीक्रोन ऑकलैंड में प्रतिबंधों में ढील देने और वैश्विक महामारी प्रतिक्रिया के नए, ज्यादा खुले चरण की तरफ बढ़ने की न्यूजीलैंड की योजना में कोई बदलाव नहीं हुआ है। प्रधानमंत्री जेसिंडा आर्डर्न ने सोमवार को यह बात कही। ऑकलैंड में बार, रेस्तरां और जिम बृहस्पतिवार से फिर से खुल सकते हैं और इसके साथ ही अगस्त में शुरू हुआ कोरोना वायरस लॉकडाउन समाप्त हो जाएगा। देशभर में एक नई ट्रैफिक लाइट प्रणाली लॉकडाउन को समाप्त कर देगी, लेकिन लोगों को बाल कटवाने से लेकर संगीत कार्यक्रम देखने तक किसी भी चीज़ में भागीदारी की गारंटी के लिए पूरी तरह से टीकाकरण की आवश्यकता होगी। न्यूजीलैंड ने रविवार को ओमीक्रोन खतरे के मद्देनजर नौ दक्षिणी अफ्रीकी देशों से यात्रा को प्रतिबंधित कर दिया। आर्डर्न ने कहा कि वह किसी और तरह के प्रतिबंध का अनुमान नहीं कर रही हैं। उसने कहा कि जैसे-जैसे नए स्वरूप का अधिक अध्ययन किया जाएगा, न्यूजीलैंड संपर्क का पता लगाने, जिन लोगों से संक्रमण फैलने का डर है उन्हें अलग करने और कुछ स्थानों पर मास्क के उपयोग की आवश्यकता जैसी मूलभूत चीजें करना जारी रखेगा।

## ओमीक्रोन के आठ संदिग्ध मामलों की पुष्टि की प्रतीक्षा कर रहा है फ्रांस

**पेरिस** । फ्रांस के अधिकारी कोरोना वायरस के नए स्वरूप के आठ संदिग्ध मामलों की प्रयोगशाला पुष्टि का इंतजार कर रहे हैं। संदिग्ध मरीज वे लोग हैं, जिन्होंने हाल ही में दक्षिण अफ्रीका की यात्रा की थी। पहले से ही किए गए परीक्षण में इस बात के पुख्ता संकेत मिले थे कि यात्री कोरोना वायरस से संक्रमित तो थे, लेकिन पिछले किसी भी स्वरूप से नहीं। अनुवर्ती आनुवंशिक परीक्षण यह पता करने के लिए किया जा रहा है कि क्या वे नए ओमीक्रोन स्वरूप से संक्रमित हैं।

## बाल्टिक सांसदों ने ताइवान की राष्ट्रपति से की मुलाकात

**एपी** । ताइपे

**सभी** तीन बाल्टिक देशों लातविया, लिथुआनिया और एस्तोनिया के सांसदों ने यूरोपीय संघ और ताइवान के बीच सहयोग बढ़ाने का संकेत देते हुए ताइवान की राष्ट्रपति साई इंग-वेन से सोमवार को मुलाकात की। साई ने बताया कि यह लातविया, लिथुआनिया और एस्तोनिया के सांसदों की पहली संयुक्त यात्रा है। उन्होंने ताइवान के विदेश मंत्रालय द्वारा आयोजित 2021 ओपन पार्लियामेंट फोरम में भाग लेने वाले इन सांसदों का स्वागत किया।

साई ने कहा कि ताइवान और बाल्टिक देशों का तानाशाही वाले शासनों से आजाद होने और स्वतंत्रता के लिए संघर्ष करने का समान अनुभव रहा है। हमारे पास आज जो लोकतंत्र है, वह बहुत मुश्किल से हासिल हुआ है। उन्होंने कहा कि इसे हम सभी बहुत अच्छे तरीके से समझते हैं।

लिथुआनियाई प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख मातस मालदेइकिस ने कहा कि उन्हें ताइवान के साथ और भी मजबूत संबंधों की उम्मीद है। उन्होंने कहा, हम आपके साथ एकजुटता व्यक्त करने के लिए यहां आए हैं।

हमें उम्मीद है कि ताइवान में जल्द ही खुलने वाला लिथुआनियाई व्यापार कार्यालय ताइवान और लिथुआनिया के बीच साझेदारी का विस्तार करने में मदद करेगा तथा ताइवान एवं पूरे यूरोपीय ब्लॉक के बीच घनिष्ठ संबंधों में योगदान देगा।

# नाउम्मीदी के बीच ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर वियना में वार्ता होगी बहाल

**एपी** । वियना

**वैश्विक** ताकतों के साथ ईरान की 2015 की परमाणु वार्ता को फिर से बहाल करने के लिए वियना में वार्ताकार एकत्र हुए हैं। ईरान में कट्टरपंथी सरकार के गठन के पांच महीने बाद होने वाली इस वार्ता में प्रगति की बहुत कम संभावना है। परमाणु समझौते को औपचारिक रूप से संयुक्त व्यापक कार्य योजना के रूप में जाना जाता है और इसके हस्ताक्षरकर्ताओं में ईरान, रूस, चीन, फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन शामिल हैं। आलीशान होटल पालिस कोबर्ग में यह वार्ता होगी जहां छह साल पहले समझौते पर इन देशों ने हस्ताक्षर किए थे। वार्ता ऐसे वक्त हो रही है जब कोरोना वायरस के मामलों में बढ़ोतरी के कारण ऑस्ट्रिया में लॉकडाउन लागू है। ईरान को समझौते के पालन के लिए राजी करने और अमेरिका के फिर से जुड़ने का मार्ग प्रशस्त करने के उद्देश्य से वार्ता का अंतिम दौर जून में आयोजित किया गया था। तब से वार्ता प्रक्रिया की राह और कठिन हो गई है। अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2018 में समझौते से अपने देश को बाहर करने की घोषणा की थी। इस वजह से अमेरिका इस वार्ता से अलग था। राष्ट्रपति जो बाइडन ने अमेरिका को फिर से वार्ता में शामिल करने का संकेत दिया और कहा कि अमेरिका समझौते से जुड़ना चाहता है। इसके बाद से अमेरिका, ईरान के लिए अमेरिकी प्रशासन के विशेष दूत रॉबर्ट माली के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल वार्ता में अप्रत्यक्ष रूप से हिस्सा ले रहा है। समझौते के तहत आर्थिक पाबंदियों में ढील दिए जाने के बदले ईरान ने यूरेनियम संवर्द्धन की सीमा को सीमित किया था। समझौते के पटरी से उतरने के बाद ईरान अब यूरेनियम का 60 प्रतिशत तक संवर्द्धन कर रहा है। परमाणु हथियार बनाने के लिए 90 प्रतिशत संवर्द्धन की सीमा से वह कुछ ही पीछे है। ईरान उन्नत सेंट्रीफ्यूज का भी उपयोग करता है जो समझौते द्वारा वर्जित है और उसका यूरेनियम भंडार अब समझौते की सीमा से कहीं अधिक है। ईरान हमेशा कहता रहा है कि उसका परमाणु कार्यक्रम शांतिपूर्ण उद्देश्य के लिए है। हालांकि, अमेरिकी खुफिया एजेंसियों और अंतरराष्ट्रीय निरीक्षकों का कहना है कि 2003 तक ईरान के पास एक संगठित परमाणु हथियार कार्यक्रम था। निरस्त्रीकरण के विशेषज्ञों को आशंका है कि ईरान आगे भी परमाणु कार्यक्रम को लेकर सीमाओं का उल्लंघन कर सकता है। संयुक्त राष्ट्र के परमाणु निरीक्षक भी ईरान के परमाणु कार्यक्रम की पूरी तरह निगरानी नहीं कर पाए क्योंकि तेहरान ने उन्हें सीमित पहुंच दी। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के प्रमुख राफेल ग्रोस्सी की पिछले सप्ताह ईरान की यात्रा में मुद्दे पर कोई प्रगति नहीं हो पाई।

## जाने-माने फैशन डिजाइनर वर्जिल अबलोह का निधन

**न्यूयॉर्क** । जाने-माने फैशन डिजाइनर वर्जिल अबलोह का कैंसर से एक लंबी लड़ाई लड़ने के बाद निधन हो गया। वह 41 वर्ष के थे। लक्जरी समूह एलवीएमएच (लुई वटोन मोएट हेनेसी) और अबलोह के अपने ऑफ-व्हाइट लेबल ने रविवार को अबलोह के निधन की जानकारी दी। ऑफ-व्हाइट लेबल की स्थापना अबलोह ने 2013 में की थी। एलवीएमएच के अध्यक्ष बर्नार्ड अर्नाल्ट ने एक बयान में कहा, यह खबर सुन हम स्तब्ध हैं। वर्जिल एक बेहतरीन डिजाइनर ही नहीं, बल्कि एक बेहद अच्छे शख्स और बुद्धिमान इंसान थे। अबलोह के परिवार ने डिजाइनर के इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक बयान जारी कर उनके निधन की जानकारी दी। अबलोह दो साल पहले कार्डियक एंजियोसारकोमा की चपेट में आए थे, जो एक दुर्लभ किस्म के कैंसर का एक प्रकार है, जिसमें हृदय में ट्यूमर होता है। बयान में कहा गया कि 2019 में कैंसर से पीड़ित होने के बाद उन्होंने दुनिया को बताए बिना अकेले इससे लड़ने का फैसला किया, कई चुनौतीपूर्ण उपचार करावाएं..साथ ही फैशन की दुनिया में अपना काम भी जारी रखा। अबलोह 2018 में, फ्रांसीसी डिजाइन हाउस के इतिहास में लुई वटोन में पुरुषों के परिधान को डिजाइन करने वाले पहले अश्वेत शख्स थे। वह पहले घाना अमेरिकी थे, जिनकी मां ने उन्हें सिलाई करना सिखाया। अबलोह के पास कोई औपचारिक फैशन प्रशिक्षण नहीं था, लेकिन वह इंजीनियरिंग में स्नातक और वास्तुकला में परास्नातक थे।

## स्वीडन में दूसरी बार प्रधानमंत्री चुनी गईं एंडरसन

**कोपनहेगन** । स्वीडन की पहली महिला प्रधानमंत्री चुने जाने के कुछ घंटों बाद ही संसद में बजट प्रस्ताव गिरने पर मेगदालेना एंडरसन द्वारा पिछले सप्ताह पद से इस्तीफा दिए जाने के बीच सोमवार को एक बार फिर उन्हें सरकार का प्रमुख चुन लिया गया। सोशल डेमोक्रेट पार्टी की नेता एंडरसन ने सप्ताह भर के भीतर एक बार फिर प्रधानमंत्री पद पर कब्जा जमाया। हालांकि, वह एक पार्टी की अल्पमत वाली सरकार बनाएंगी। मंत्रिमंडल के नामों की घोषणा मंगलवार को हो सकती है। पिछले सप्ताह बुधवार को स्वीडन की पहली महिला प्रधानमंत्री चुनी गईं एंडरसन इस पद पर केवल सात घंटे ही रह सकीं और उनके सहयोगी दल द ग्रीन्स ने सरकार से समर्थन वापस ले लिया था।

## भारत की सहायता से निर्मित स्कूलों का उद्घाटन

**काठमांडू** । नेपाल में भारत की वित्तीय सहायता से बनाए गए दो स्कूलों का उद्घाटन सोमवार को दारचुला जिले में किया गया। भारतीय दूतावास ने यह जानकारी दी। दूतावास की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, खालंगा के तिनकर स्थित मोती महिला संघ प्राथमिक विद्यालय भारत सरकार की ओर से प्रदत्त 1.27 करोड़ नेपाली रुपए की वित्तीय सहायता के साथ बनाया गया था, जबकि महाकाली में मलिकार्जुन मॉडल सेकेंडरी स्कूल का निर्माण 2.3 करोड़ नेपाली रुपए की लागत से किया गया। इसमें कहा गया है कि इन स्कूलों के निर्माण से इस जिले में शिक्षा का माहौल सुधारने में काफी मदद मिलेगी। इस जिले में रहने वालों में बड़े पैमाने पर हाशिए पर रहने वाले तिनकारी और भूटिया समुदाय के लोग शामिल हैं। मार्च 2020 में, भारतीय दूतावास और संघीय मामलों के मंत्रालय एवं सामान्य प्रशासन ने दारचुला जिले में दो नए स्कूल भवनों के निर्माण के लिए दो समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए थे। इन परियोजनाओं को भारत और नेपाल सरकार के बीच एक समझौते के तहत एक उच्च प्रभाव सामुदायिक विकास परियोजना (एचआईसीडीपी) के रूप में लिया गया था। भारत ने 2003 से हिमालई राष्ट्र में लगभग 520 एचआईसीडीपी परियोजनाओं को लिया है, जिसमें 450 से अधिक परियोजनाएं पूरी कर ली गई हैं।

## भीड़ ने पाकिस्तान पुलिस पर हमला किया

पेशावर **(पाकिस्तान)** । उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान में रविवार रात को मुस्लिमों की भीड़ ने पुलिस से ईशनिंदा के एक आरोपी को सौंपने की मांग की और उसे सौंपने से पुलिस के इनकार के बाद उसने एक पुलिस थाना और चार पुलिस चौकियों को जला दिया। अधिकारियों ने बताया कि मानसिक रूप से विक्षिप्त एक व्यक्ति पर इस्लाम की पवित्र किताब, कुरान का अपमान करने का आरोप है। स्थानीय अधिकारी आसिफ खान ने बताया कि हमले में कोई अधिकारी हताहत नहीं हुआ। हमले के कारण पुलिस को खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के एक जिले चारसद्दा में व्यवस्था बहाल करने के लिए सैनिकों को बुलाने पर मजबूर होना पड़ा। सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में पुलिस थाना जलता दिख रहा है। खान ने कहा कि अधिकारियों ने बंदी को पीटने का भीड़ का प्रयास विफल कर दिया और पुलिस उसे दूसरे जिले में ले गई। उन्होंने उस व्यक्ति के नाम यह कहते हुए जाहिर नहीं किया कि अधिकारी अभी भी जांच कर रहे हैं और संदिग्ध को एक दिन पहले गिरफ्तार किया गया था। खान ने कहा कि अधिकारियों ने शुरू में विरोध किया लेकिन पुलिस भवनों पर हजारों प्रदर्शनकारियों के हमला करने के बाद वे वहां से भाग गए।

# पाकिस्तान में ओमीक्रोन आने में कुछ सप्ताह का समय

**भाषा** । इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** के कोरोना वायरस रोधी कार्यबल के प्रमुख असद उमर ने सोमवार को यह चेतावनी देते हुए लोगों से कोविड-19 रोधी टीका लगवाने की अपील की कि देश में कोविड-19 के नए स्वरूप के पहुंचने में कुछ ही सप्ताह का समय बचा है। इस नए स्वरूप को लेकर पूरी दुनिया में चिंता है।

संघीय योजना मंत्री असद उमर राष्ट्रीय कमान एवं नियंत्रण केंद्र के प्रमुख भी हैं जिसे महामारी से निपटने का काम सौंपा गया है। उन्होंने कहा कि दुनिया आपस में इतनी जुड़ी हुई है कि जब दुनिया में यह फैलना शुरू हो गया है तो नए स्वरूप को रोकना असंभव है। उमर ने लोगों से कोविड-19 के ओमीक्रोन स्वरूप के खिलाफ एहतियात के तौर पर टीका लगवाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, यह स्वरूप (ओमीक्रोन) पाकिस्तान में आएगा और हमारे पास इसके खतरे को कम करने के लिए 2-3 सप्ताह हैं। उमर ने कहा कि टीकाकरण ही खतरे को कम करने का एकमात्र तरीका है क्योंकि प्रारंभिक जानकारी से पता चलता है कि खतरनाक होने के बावजूद टीकाकरण ओमीक्रोन के खिलाफ प्रभावी होगा।

मंत्री ने यह भी घोषणा की कि अगले 2-3 दिनों में कोविड-19 के खिलाफ एक बड़ा टीकाकरण अभियान शुरू किया जाएगा। उमर ने कहा कि मेरी पाकिस्तानियों से अपील है, विशेष रूप से उनसे जिन्होंने एक खुराक ली है और जिन्हें दूसरी खुराक लेनी है क्योंकि यह एक प्रभावी चीज है जो हमें इस प्रकार के खतरे से खुद को बचाने के लिए है। मंत्री ने कहा कि अत्यधिक जोखिम वाले लोगों को बूस्टर डोज देने के लिए परामर्श प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

## चीनी राष्ट्रपति ने सेना में युवा प्रतिभाओं की भर्ती पर दिया जोर

**बीजिंग** । चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने सशस्त्र बलों के तेजी से आधुनिकीकरण में मदद करने और भविष्य में युद्ध जीतने के लिए नई प्रतिभाओं की भर्ती की जरूरत पर जोर दिया है। सेना द्वारा अग्रिम पंक्ति के पदों के लिए तीन लाख कर्मियों को भर्ती करने की प्रतिबद्धता जताए जाने की खबरों के बीच यह जानकारी सामने आई है। सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना के अलावा सेना का नेतृत्व करने वाले राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने शुक्रवार से रविवार तक आयोजित सैन्य प्रतिभा संबंधी कार्यों पर आधारित एक सम्मेलन में कहा कि प्रतिभा ही उच्च गुणवत्ता के साथ चीनी सशस्त्र बलों की प्रगति, सैन्य प्रतिस्पर्धा में जीत हासिल करने और भविष्य के युद्धों में बढ़त लेने की कुंजी है। चीनी सेना 209 अरब डॉलर के वार्षिक सैन्य बजट के साथ तेजी से आधुनिकीकरण की ओर बढ़ रही है।

# इजराइली ने विश्व शक्तियों से ईरान के ब्लैकमेल का विरोध करने का आग्रह किया

**एपी** । यरूशलम

**इजराइल** के प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट ने वियना में बातचीत शुरू होने के बाद सोमवार को विश्व शक्तियों से ईरान के परमाणु ब्लैकमेल के आगे न झुकने का आह्वान किया। बेनेट ने एक वीडियो बयान में कहा कि ईरान के साथ वार्ता शुरू करने वाले राष्ट्रों के प्रतिनिधियों को बताया गया था कि तेहरान लगभग बिना किसी चीज के बदले प्रतिबंधों को समाप्त करना चाहता है और प्रतिबंधों को हटाए जाने के बाद सैकड़ों अरबों डॉलर प्राप्त करते हुए अपने परमाणु कार्यक्रम को बरकरार रखना चाहता है। यह वीडियो एसोसिएटेड प्रेस ने प्राप्त की है।

वर्ष 2015 के परमाणु समझौते को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से वार्ता फिर से शुरू करने के लिए ईरान और विश्व शक्तियों के वार्ताकार सोमवार को वियना में बैठक कर रहे हैं। अमेरिका के 2018 में विश्व शक्तियों और ईरान के बीच ऐतिहासिक परमाणु समझौते से हटने के बाद से ईरान ने अपने यूरेनियम संवर्धन में तेजी लाई है। इजराइल ने उस समझौते का कड़ा विरोध किया, और इजराइल के अधिकारियों का अब कहना है कि तेहरान परमाणु हथियार विकसित करने के पहले से कहीं ज्यादा करीब है। इजराइल के विदेश मंत्री यायर लैपिड इस सप्ताह लंदन और पेरिस का दौरा कर रहे हैं ताकि ईरान के मुद्दे पर ब्रिटिश और फ्रांसीसी अधिकारियों के साथ चर्चा की जा सके। इसी उद्देश्य से रक्षा मंत्री बेनी गैंट्ज इस सप्ताह वाशिंगटन जाएंगे। ईरान का कहना है कि उसका परमाणु कार्यक्रम केवल शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए है। उसने समझौते के टूटने के लिए ट्रंप प्रशासन के इससे हटने और गंभीर प्रतिबंधों को बहाल करने के फैसले को जिम्मेदार ठहराया है।

## सिंगापुर में जबरन वसूली मामले में भारतीय मूल के व्यक्ति को सजा

**सिंगापुर** । सिंगापुर में भारतीय मूल के एक व्यक्ति को सोमवार को 18 महीने कैद की सजा सुनाई गई। व्यक्ति ने एक विवाहित उद्योगपति से 60,000 सिंगापुरी डॉलर की जबरन वसूली की चार व्यक्तियों की साजिश का हिस्सा होने से जुड़े आपराधिक धमकी के एक मामले में अपना दोष स्वीकार किया है। मीडिया में आई एक खबर के अनुसार, इन लोगों ने उक्त उद्योगपति का 2019 में एक अन्य व्यक्ति से यौन संबंध बनाने का वीडियो गुप्त तरीके से बना लिया था। जबरन वसूली के इस षड्यंत्र में शुरुआत में व्यवसाई के निजी सहायक समेत तीन व्यक्ति शामिल थे। उन्होंने जबरन वसूली की राशि घटाकर 50,000 सिंगापुरी डॉलर कर दी थी। हालांकि राशि के लेनदेन से पहले ही पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

## टॉकटाइम

### यामी गौतम

*एक ऐसी अभिनेत्री, जिन्होंने विक्की डोनर से अपनी शुरुआत की, शालिनी सक्सेना के साथ बातचीत में अपने बारे में बता रही हैं कि उनकी नवीनतम फिल्म भूत पुलिस में क्या है, इससे संबंधित चुनौतियां क्या रहीं और यह कि उन्हें प्रेरक कहानियों का हिस्सा बनना पसंद है........*

# मैं सिर्फ फिल्म निर्माण नहीं बल्कि सिनेमा का हिस्सा बनना चाहती हूं



**■ भूत पुलिस में आपके अभिनय ने भारी प्रशंसा अर्जित की। हॉरर-कॉमेडी करना कितना चुनौतीपूर्ण था?**

मेरे किरदार को कॉमेडी से ज्यादा हॉरर के साथ प्रस्तुत होना था। कोविड-19 के कारण, हम कोई औपचारिक शारीरिक प्रशिक्षण नहीं ले पाए। हमने सेट पर ही फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन, लुक को सही रखने और निर्देशक के मन मुताबिक प्रस्तुति करने के मामले में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। हॉरर-कॉमेडी के साथ, आप ओवरबोर्ड जा सकते हैं। लेकिन विचार श्रंखला को उस तरफ बनाए रखना होता था। यह चुनौतीपूर्ण था क्योंकि हमें ठंड में भारी मेकअप के साथ शूट करना था। मुझे तूफान और बारिश में नंगे पैर शूटिंग करना याद है। जब हम कोई फिल्म देखते हैं, तो हमें कैमरे के पीछे का संघर्ष दिखाई नहीं देता। मुझे खुशी है कि लोगों ने मेरे प्रदर्शन और परियोजना में ईमानदार प्रयास देखा।

**■ आपने एक के बाद एक हिट फिल्में दी हैं - उरी, बाला और अब भूत पुलिस। क्या राज है?**

कोई राज नहीं है। ऐसे एक्टर्स हैं जो अभी भी बहुत लंबे समय से ऐसा कर रहे हैं। एक अभिनेता के रूप में आपकी संवेदनशीलता समय के साथ बढ़ती जाती है। जैसे-जैसे आप अधिक अनुभव प्राप्त करते जाते हैं, वे बेहतर होते जाते हैं। सिनेमा और परिप्रेक्ष्य के बारे में आपकी समझ का विस्तार होता है, और यह वास्तव में मायने रखता है। मुझे अपने सहजबोध से काम करना पसंद है। बेशक, कुछ प्रोजेक्ट दर्शकों को पसंद नहीं आते, लेकिन यह ठीक है। मेरी कोशिश हमेशा फिल्म में उस तत्व को तलाशने की होगी। मैं एक ऐसी स्क्रिप्ट चुनना चाहती हूं जहां ईमानदार कोशिश हो और उसमें कुछ शुद्धता हो। मैं किसी प्रोजेक्ट मेकिंग का हिस्सा नहीं बनना चाहती। मैं सिनेमा का हिस्सा बनना चाहती हूं।

**■ आपके पास विभिन्न शैलियों में पाइपलाइन में रिलीज फिल्म-श्रंखला है। एक पात्र से दूसरे पात्र में स्विच करना कितना कठिन या आसान था?**

यह आसान नहीं है, और इसमें थोड़ा समय लगता है। दुर्भाग्य से, जिस तरह से महामारी ने हम पर प्रहार किया, उसने कार्यशैली की कथा को बदल दिया। क्योंकि हमें सतर्क रहना था, हमने स्वास्थ्य को पहले स्थान पर रखा था। इसलिए, इसलिए ज्यादा काम की आवश्यकता थी। उदाहरण के लिए, जब मैं दासवी और ए गुरुवार की शूटिंग कर रही थी, मैं बैक-टू-बैक काम कर रही थी। जिस दिन मैं आगरा से लौटी, मैं ए थर्सडे के सेट पर फिल्म का अहसास लेने के लिए गयी। मैं अपनी स्क्रिप्ट और होमवर्क को लेकर पूरी तरह से तैयार हूं। काश मुझे तैयारी के लिए और समय मिलता।

> मुझे कॉस्ट्यूम ड्रामा करना, योद्धा राजकुमारी की भूमिका निभाना या एक मजबूत राजनीतिक व्यक्ति का किरदार निभाना अच्छा लगेगा। मुझे नहीं पता कि यह संभव भी है या नहीं, लेकिन मैं पर्दे पर मधुबाला का किरदार निभाना पसंद करूंगी। ऐसी कई प्रेरक कहानियां हैं, जिनका अनुभव करना आपको अच्छा लगेगा। मैं फिर से कॉमेडी करना पसंद करूंगी।

**■ आपने विभिन्न शैलियों की खोज की है। आपको किस तरह की भूमिकाओं में दिलचस्पी है?**

मैं वास्तविक जीवन का किरदार निभाऊंगी और प्रेरक कहानी का हिस्सा बनूंगी। मुझे कॉस्ट्यूम ड्रामा करना, योद्धा राजकुमारी की भूमिका निभाना, या एक मजबूत राजनीतिक व्यक्ति का किरदार निभाना अच्छा लगेगा। मुझे नहीं पता कि यह संभव भी है या नहीं, लेकिन मैं पर्दे पर मधुबाला का किरदार निभाना पसंद करूंगी। ऐसी कई प्रेरक कहानियां हैं, ऐसी कहानियां, जिनका अनुभव करना आपको अच्छा लगेगा। मैं फिर से कॉमेडी करना पसंद करूंगी।

**■ ऐसी विविध भूमिकाओं को निभाने की प्रेरणा आपको कहां से मिलती है?**

प्रेरणा भीतर से आती है। यह आपकी वृत्ति में मौजूद होती है कि आप किस ओर आकर्षित होते हैं। मुझे लगता है कि जब तक आप कोशिश नहीं करेंगे तब तक आप कभी नहीं जान पाएंगे कि आप क्या कर सकते हैं। इसलिए मैंने इन फिल्मों को उदाहरण के तौर पर कहा है। आपको स्वयं को तलाशने का अवसर देने के लिए स्वतंत्र और बेहिचक होना चाहिए। मैं कुछ ऐसे अभिनेताओं की ओर देखती हूं जो, जो कुछ भी करते हैं उसमें शानदार होते हैं और अत्यंत विविधतापूर्ण होते हैं। जब मैं कोई अच्छी फिल्म या प्रदर्शन देखती हूं तो मुझे प्रेरणा मिलती है। मैं उस विचार में खुद की कल्पना करना शुरू कर देती हूं।

**■ लोग आपको मिडास टच वाली लड़की कहते हैं। आपको सुनकर कैसा लगता है?**

यह सचमुच में प्यारा है अगर कोई ऐसा सोचता है। मैं सही दिशा में काम करते रहना चाहती हूं और उम्मीद है कि मुझे और दिलचस्प प्रोजेक्ट मिलेंगे। यही कारण है कि कोई मेरे बारे में जानना या मेरे बारे में लिखना चाहेगा। यह रिश्ता मेरे द्वारा किए गए अच्छे काम पर आधारित है। और यह तभी संभव है जब मैं कोई ऐसा प्रोजेक्ट करूं जो मुझे पसंद हो, न कि कोई ऐसी चीज जो चली आ रही हो।

# मुझे जीवन के सकारात्मक पक्ष पर ध्यान देना पसंद है

मराठी फिल्म वन वे टिकट निर्माता कोमल उनायने ने शालिनी सक्सेना के साथ अन्य चीजों के साथ एक गीत के साथ अभिनय की शुरुआत करने के बारे में चर्चा की



**❖एक निर्माता के रूप में आपकी शुरुआत कैसे हुई?**

सॉफ्टवेयर इंजीनियर होने के नाते मैं हमेशा से एंटरप्रेन्योर बनना चाहती थी। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं किसी के लिए काम करूंगी। मैं खुद अपना मालिक बनना चाहती थी। यह तब हुआ जब मैंने एक कंपनी शुरू करने का फैसला किया। इसके तहत हम टीवीसी, डिजिटल विज्ञापनों में फिल्में और ब्रांड प्रमोशन का निर्माण कर रहे थे। मैंने काफी अनुभव हासिल किया और बड़ी चुनौतियों का सामना करने के लिए आश्वस्त हुई। यह तब हुआ जब मैंने फैसला किया कि मैं एक कदम आगे बढ़कर एक फीचर फिल्म का निर्माण किया।

**❖क्या आपके मन में हमेशा मनोरंजन उद्योग में करियर बनाना था?**

हां, कुछ मायनों में यह हमेशा दिमाग में होता है। एक बार जब मैंने इंजीनियरिंग में अपना कोर्स पूरा कर लिया, तो मैं ऐसे रास्ते तलाश रही थी जहाँ मैं अपने रचनात्मक पक्ष को उजागर कर सकूं। मनोरंजन उद्योग रचनात्मकता से भरा है। उद्योग आपको खुद को अभिव्यक्त करने का मौका देता है। यह एक ऐसी जगह है जहां आप अपने जुनून का पीछा कर सकते हैं।

**❖महिला निर्माता के रूप में आपको किन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है?**

हम सभी जानते हैं कि मनोरंजन उद्योग पुरुष प्रधान है। उद्योग में एक महिला के रूप में, हां, अपनी खास तरह की चुनौतियां सामने आती है। यहां - वहां कुछ संघर्ष होते हैं। मैं हमेशा उस उज्ज्वल पक्ष को देखती हूं जो जीवन पेश करता है। इसलिए, मैं हमेशा जीवन के सकारात्मक पक्ष पर ध्यान देना पसंद करती हूं।

**❖आप मराठी फिल्मों में कैसे आईं?**

अवधारणा ने मुझे रोमांचित किया। यह पहली बार था कि एक मराठी फिल्म की शूटिंग यूरोप के चार यूरोपीय देशों और क्रूज में की गई थी। मुझे यात्रा पसंद है। मैं एक ऐसी फिल्म बनाना चाहती थी जहां आप यात्रा देख सकें। एक अभिनेता के रूप में मेरा डेब्यू गीत तू जहां फिर मिले भी एक यात्रा गीत है।

**❖एक निर्माता से एक अभिनेता बनना। ये कैसे हुआ?**

ऐसी कोई योजना कभी नहीं थी। यह अभी हुआ। मोहित चौहान के गीत निर्देशक लकी हंसराज को नए चेहरे की तलाश थी। मैं भाग्यशाली थी कि उन्होंने मुझसे पूछा। मैं हैरान थी और शुरू में काफी हिचकिचा रही था। लेकिन दोनों ने मुझे विश्वास दिलाया कि मैं अभिनय कर सकती हूं। इसलिए आज मैं यहां हूँ।

**❖डेब्यू करने के लिए गीत क्यों चुना?**

कोई योजना नहीं थी, यह सिर्फ सहज भाव से हो गया। मोहित चौहान का नाम मेरे लिए काफी है।

**❖मराठी उद्योग में क्या परिवर्तन हुए हैं?**

लोग कहेंगे कि मैं पक्षपाती हूं। लेकिन उद्योग कुछ बहुत ही शानदार और वास्तव में सुंदर फिल्में बना रहा है .. उद्योग ने बड़ी छलांग लगाई है और आज डटकर खड़ा है।

**❖क्या यह बॉलीवुड से अलग है?**

जैसा कि मुझे टीवीसी के निर्माणन और डिजिटल फिल्मों के विज्ञापन में अधिक अनुभव मिला है, मुझे लगता है कि हर उद्योग समान है। आप बस इतना करना चाहते हैं कि एक अच्छा उत्पाद पेश करें जहां दर्शक आपके द्वारा की गई कड़ी मेहनत की सराहना करेंगे। जब तक दर्शक आपके काम से खुश हैं, तब तक आप आगे बढ़ने के लिए अच्छे हैं।

# मैंने गांधी को क्यों मारा

**निर्देशक: अशोक त्यागी**
**निर्माता: कल्याणी सिंह**
**अभिनीत: अमोल कोल्हे ( नाथूराम गोडसे )**
**प्रस्तुतकर्ता: मान सिंह**
**रिलीज की तारीख: 30 जनवरी, 2022**



ऐसा अक्सर नहीं होता है कि आपको ऐसी फिल्में देखने को मिलती हैं जो वास्तविक जीवन से ली जाती हैं, खासकर जब उन लोगों की जीवन कहानियों की बात आती है जिन्होंने भारत को आजाद कराने के लिए अपना सब कुछ छोड़ दिया। मान सिंह की व्हाई आई किल्ड गांधी, गांधीजी की हत्या के मुकदमे के दौरान नाथूराम गोडसे द्वारा माननीय न्यायालय में प्रस्तुत कानूनी बयान का चित्रण है। न्यायमूर्ति आत्म चरण की अनुमति से नाथूराम गोडसे ने अदालत के समक्ष बयान पढ़ा। पूरे बयान को पढ़ने में करीब साढ़े चार घंटे का समय लगा। बाद में इसे इसी शीर्षक से एक पुस्तक के रूप में प्रकाशित किया गया। यह पुस्तक सभी लोकप्रिय ई-कॉमर्स साइटों पर स्वतंत्र रूप से उपलब्ध है।

सभी जानते हैं कि गांधी जी की हत्या नाथूराम गोडसे ने की थी। लेकिन ज्वलंत प्रश्न - जिसने उन्हें इतना चरम कदम उठाने के लिए प्रेरित किया - का उत्तर कभी नहीं दिया गया। हालाँकि, एक धारणा बनाई गई है कि गोडसे एक आतिवादी या मानसिक रूप से असंतुलित हिंदू चरमपंथी था। हालाँकि, जब आप उनका बयान पढ़ते हैं, तो आपको पता चलता है कि वे पुणे के एक स्वतंत्रता सेनानी और सामाजिक कार्यकर्ता थे और उन्होंने एक समाचार पत्र अग्रनी का संपादन किया।

1964 में, सरकार ने गांधीजी की हत्या के कारणों की जांच करने के लिए सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश जस्टिस जेएल कपूर के अधिकार क्षेत्र में एक सदस्यीय आयोग की स्थापना की। न्यायमूर्ति जेएल कपूर ने 1970 में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की और फिल्म की शुरुआत में 10 मिनट की टिप्पणी उस रिपोर्ट के अध्याय 12 से चयनित अंशों का पुनरुत्पादन है। फिल्म के शेष 35 मिनट, संपादित संस्करण, गोडसे द्वारा अदालत में प्रस्तुत कानूनी बयान है। फिल्म में बोला गया हर शब्द इस कानूनी दस्तावेज से लिए गए शब्दों का अनुवाद है। नाथूराम गोडसे को फांसी दिए जाने के बाद से फिल्म जो खुलासा करती है, उसे व्यवस्थित रूप से दबा दिया गया है और यह 20 वीं शताब्दी के भारत के इतिहास को देखने के लिए एक मौलिक वैकल्पिक परिप्रेक्ष्य देता है।

# पेसमेकर के साथ पीसमेकर

एक मजबूत सौंदर्य कार्यकर्ता और मानसिक स्वास्थ्य अधिवक्ता, श्री सैनी अदम्य भावना रखने वाली एक जुझारू सेनानी हैं, उन्होंने अपने जीवन में समस्त अप्रत्याशित परिस्थितियों से लड़ाई लड़ी, और कम समय में लाखों लोगों का दिल जीता और अमेरिका की प्रिय शख्सियत बन गईं। पंजाब में जन्मी और वाशिंगटन में पली-बढ़ी सैनी को प्रतिष्ठित वैश्विक मंच पर देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए लॉस एंजिल्स में मिस वर्ल्ड अमेरिका मुख्यालय में मिस वर्ल्ड अमेरिका 2021 का ताज पहनाया गया।

वह सौंदर्य प्रतियोगिता में तीन महत्वपूर्ण पुरस्कारों की विजेता हैं- मिस होप हार्ट वाशिंगटन, मिस इंडिया यूएसए और मिस इंडिया वर्ल्डवाइड।

वर्तमान मिस वर्ल्ड अमेरिका के रूप में, वह मिस वर्ल्ड की तैयारी कर रही हैं और क्राई, यूनिसेफ और अपने स्वयं के श्री सैनी फाउंडेशन, जो एक गैर-लाभकारी संगठन है, के साथ सामाजिक कार्यों के लिए अपना समय दे रही हैं।

सैनी कहती हैं, "मेरे दिल की सर्जरी और दुर्घटना के बाद बिस्तर पर पड़े रहने के कारण बहुत अधिक भावनात्मक आघात हुआ। मैं समझ गयी थी कि भावनात्मक स्वास्थ्य शारीरिक स्वास्थ्य से भी अधिक महत्वपूर्ण है। मैंने किताबें पढ़ीं और मेरे माता-पिता ने मुझे दूसरों को प्रेरित करने के लिए अपनी जीवन कहानी साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया।"

यह सच है कि यह आप ही हैं जो एक सुखी या दुखी जीवन जीने का निर्णय लेते हैं और आपके आस-पास के लोग इसे बेहतर या बदतर बनाते हैं। सैनी का कहना है कि हालांकि वह एक छोटे से शहर में पली-बढ़ी हैं, लेकिन उनके साथ के लोग बहुत प्रेरणादायी और प्यार करने वाले थे।

छोटे शहरों में लोगों के बड़े सपने होते हैं लेकिन यह उनके लिए आसान नहीं होता, विपत्तियां हावी हो जाती हैं। यह महत्वपूर्ण है कि आप पहुंच बनाएं और मदद लें, गुरुओं और परामर्श की तलाश करें। सैनी कहती हैं, "मैंने अपने घर और मन में दुख झेला, मदद मांगी, सलाह ली, सलाहकारों की तलाश की, हमारे पास बहुत सारे संसाधन हैं, अपने पादरी से बात करें, पाठ्येतर गतिविधियों के लिए आवेदन करें, प्रेरक वीडियो खोजें और ऑडियो बुक्स सुनें, डर का सामना करने के लिए खुद को चुनौती दें और डर का सामना करते हुए आगे बढ़ें, जब आप उन चीजों को करते हैं जिनसे आप सबसे ज्यादा डरते हैं, तो डर का आप पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है, आपने डर पर विजय प्राप्त कर ली होती है।"

सैनी की विपत्तियों ने उन्हें व्यापक दृष्टिकोण रखने में मदद की। वह कहती हैं, "मैं अब अपनी चुनौतियों से विचलित नहीं होती, मैं समाधान ढूंढती हूं। मैं अपने आप से पूछती हूं, इस समस्या के शीर्ष पांच समाधान क्या हैं, क्या मैं उन्हें लागू करने या अनिर्णय में फंसने का साहस करूंगा? मैं खुद को निर्णायक बनने और एक झटके से जल्दी उबरने की चुनौती देती हूं।"

बड़ी होती, सैनी का पसंदीदा काम अपनी मां और भाई के साथ पुस्तकालय जाना था। उसने मोस्ट बुक्स रीड अवार्ड और सिल्वरवुड टिकट भी हथिया लिया। वह कहती हैं, " मेरे पास बहुत सारे ट्रीट कार्ड या मुफ्त शर्ट थे क्योंकि मैंने बहुत सारी किताबें पढ़ीं। मेरी मां मुझे और मेरे भाई को लगभग हर दिन पुस्तकालय ले जाती थीं और हमें किताबें पढ़ने और उनके साथ चर्चा करने के लिए कुछ भत्ता देती थीं। हमारे होम लाइब्रेरी में अब 1000 से अधिक किताबें हैं।"

मिस वर्ल्ड दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे पुरानी सौंदर्य प्रतियोगिता है, जिसका 70वां साल दिसंबर, 2021 में पूरा हो रहा है।

यह एक चैरिटी-आधारित प्रतियोगिता है जिसमें 125 से अधिक देश प्रतिस्पर्धा करते हैं। सैनी बताती हैं, " मैं दुनिया भर के प्रतियोगियों द्वारा किए गए काम से रोमांचित थी। मैं छह साल की उम्र से मिस वर्ल्ड का हिस्सा बनना चाहती था, मेरे पास छह साल की उम्र से मिस वर्ल्ड के रूप में मेरी तस्वीर है।" मिस वर्ल्ड अमेरिका का ताज पहनाया जाना सैनी को समाज की मदद करने से नहीं रोक पाया। इस संबंध में उनका पसंदीदा हिस्सा यह है कि यह उन्हें गैर-लाभकारी प्रमुखों से मिलने और उनके साथ काम करने, उनकी सेवा करने और सोशल मीडिया पर उनकी परियोजनाओं के बारे में बात करने में मदद करता है। "प्रत्येक गैर-लाभकारी संस्था का एक महान लक्ष्य होता है, सभी कार्य महत्वपूर्ण होते हैं। मैं विशेष रूप से अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन (एएचए) की आभारी हूं, मैं चिकित्सा पेशेवरों द्वारा किए गए आविष्कारों के कारण जीवित हूं। मुझे अहा की सेवा करना अच्छा लगता है, मेरा पेसमेकर एक हालिया आविष्कार है, मैं भाग्यशाली हूं कि मैं अहा की सेवा कर रही हूं।" सैनी कहती हैं।




**श्रीसैनी, जो एक अदम्य भावना रखने वाली जुझारू सेनानी हैं, सुप्रिया रमेश के साथ बातचीत में बता रही हैं कि वह एक सौंदर्य कार्यकर्ता और मानसिक स्वास्थ्य की प्रबल हिमायती हैं**

सैनी के लिए, अपने और दूसरों के साथ शांति से रहना ही सफलता है। वह कहती हैं कि जीवन में हम कई प्रकार की चुनौतियों का सामना करेंगे, हमारे भावनात्मक प्रबंधन, हमारी बौद्धिक प्रतिक्रियाएं, हमारी भावनात्मक भलाई, हमारे व्यवहारिक विकल्प और अराजकता पर शांत होने की हमारी क्षमता सफलता है।

"हम किसी भी तनावपूर्ण स्थिति के जवाब में तनाव पैदा नहीं कर सकते हैं, हमें शांतचित्त बने रहने और खुद से पूछने की जरूरत है कि क्या यह मेरे मन की शांति के लायक है। मैं एक पेसमेकर के साथ एक शांतिदूत हूं।" सैनी कहती हैं।

सैनी ने महामारी में जो एक महत्वपूर्ण सबक सीखा, वो यह है कि जब लोग एक साथ मिलकर सामाजिक दूरी को सामाजिक अलगाव समझने की गलती करते हैं तो इंसान अच्छा करता है। " हमें दूरी रखने के लिए कहा गया था, लेकिन हमें दूर होने के लिए नहीं कहा गया था, स्वास्थ्य दिशानिर्देशों को बनाए रखते हुए, हम अभी भी बाहर पार्कों में मिल सकते हैं और एक-दूसरे को खुशी और समर्थन ला सकते हैं।" सैनी बताती हैं।